ग्रुप केन्द्र नई दिल्ली के कांस्टेबल सम्पूर्ण सिंह शारीरिक अक्षमता के कारण जुलाई, 1984 को सेवा निवृत्त कर दिए गए थे। सम्पूर्ण सिंह वर्तमान समय में पंजाब के बटाला जिले में रह रहे हैं। अपनी शारीरिक अक्षमता के कारण कांस्टेबल सम्पूर्ण सिंह ने महानिदेशालय से अनुरोध किया कि उसे एक तिपहिया मोटर साइकिल, केंद्रीय कल्याण निधि से दिलाई जाए। उन के इस अनुरोध पर महानिदेशालय से 10,000 रुपए स्वीकृत करके बटाला स्थित 12 बटालियन के कमांडेंट को उन्हें तिपहिया मोटर साइकिल उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई। 12 बटालियन के कमांडेंट द्वारा एक तिपहिया मोपेड खरीदकर 17 जनवरी, 1989 को भूतपूर्व कांस्टेबल सम्पूर्ण सिंह को सौंप दी गई।



सम्पूर्ण सिंह अपने तिपहिया स्कूटर पर

मृत कांस्टेबल की विधवा को अनुदान

4 अक्तूबर, 1988 को बंगलौर में हुए एक सादे समारोह के बीच बल के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री जोगिंदर सिंह ने मृत हैड कांस्टेबल ए. जी. पाथेर की पत्नी को एक लाख का चैक भेंट किया।

कर्त्तव्य पर मृत 44 बटालियन के है० कांस्टेबल पाथेर की पत्नी को यह राशि पंजाब सरकार द्वारा अनुदान स्वरूप भेंट की गई ।

8 जून, 1988 को अमृतसर जिले के थोड़े गांव में बल को एक पोस्ट पर आतंकवादियों ने राकेटों तथा राइफलों से हमला कर दिया । बल की पार्टी का नेतृत्व है० कां० ए. जी. पाथेर कर रहा था, वह आतंकवादियों द्वारा चलाई गई गोलियों से गंभीर रूप से घायल हो गया, लेकिन फिर भी दृढ़ता से आतंकवादियों का सामना करता रहा, और अपने साथियों को आतंकवादियों का सामना करने के लिए निर्देश देता रहा । उसने अपनी अंतिम सांस तक आतंकवादियों का सामना किया। उसकी वीरता, साहस तथा समर्पण की सभी क्षेत्रों में भरपूर प्रशंसा की गई।



श्री जोगिंदर सिंह मृत है० कांस्टेबल ए० जी० पाथेर की विधवा को एक लाख का चैक भेंट करते हुए।

दो आतंकवादी गिरफ्तार

8 दिसंबर, 1988 को सूचना प्राप्त होने पर 29 बटालियन के कमांडैंट ने अपने दल के साथ तरनतारन जिले के देहाती इलाके में छानबीन शुरू की। 8 व 9 दिसंबर को मारे गए छापों व तलाशी के दौरान पार्टी ने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। उनसे की गई पूछताछ के बाद 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' के परमजीत सिंह उर्फ पम्मा व परदीप सिंह बिटू नाम के दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके साथ ही एक .315 राइफल, दो 12 बोर की पिस्तौल, दो .30 पिस्तौल तथा उनके राउंड भी बरामद किए।

बल की दो जवान राष्ट्रीय कैम्प में


इंदौर में हुई 11वीं राष्ट्रीय जूडो चैम्पियनशिप में बल की कांस्टेबल बशीरा बेगम तथा लां० नायक मीमा देवी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इन दोनों ने ही अपनी अपनी श्रेणी के कांस्य पदक प्राप्त किए।

कांस्टेबल कृष्णा कुमारी, नायक कमलजीत कौर तथा मेमा देवी को बंगलौर में होने वाले राष्ट्रीय कैम्प के सलेक्शन ट्रायल के लिए आमंत्रित किया गया है।

रक्तदान दें

दिल्ली स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की सभी यूनिटों को किसी आपात स्थिति में रक्त 'ब्लड बैंक' द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। हमेशा जरूरत पड़ने पर ब्लड बैंक ने बल के कार्मिकों को तत्काल रक्त उपलब्ध कराया है। ब्लड बैंक की ये सेवाएं इसलिए भी हमें निस्संकोच प्राप्त होती रही हैं, क्योंकि विगत में बल के कार्मिकों ने भारी संख्या में रक्तदान किया है। यह परम्परा अभी भी बनी हुई है। इसी परम्परा के तहत 10 अप्रैल, 1989 को बल के आर० के० पुरम, नई दिल्ली स्थिति अस्पताल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, दिल्ली स्थित बल के कार्मिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर रक्तदान देंगे।

16वीं बटालियन का 25वां स्थापना दिवस



श्री शमिंदर सिंह से बास्केटबाल प्रतियोगिता की शील्ड ग्रहण करते हुए कमांडेंट स्वर्ण सिंह

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 16वीं बटालियन ने 1 दिसंबर, 1988 को अपना 25 वां स्थापना दिवस लुधियाना में धूम-धाम से मनाया। इस समारोह की शुरुआत 29 नवंबर से हुई । एक दिसंबर को समापन समारोह के दिन आकर्षक आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर श्री शमिंदर सिंह बरार भी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि महोदय ने बटालियन द्वारा किये जा रहे आतंकवाद विरोधी कार्यों की सराहना करते हुए गत वर्ष आई भीषण बाढ़ में से बटालियन के जवानों द्वारा 11 व्यक्तियों को बचा लाने के साहसिक कारनामे की भी सराहना की। मुख्य अतिथि ने इस मौके पर बटालियन में कल्याणकारी योजनाओं हेतु 10,000 रुपए का अनुदान भी देने की घोषणा की। इस अवसर पर बास्केटबाल, वालीबाल, बेडमिंटन व रस्सा-कशी की अंतर-कंपनी प्रतियोगिताओं, सैनिक सम्मेलन, बड़ा खाना तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर बटा० के 75 जवानों ने अपनी आंखें और 21 जवानों ने अपने गुर्दे दान करने की भी शपथ ली।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार

पंजाब के तरन-तारन क्षेत्र में 48 बटालियन व पंजाब पुलिस की एक टुकड़ी के साथ

हुइ एक मुठभेड़ में तीन आतंकवादी गिरफ्तार किए गए।

14 फरवरी को रात लगभग 8 बजे 48 बटालियन के जवानों ने पंजाब पुलिस के साथ रसीयाना पुल पर एक घात लगाई। रात लगभग 9 बजे एक स्कूटर पर तीन अनजान व्यक्ति पुलिस दल की ओर आते दिखाई दिए। जब उन्हें रुकने के लिए कहा गया तो वे पुलिस पार्टी पर फायर करते हुए भागने लगे। 30 गज की दूरी पर एक और एम्बुश पार्टी को सूचना मिलने पर उन्होंने आतंकवादियों पर फायर किया। आतंकवादी अपना स्कूटर छोड़कर भाग निकले। पुलिस दल ने उनका पीछा कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। बाद में तीनों आतंकवादियों की शिनाख्त बलविंदर सिंह, बख्तावर सिंह तथा जोगिंदर सिंह के रूप में की गई। गिरफ्तार आतंकवादियों से एक .38 रिवाल्वर, एक .32 देशी पिस्तौल तथा गोली-बारुद बरामद किया गया।

आवड़ी में गैस के चूल्हे

रिक्रूट प्रशिक्षण केंद्र-II, आवड़ी में तीन रिक्रूट मैसों तथा एक स्टाफ मैस में गैस के चूल्हे लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। इन चारों मैसों को इंडियन आयल कारपोरेशन ने क्रमवार 20-20 गैस सिलंडर उपलब्ध कराए हैं। उम्मीद की जाती है कि इस से प्रति माह 5,000 रुपए के ईंधन खर्च की बचत होगी, ईंधन खर्च की इस बचत में मैसों का स्तर सुधारने के लिए खर्च किया जाएगा।

बल की टुकड़ी सर्वश्रेष्ठ


12 बटालियन की एक प्लाटून ने चंडीगढ़ में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लिया। चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा परेड में शामिल सभी टुकड़ियों में से इसे शानदार टुकड़ी घोषित किया गया। इस परेड में चंडीगढ़ पुलिस, पंजाब तथा हरियाणा आर्म्ड पुलिस, फायर ब्रिगेड होम गार्डस तथा एन.सी.सी. की टुकड़ियां शामिल थीं। इस अवसर पर परेड की सलामी चंडीगढ़ प्रशासन के सलाहकार श्री अशोक प्रधान ने ली तथा उन्होंने सर्व श्रेष्ठ टुकड़ी के लिए प्लाटून कमांडर सी. ए. मीरन को ट्राफी भी प्रदान की।

नागपुर में खुला प्रेक्षा ग्रह

ग्रुप केन्द्र नागपुर में एक खुले थियेटर का निर्माण किया गया है।

इस प्रेक्षा ग्रह में 2,000 दर्शकों के बैठने की सुविधा है, इसमें 70 एम. एम. का पर्दा व आधुनिकतम प्रोजेक्टर व ध्वनि सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस में एक मंच भी बनाया गया है, जिस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। बल के भूतपूर्व महानिदेशक श्री आर. एन शिवपुरी की याद में इस आडीटोरियम का नाम शिवपूरी स्टेडियम रखा गया है।

रजि० 47167/87



राजपथ पर सलामी मंच के आगे से गुजरती महिला बटालियन की टुकड़ी।

स सम्पादक : एच०एस० सेठी। सम्पादक : एम०पी० नर्वनियल तथा अनिल गुप्ता। मुद्रक : सी०आर०पी०एफ० प्रेस, झड़ौदा कलाँ, नई दिल्ली-110072
द्रक तथा प्रकाशक : महानिदेशक, के०रि०पु०बल, ब्लाक-1, सी०जी०ओ० काम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 की ओर से एच०एस० सेठी।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की मासिक पत्रिका

सी आर पी एफ समाचार

मूल्य—1.60 रुपए खण्ड—3 अंक—2 31 मार्च 1989 10 चैत्र शक संवत् 1911




सी आर पी एफ समाचार

केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल की मासिक पत्रिका

38वें अखिल भारतीय पुलिस खेल

के० रि० पु० बल का



श्री आर०एस० बल गोला फेंकते हुए : हैमर थ्रो में अपना ही रिकार्ड तोड़ दिया।

नई दिल्ली में हुई 38वीं आखेल भारतीय पुलिस खेल प्रतियोगितामों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के खिलाड़ियों का बोलबाला रहा। लगातार 12वें साल भी के०रि०पु० बल के पास ही एथलेटिक्स की चैम्पियनशिप ट्राफी बनी रही। 5 से 12 फरवरी तक हुए इन खेलों में छः नए रिकार्ड स्थापित किए गए। इन खेलों में 20 राज्यों के पुलिस संगठनों तथा केंद्रीय पुलिस संगठनों ने भाग लिया। इन खेलों में कई नए रिकार्ड बनाए गए। इन खेलों का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री श्री बूटा सिंह ने किया।

दौड़-कूद प्रतियोगिताओं में इस बार सात नए रिकार्ड बनाए गए। लगातार 12वें साल भी एथलेटिक चैम्पियनशिप ट्राफी के०रि०पु० बल के पास बनी रही। के०रि०पु० बल टीम ने कुल 181.5 अंक बनाकर यह ट्राफी जीती। जब कि केरल 5.5 अंक कम प्राप्त करने के कारण द्वितीय स्थान पर रहा। सीमा सुरक्षा बल 161.5 अंकों के साथ तृतीय रहा।

के०रि०पु० बल के उपाधीक्षक रघुबीर सिंह बल ने एक नया रिकार्ड बनाया। उन्होंने हैमर थ्रो में अपने ही 11 वर्ष पुराने रिकार्ड को तोड़ डाला। उन्होंने अपने पहले रिकार्ड 64.20 मीटर की अपेक्षा गोला 64.36 मीटर दूर तक फेंका।

दौड़ कूद प्रतियोगिताओं के सम्पूर्ण परिणाम इस प्रकार रहे-

100 मी० दौड़ : (1) राय पी० जौसफ, केरल, 10.9 सैकंड, (2) आर० डी० मुचैरी, सीमा सुरक्षा बल 11.0 सैकंड, (3) राम भूल, पंजाब, 11.1 सैकंड।

200 मीटर : (1) राय पी० जोसफ, केरल 22.0 सैकंड, (2) दलजीत सिंह, के०रि०पु० बल 22.1 सैकंड, (3) राम भूल, पंजाब, 22.2 सैकंड।

400 मीटर : (1) सी० एस० मुरलीधरन, केरल, 48.5 सैकन्ड; (2) पी० वी० राजू, केरल 48.6 सैकंड (3) इश्वेन्द्र सिंह, दिल्ली, 49.3 सैकंड।

800 मीटर : (1) बुधवा धरन, बिहार, 1:51.7 सैकंड, (2) चांदबीर सिंह, के०रि०पु० बल, 1:53.6 सैकंड, (3) मोहम्मद अजर, के०रि०पु० बल 1:54.7 सैकंड।

वर्चस्व बना रहा

1500 मीटर : (1) करतार सिंह, के० रि० पु० बल 3:53.1 सैकंड (2) भुपेंद्र सिंह, सीमा सुरक्षा बल 3:55.0 सैकंड (3) गुरमुख सिंह, के०रि०पु० बल 3:56.0 सेकन्ड।

110 मीटर हरडल : (1) तरनजीत सिंह, के. रि. पु. बल 14.9 सैकंड, (2) शीतल बक्श सिंह, बिहार, 15.0 सैकंड, (3) कौशलपाल सिंह, उत्तर प्रदेश 15.2 सैकन्ड।

400 मीटर हरडल : (1) पी०वी० राजू, केरल 53.4 सैकंड, (2) पी० डी० दिनेशन, के० औ० सुरक्षा बल 53.6 सैकंड, (3) दलजीत सिंह, के०रि०पु० बल 54.2 सैकंड।

3000 मीटर स्टीपल चेस (1) शमसुद्दीन, के०रि०पु० बल 8:57.4 सैकन्ड (2) श्रवण

दास, सी. सु. बल 9:1.0 सैकंड, (3) इश्वर सिंह, सी० सु० बल 9:3.4 सैकंड।

5,000 मीटर दौड़ : (1) तारासिंह, पंजाब, 14:30.6 सेकंड, (2) अशोक कुमार, सीमा सुरक्षा बल, 14:34.6 सैकंड, (3) विद्याधर, सीमा सुरक्षा बल, 14:37.8 सैकंड।

10,000 मीटर दौड़ : (1) तारासिंह, पंजाब, 30:16.00 सैकंड, (2) विद्याधर, सीमा सुरक्षा बल, 30:22.00 सैकंड, (3) अशोक कुमार, सी० सु० बल, 30:28.3 सैकंड।

पोल वाल्ट टी : (1) एम० राजन, केरल, 4.35 मीटर (2) गोपा कुमार केरल, 4.15 मीटर, (3) राजबीर, सी० सु०बल, 4.05 मीटर।

हाई जम्प : (1) पी० अजय कुमार, केरल, 1.95 मीटर, (2) ए० शशी कुमार, केरल, 1.90 मीटर, (3) विश्वास इक्का, बिहार 1.85 मीटर।

लांग जम्प : (1) पी०वी० विल्सन, केरल, 7.66 मीटर (2) के० एफ० जोब, केरल, 7.34 मीटर, (3) शशीधरन नायर, सी०सु०बल 7.15 मीटर।



स्टेडियम आगमन पर प्रधानमन्त्री का बल के महानिदेशक श्री हलर्नकर से परिचय।



बल की विजेता टीम ने उल्लास में अपर महानिदेशक श्री भिंडर को ऊपर उठा लिया।

ट्रिपल जम्प : (1) केश्वर साहू, बिहार, 15.43 मीटर, (2) अनिल कुमार, केरल, 15.10 मीटर, (3) दलबीर सिंह, पंजाब, 14.87 मीटर।

शाट पुट : (1) अवतार सिंह, सी०सु० बल, 17.15 मीटर, (2) गुरमीत सिंह, सी० सु० बल, 17.12 मीटर, (3) शक्ति सिंह, के०औ०सु०बल, 16.54 मीटर।

डिस्कस थ्रो : (1) शक्ति सिंह, के०औ०सु०बल 54.62 मीटर, (2) मनजीत सिंह, सी० सु० बल, 54.56 मीटर, (3) कुलदीप सिंह, सी० सु० बल, 52.60 मीटर।



प्रधानमंत्री से चैम्पियनशिप ट्राफी लेते हुए बल के कोच श्री चोमा।



बल की विजेता टीम महानिदेशक श्री पी. जी. हलर्नकर तथा अपर महानिदेशक श्री पी. एस. भिंडर के साथ।
(सभी चित्र डी० एन० तिवारी)

हैमर थ्रो : (1) आर० एस० बल, के०रि०पु०बल, 64.37 मीटर (नया रिकार्ड), (2) ओम प्रकाश, के०रि०पु०बल, 59.70 मीटर, (3) प्यारेलाल, हरियाणा, 58.92 मीटर।

जेवलिन थ्रो : (1) देवेन्द्र सिंह, सी०सु०बल, 63.00 मीटर, (2) रामा शंकर, के०रि०पु० बल, 62.94 मीटर, (3) जयबीर सिंह, के०ओ०सु० बल, 62.22 मीटर।

4x400 मीटर रिले : (1) केरल, 3:14.0 सैकंड (नया रिकार्ड), (2) के०रि०पु० बल, 3:17.9 सैकंड, (3) उत्तर प्रदेश, 3:19.9 सैकंड।

4X100 मीटर रिले : (1) केरल, 42.0 सैकंड, (2) सी०सु० बल, 42.3 सैकंड, (3) के०रि०पु० बल, 42.7 सैकंड।

डिकेथलोन : (1) शियोधनन, के०रि०पु० बल, 6478 अंक, (2) भरपूर सिंह, दिल्ली, 6061 अंक, (3) नासिर हुसैन, के०रि०पु० बल, 6034 अंक।

मैराथन दौड़ : (1) अवतार सिंह, सी०सु० बल, 2 घंटे 25 मिनट 35 सैकंड, (2) जीत राम, के०रि०पु० बल, 2 घंटे 25 मिनट 36 सैकंड, (3) तारा सिंह पंजाब, 2 घंटे 28 मिनट 32 सैकंड।

टीम चैम्पियनशिप 181.5 अंक प्राप्त कर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने अपने पास

हो रखी, जबकि 176 अंक प्राप्त करने पर द्वितीय स्थान केरल को मिला। सीमा सुरक्षा बल 161.5 अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहा। पंजाब के तारासिंह को सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया।

महिलाओं की दौड़कूद प्रतियोगिताओं के कुल परिणाम इस प्रकार रहे-

100 मी० दौड़ : (1) दीपाली नायक, बिहार, 13.1 सैकंड, (2) विद्या कुमारी, बिहार, 13.4 सैकंड, (3) माधुरी भागवत, मध्यप्रदेश, 13.5 सैकंड।

400 मीटर दौड़ : (1) इमेल्डा इक्का, बिहार, 1:2.7 सैकंड, (2) शीला टोपो, बिहार, 1:3.7 सैकंड, (3) शीली जोसफ, मध्य प्रदेश, 1:4.8 सैकंड।

100 मीटर हरडल : (1) सरोजनी लकरा, बिहार, 16.7 सैकंड (नया रिकार्ड), (2) वी० डी० मिनी, के०ओ०सु० बल, 17.0 सैकंड, (3) बलजीत कौर, पंजाब 17.08 सैकंड।

लांग जम्प : (1) शिशली पीटर, के०औ०सु० बल 5.18 मीटर, (2) वी०डी० मिनी, के०ओ०सु० बल, 5.07 मीटर, (3) शैली एम०एस०, के.रि.पु. बल 5.06 मीटर।

हाई जम्प : (1) माया नायक, बिहार, 1.50 मीटर, (2) एम० पद्मा, बिहार, 1.45 मीटर, (3) गीता पाल, के०रि०पु० बल, 1.35 मीटर।

शाट पुट : (1) मंजुलता, दिल्ली, 12.38 मीटर (नया रिकार्ड), (2) सत्यबाला, चंडीगढ़, 10.72 मीटर, (3) शैरले फिलिप, के०रि०पु० बल, 10.39 मीटर।

4X100 मीटर रिले : (1) बिहार, 51.2 सैकंड (नया रिकार्ड), (2) के०रि०पु० बल, 52.2 सैकन्ड, (3) मध्य प्रदेश, 53.2 सैकंड।

4x400 मीटर रिले : (1) बिहार, 4:19.7 सैकंड, (2) के०रि०पु० बल, 4:22.2 सैकंड, (3) मध्य प्रदेश, 4:23.2 सैकंड।

टीम चैम्पियनशिप में बिहार की लड़कियां 128 अंक प्राप्त कर प्रथम रहीं। के०रि०पु० बल की लड़कियों ने 61.6 अंक प्राप्त किए और वे दूसरे स्थान पर रहीं। के०औ०सु० बल की लड़कियों को 42 अंक प्राप्त करने पर तीसरा स्थान मिला। सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट के०औ०सु० बल की वी०डी० मिनी घोषित की गई। उन्होंने 16 अंक प्राप्त किए।

इन खेलों की प्रारम्भिक प्रतियोगिताओं में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने मेजबान टीम केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को बास्केटबाल प्रतियोगिता में 80-50 से हरा कर बास्केटबाल चैम्पियनशिप पर अधिकार जमा लिया। इस प्रतियोगिता में के०रि०पु० बल के खिलाड़ी जसमिंदर सिंह का प्रदर्शन उच्चकोटि का रहा। उन्होंने बल की जीत में 31 अंकों का योगदान दिया। उनके साथ सरबजीत सिंह तथा साबू सिरीयक ने क्रमशः 11 व 10 अंकों का योगदान दे कर बल की जीत को पुख्ता किया। डौली गिल ने 5 तथा एन०बी०सी० कुरूप व जसमिंदर (जूनियर) ने दो-दो अंक बनाए।

इस प्रतियोगिता के दौरान बल के महानिदेशक श्री प०ग० हलर्नकर पूरे समय

मौजूद रहे। जसमेंदर सिंह के उच्च कोटे के प्रदर्शन को देखते हुए, उन्होंने प्रतियोगिता के तुरन्त बाद जसमिंदर सिंह को एक रैंक की पदोन्नति देकर इंस्पेक्टर बना दिया।

इससे पहले के०रि०पु० बल की टीम केरल पुलिस को 81-60 से हरा कर फाइनल में आई थी, जबकि के०औ० सुरक्षा संगठन पंजाब पुलिस को 77-75 से हराकर फाइनल में आया था।

के० रि० पु० बल के जिम्नास्टों ने 527-20 अंक प्राप्त करके जिम्नास्टिक टीम टाइटल हासिल कर लिया, जब कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस (507.85) द्वितीय तथा सीमा सुरक्षा बल (507.70) तृतीय रहे। के०रि०पु० बल के हैड कांस्टेबल विजय कुमार पूरी प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ जिमनास्ट रहे। उन्होंने कुल 96.90 अंक प्राप्त किए। बल के अब्दुल हुसैन ने पैरेलल बार में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

कुश्ती प्रतियोगिताओं में चैम्पियनशिप सीमा सुरक्षा बल के हाथों में रही। उसने कुल 59 अंक प्राप्त किए।

17 अंकों के साथ बल की टीम ने जूडो चैम्पियनशिप भी जीत ली। इस प्रतियोगिता में सीमा सुरक्षा बल (13) तथा के०ओ० सुरक्षा बल (11) क्रमशः द्वितीय व तृतीय रहे।

बल के लिए 76 कि० ग्रा० से कम श्रेणी में राधेश्याम ने, 60 किग्रा० से कम श्रेणी में मोहिंदर सिंह ने, 55 किग्रा० से कम श्रेणी में राम सिंह ने, तथा खुली प्रतियोगिता में राम निवास ने स्वर्ण पदक जीते।

हाकी प्रतियोगिता में पंजाब ने सी०सु० बल को एक गोल से हराकर स्वर्ण पदक पाया। के० रि० पु० बल की टीम तीसरे स्थान पर रही। उसने के० ओ० सु० बल को दो गोलों से हरा कर यह स्थान प्राप्त किया।

कबड्डी प्रतियोगिताओं में भी पंजाब पुलिस 52 अंक प्राप्त कर प्रथम रही, जब कि सी० सु० बल 23 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहा। बल को इस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

वालीबाल प्रतियोगिता में केरल, सी० सु० बल व पंजाब क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। केरल ने लगातार पाँचवें साल यह ट्राफी जीती।

38वें अखिल भारतीय पुलिस खेलों के अंतिम दिन प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी स्वयं जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में उपस्थित थे। प्रधान मंत्री ने विजेताओं को पुरुस्कार भी वितरित किए। उड़ीसा पुलिस की ट्रकड़ी को सर्वश्रेष्ठ अनुशासित टुकड़ी की ट्राफी प्रदान की गई।

मोतियाबिंद का सफल आप्रेशन

44 बटालियन के कांस्टेबल परमेश्वर प्रसाद की माता माहो देवी की दाहिनी आंख में

मोतियाबिंद था। इस मोतियाबिंद को निकालने के लिए गुवाहाटी स्थित बल के बेस अस्पताल-3 में इनकी आंख का आप्रेशन किया गया। यह आप्रेशन डा० एस. के. परिमल तथा डा० एस. आर. दास ने किया। इस आप्रेशन के दौरान इंट्रा आकुलर लैंस इम्प्लान्टेशन सफलता पूर्वक किया गया। इस तरह का लैंस इम्प्लान्टेशन बल के इतिहास में तथा उत्तर पूर्वी क्षेत्र में पहली बार किया गया। प्रायः मोतियाबिंद के आप्रेशन के बाद मरीजों को मोटे शीशे वाले चश्मों का प्रयोग करना पड़ता है तथा वे केवल बीच से ही देख सकते हैं। लेकिन इस आधुनिकतम सर्जरी की सहायता से रोगी को चश्मा लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। श्रीमती माहोदेवी की दृष्टि भी अब पूरी तरह ठीक है तथा वर्तमान समय में उनकी दूर दृष्टि 6/12 है। इसके लिए उन्हें चश्मा या कानटैक्ट लैंस नहीं लगाना पड़ता।

उत्तम विचार

लोगों का गुणावगुण ही देखते रहेंगे आप तो उनसे स्नेह करने का समय ही नहीं रह जायेगा।

—मदर टेरेसा

सफलता वह सीढ़ी है, जिस पर आप जेब में हाथ डालकर नहीं चढ़ सकते।

—अमरीकी कहावत

आप अपने लिये जिसे नापसंद करते हैं उसे मेरे लिये भी पसंद मत करो।

—स्पेनिश कहावत

प्रथम आवरण—अरुणाचल प्रदेश में हाथियों पर सवार हो नदी पार करती बल की एक टुकड़ी।


छाया—एच०एस० सेठी।

पृष्ठ आवरण—बल के 49वें वार्षिकोत्सव पर ग्रुप केन्द्र नई दिल्ली में बल के जवानों की आकर्षक परेड।

छाया—सतीश खन्ना

विश्व पुलिस खेल

खजान को रजत पदक



विश्व पुलिस खेलों में अपनी उपलब्धियों को जानकारी महानिदेशक महोदय को देते हुए सर्व श्री खजान सिंह तेजिंदर सिंह ढिल्लन और मोहिंदर सिंह

2 से 11 मार्च, तक टेंटो, इटली में हुए विश्व पुलिस खेलों में पाठ-सदस्यीय भारतीय पुलिस दल ने भी भाग लिया। इस दल में तीन खिलाड़ी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के थे। बल के अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के तैराक खजान सिंह ने तैराकी प्रतियोगिताओं में, निशानेबाज तेजिन्दर सिंह ढिल्लन ने निशानेबाजी की प्रतियोगिताओं में तथा जूडो का मोहिंदर सिंह ने जूडो प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

बल के उपाधीक्षक खजान सिंह ने 100 मीटर बटरफ्लाई में कुल 58.7 सैकंड का समय लेकर रजत पदक जीत लिया। स्वर्ण पदक पोलैंड के एक पुलिस कर्मी के हाथ रहा, जिसने कुल 58.5 सैकंड के समय में दूरी तय की।

निशानेबाजी की प्रतियोगिताओं में बल के तेजिंदर सिंह ढिल्लन ने सीमा सुरक्षा बल के मुराद खान के साथ टीम प्रतियोगिताओं में चौथा स्थान हासिल किया।

आठ सदस्यीय भारतीय पुलिस दल ने कुल पदकों की दृष्टि से आठवाँ स्थान हासिल किया। 10 दिन की इस प्रतियोगिता में 50 देशों की पुलिस टीमों ने भाग लिया।

बल के पांच जवान शहीद

मणिपुर के बिशनपुर जिले में मोइरंग क्षेत्र के पास विद्रोहियों द्वारा बल की पहली बटालियन के एक सैक्शन पर किए गए हमले में बल के पांच जवान मारे गए और तीन बुरी तरह जख्मी हो गए।

13 फरवरी, 1989 को पहली बटालियन की 'बी' कम्पनी का यह सैक्शन जब एक बैंक में ड्यूटी कर मोईरंग स्थित अपनी आऊट पोस्ट को लौट रहा था तो एक ट्रक व जीप पर सवार विद्रोहियों द्वारा उस पर आक्रमण किया गया। यहाँ यह ज्ञातव्य है कि

बैंक व आऊट पोस्ट के बीच की दूरी लगभग डेढ़ किलोमीटर है तथा यह टुकड़ी रोजाना इस दूरी को पैदल ही तय करती थी।

आक्रमण के समय यह टुकड़ी फाइल फारमेशन में चल रही थी। जब यह टुकड़ी सड़क के ऐसे मोड़ पर पहुंची जहाँ सड़क के दोनों ओर तो पानी के गड्ढे थे तथा एक ओर ऊँचे-ऊँचे तार भी लगे थे, तो भारी संख्या में विद्रोहियों ने उन पर आक्रमण कर दिया। विद्रोही आधुनिक शस्त्रों से लैस थे। बल की टुकड़ी तत्काल जमीन पर फैल गई और आक्रमणकारियों का सामना करने का प्रयत्न करने लगी। हालांकि बल के जवानों के पास कोई भी आड़ नहीं थी और विद्रोही एक ऊँचे स्थान से आक्रमण कर रहे थे फिर भी बल के जवानों ने साहस के साथ उन का मुकाबला किया। अपने इस प्रयत्न में बल के पाँच बहादुर जवानों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा व कुछ जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके का फायदा उठा कर विद्रोहियों ने जवानों की एक एल० एम० जी० तथा चार एस० एल० आर० और कुछ कारतूस उठाये और भाग खड़े हुए।

इस पूरी मुठभेड़ में कांस्टेबल देवेन्द्र सिंह की बहादुरी अनुकरणीय रही, जो अपना होश गंवाने तक लगातार फायर करता रहा।

इस मुठभेड़ में लां० नायक पंचदेव सिंह, राम प्रवेश सिह और कांस्टेबल एन०जे० सपते, माखन लाल व केशव देव को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा, जबकि हैड कॉंस्टेबल गुमान सिंह, कांस्टेबल महाबीर व देवेन्द्र सिंह गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों का अस्पताल में उपचार किया गया। अब सभी खतरे से बाहर हैं। दुर्भाग्यवश कॉंस्टेबल महाबीर सिह का दायाँ व कॉंस्टेबल देवेन्द्र सिंह का बायां हाथ काटना पड़ गया। मगर बल के महानिदेशक श्री प० ग० हलर्नकर की ओर से उन्हें आश्वासन दिया गया है कि शारीरिक अक्षमता के कारण उन्हें नौकरी से मुअत्तल नहीं किया जायेगा।

मृत जवानों के अन्तिम संस्कार के समय मणिपुर के गृह मंत्री व अन्य कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। गृह मंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिवार को राज्य सरकार की तरफ से 20-20 हजार रुपये देने की घोषणा की।

ड्राइवरों के लिये पुरुस्कार

दुर्घटना रहित गाड़ी चलाने वाले चालकों को दी जाने वाली पुरुस्कार राशी को 300 रु० से बढ़ा कर 500 रु० कर दिया गया है। लेकिन इससे संबंधित अन्य प्रावधानों में कोई परिवर्तन नहीं है।


जोखिम निधि लाभ

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की जोखिम निधि से माह फरवरी, 1989 में मृत्यु के 22 मामलों में 7 लाख, 34 हजार रुपए देने स्वीकृत किए गए।

इसी प्रकार अक्षमता के 12 मामलों में एक लाख, 80 हजार रुपए देने स्वीकृत किए

गए।

98वीं बटालियन की दीक्षांत परेड



श्रीमति गियासू देवी को एक लाख का चैक भेंट करते हुए श्री फारुख अब्दुला

ग्रुप केन्द्र बनतलाब में 24 फरवरी, 1989 का बल की नवगठित 98वीं बटा० की दीक्षांत परेड सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जम्मू कश्मीर के मुख्य मंत्री श्री फारुख अब्दुल्ला ने परेड की सलामी ली।

मुख्य मंत्री ने कहा कि कुछ पथ भ्रष्ट लोग पड़ोसी देश में प्रशिक्षण लेने के बाद राज्य में अव्यवस्था फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबन्ध में पुलिस व के० रि० पु० बल को एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। श्री अब्दुल्ला ने लोगों को ऐसे तत्वों से सावधान रहने के लिए कहा, जो कि अपने थोड़े से लाभ के लिए देश को कमजोर करने में लगे हुए हैं।

उन्होंने जम्मू कश्मीर तथा पंजाब में बल द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और आशा व्यक्त की कि इस नई बटालियन के जवान बल की गौरवशाली परम्पराओं को बनाए रखेंगे। श्री अब्दुल्ला ने राज्य सरकार की तरफ से बल की कल्याण निधि में तीन लाख रुपये देने की भी घोषणा की।

इस से पूर्व मुख्यमंत्री ने नवगठित बटालियन की शानदार गारद का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर मुख्य मंत्री ने कांस्टेबल ओमप्रकाश,

कांस्टेबल शन्मुघम तथा कांस्टेबल शबीउद्दीन को क्रमशः आउटडोर, इन्डोर तथा ओवरआल गतिविधियों के लिए कप मेंट किए।

इस अवसर पर बोलते हुए बल के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र के महानिरीक्षक श्री जोगिंदर सिंह ने कहा कि के०रि०पु०बल देश का एक आदर्श बल है, यह देश में विभिन्नता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि बल जम्मू कश्मीर से अधिक से अधिक जवानों को बल में भरती करना चाहता है।

इस मौके पर जम्मू कश्मीर विधान सभा के अध्यक्ष मिर्जा अब्दुल रशीद, परिवहन मंत्री जी. एम. मीर लासजन, वन मंत्री बी. ए. किचलू, मुख्य मंत्री के सुरक्षा सलाहकार ओ०पी० भूटानी, राज्य के पुलिस महानिदेशक जी० एम० पंडित तथा अन्य कई उच्च नागरिक व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

श्री फारुख अब्दुल्ला ने मृत कांस्टेबल जगदीश सिंह की विधवा को एक लाख का चैक भी भेंट किया। कांस्टेबल जगदीश सिंह गत वर्ष 22 सितंबर को पंजाब के अमृतसर जिले में आतंकवादियों के साथ हुई एक मुठभेड़ में मारा गया था। यह राशि पंजाब सरकार द्वारा मृत कांस्टेबल की विधवा श्रीमति गियासू देवी को अनुदान स्वरूप भेंट की गई है।

91वीं बटालियन की दीक्षांत परेड

24 फरवरी, 1989 को येलाहंका, बंगलौर में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 91वीं बटालियन की दीक्षांत परेड सम्पन्न हुई। इस अवसर पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री श्री एस०आर० बोम्मई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

उन्होंने देश में शांति व व्यवस्था बनाए रखने के लिए के० रि० पु० बल के कार्यों की प्रशंसा की।

नवगठित बटालियन की शानदार परेड की सलामी लेने के बाद मुख्यमंत्री ने उपस्थित समुदाय को संबोधित करते हुए बल के जवानों से अपनी परम्पराओं को बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अर्द्धसैनिक बलों को जनता के दिलों से पुलिस की गलत छवि को मिटाना है, ऐसा कर वे अपने बल का नाम उज्जवल करेंगे। उन्होंने कहा कि जब स्थानीय पुलिस किसी स्थिति पर काबू पाने में असफल हो जाती है, तो ऐसी स्थिति में के० रि० पु० बल को याद किया जाता है। ऐसी स्थिति में बल के जवानों को चाहिए कि अपनी शक्ति और क्षमता का प्रयोग हिंसा व अव्यवस्था रोकने में करें। विशेषकर समाज के निचले तबके को विशेष संरक्षण दिया जाना चाहिए । श्री बोम्मई ने कहा कि लोग सोचते हैं कि पुलिस एक आतताई संस्था है, जबकि यह बात गलत है। ऐसे समय में यह बात भुला दी जाती है कि बिना पुलिस के इस सभ्य समाज में भी किसी व्यक्ति की संपत्ति सुरक्षित नहीं है।

इस अवसर पर श्री बोम्मई के अतिरिक्त कर्नाटक के अतिरिक्त मुख्य सचिव,

कर्नाटक पुलिस के महानिदेशक, बल के महानिदेशक श्री प० ग० हलनेकर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

शपथ ग्रहण समारोह के तत्काल बाद आकाश में उड़ते एक हैलीकाप्टर ने नए बने कांस्टेबलों पर पुष्प वर्षा की।

इस अवसर पर श्री बोम्मई ने सर्वश्रेष्ठ कांस्टेबल टी० सी० सुनील को महानिदेशक ट्राफी तथा द्वितीय सर्वश्रेष्ठ कांस्टेबल सुनील सिंह को ट्राफी दी। 91वीं बटालियन के कमांडेंट श्री डी० ए० धननजइया हैं।

तस्करों समेत भारी मात्रा में हैरोइन व सोना जब्त

सूचना प्राप्त होने पर अमृतसर स्थित के०रि०पू० बल की 41 बटालियन, स्थानीय पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने करनपुर क्षेत्र के पास स्थित भारत पाक सीमा पर तस्करों की धर पकड़ के लिए 17 जनवरी, 1989 को जबरदस्त नाकेबंदी की लगभग मध्य रात्रि को 6 व्यक्ति अपने कंधों पर बोरे उठाए पाकिस्तान की ओर से आते दिखाई दिए। एक नाका पार्टी ने उन्हें रुकने के लिए कहा तो वे अपना सामान छोड़ कर भागने लगे। पुलिस दल ने उनका पीछा किया और दो व्यक्तियों कोगिरफ्तार कर लिया। बाकी चार घने खेतों ओर अन्धेरे का फायदा उठाकर भाग निकले।

दोनों व्यक्तियों की तलाशी लेने पर उनसे 25 पैकेट हैरोइन व 250 सोने के बिस्कुट बरामद किए गए। भाग गए चारों व्यक्तियों द्वारा छोड़े गए सामान में से तीन कट्टों में से 15-15 हैरोइन के पैकेट व एक कट्टे में से 13 पैकेट बरामद किए। इस प्रकार मौके पर कुल 250 सोने के बिस्कुट ब 83 पैकेट हैरोइन बरामद की गई।

पकडे गए व्यक्तियों से पूछताछ करने के बाद पकड़े गए व्यक्तियों का इंतजार कर रही एक कार व एक ट्रक को भी कब्जे में कर लिया गया । इन गाड़ियों की तलाशी लेने पर 20 पैकेट हैरोइन और बरामद की गई। इन दोनों गाड़ियों के ड्राइवरों को गिरफ्तार कर लिया गया। तस्करी का सारा सामान इन्हीं दो गाड़ियों के जरिए दिल्ली लाया जाने वाला था।

इस प्रकार इस संयुक्त अभियान में कुल 103 हैरोइन के पैकेट जिनका वजन 1 क्विंटल 3 किग्रा है तथा जिसका अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मूल्य 1 अरब तीन करोड़ रुपये आंका गया है, और 250 सोने के बिस्कुट जिनका वजन 30 किग्रा है और जिनकी कीमत लगभग 1 करोड़ है बरामद किए गए।

अजय शर्मा नए उपनिदेशक (प्रशिक्षण)

भारतीय पुलिस सेवा के उत्तर प्रदेश कैडर (1966 बैच) के श्री अजय राज शर्मा केंद्रीय रिर्जव पुलिस बल में उप-महानिरीक्षक के रूप में प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किए गए हैं।

श्री अजय राज शर्मा ने के०रे०पु० बल मुख्यालय में उपानेदेशक (प्रशिक्षण) के रूप में कार्यभार संभाल लिया है।

श्री शर्मा शौर्यवीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक के बार व उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किए जा चुके हैं।

नागपुर ग्रुप केन्द्र सर्वाधिक हरा भरा क्षेत्र

1972 में महाराष्ट्र सरकार से 252 एकड़ भूमि अधिग्रहित कर नागपुर में के० रि० पु० बल के एक ग्रुप केन्द्र की स्थापना की गई थी। उस समय यह क्षेत्र ऊबड़ खाबड़ तथा बंजर था। लेकिर ग्रुप केन्द्र के निर्माण के साथ ही इसमें लगातार वृक्षारोपण का कार्य होता रहा है। गत वर्ष केन्द्र में आयोजित वन महोत्सव के दौरान 8,000 पौधे लगाए गए थे। ग्रुप केन्द्र में अपनी एक नर्सरी स्थापित की गई है। गत दिसम्बर माह में नागपुर के जिला कलेक्टर तथा अन्य अधिकारियों ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर पर्यावरण के क्षेत्र में सुधार लाने के लिए ग्रुप केन्द्र द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इसी दौरान नागपुर में एक पर्यावरण प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। बाद में इस प्रदर्शनी में ग्रुप केन्द्र नागपुर को सर्वाधिक हरा-भरा क्षेत्र घोषित किया गया।

कथा साहित्य

राजा के वस्त्र

एक अमरीकी लोक कथा पर आधारित

प्रस्तुति—अनिल गुप्त

बहुत बहुत साल पहले की बात है, किसी राज्य में एक राजा राज्य करता था। राजा को नए नए कपड़े बदलने का शौक था। वह अपने खजाने का एक बहुत बड़ा हिस्सा अपने लिए कपड़े सिलवाने पर खर्च कर देता था। न तो उसे अपनी प्रजा की चिन्ता थी, न सैनिकों की, न वह अपने मनोरंजन के लिए नाच गाने देखता था और न ही शिकार पर जाता था। राजा हर घन्टे बाद अपने कपड़े बदल लेता था। राजा के बारे में जब भी, कहीं पर भी पूछा जाता, तो यही जवाब मिलता, राजा तो अपने कमरे में कपड़े बदल रहा है वह अपने दरबार में भी बहुत ही कम जा पाता था।

राज्य की राजधानी की रोजमर्रा की जिन्दगी बहुत चहल पहल भरी थी। रोज दूर दूर शहरों से कई अजनबी राजधानी पाया करते थे। एक दिन दो अजनबी ठगों ने शहर में प्रवेश किया। उन्होंने राजधानी में यह प्रचारित कर दिया कि वे बहुत ही अच्छे व चमत्कारी बुनकर हैं। उनके द्वारा बुने हुए कपड़े न केवल बहुत ही सुन्दर होते हैं अपितु उनके हाथों में ऐसा कौशल है कि उनके बुने कपड़ों को कोई भी व्यक्ति जो अपने पद

के अयोग्य है या बेहद बेवकूफ है नहीं देख सकता।

जब राजा को इन दो चमत्कारी बुनकरों के विषय में पता चला तो उसने मन में सोचा, "ये चमत्कारी कपड़े जरूर ही बेहद खुबसूरत होंगे। इनको पहन कर मैं अपने राज्य के उन तमाम लोगों के बारे में जान जाऊँगा, जो कि अपने पद के लिए अयोग्य हैं, या मूर्ख हैं। मुझे इन कपड़ों के लिए तत्काल आदेश देना चाहिए।"

राजा ने इन दोनों ठगों को बुलाकर उन्हें ढेर सारा पैसा दिया और तत्काल उसके लिए वस्त्र तैयार करने का आदेश दिया। दोनों ठगों ने तत्काल दो बड़े बड़े करघे तैयार किए, और उन पर एक भी धागा चढ़ाए बिना उन्हें यों ही खाली चलाने लगे। दूसरी ओर राजा से उन्होंने कपड़े बुनने के लिए ढेर सारा रेशम का धागा और शुद्ध सोने का तार ले लिया। ये सारा रेशम और सोना दोनों ठगों ने अपने थैलों में भर कर अलग रख लिया और रात भर बैठे खाली करघे चलाते रहे।

राजा ने मन में सोचा कि उसे देखना चाहिए, ये बुनकर किस तरह कपड़ा बुन रहे हैं लेकिन राजा को यह सोचकर थोड़ा डर लगा कि अपने पद के अयोग्य व मूर्ख व्यक्ति उन कपड़ों को नहीं देख सकता । फिर उसने सोचा यह उसके लिए डरने की बात नहीं है, वह पहले किसी और व्यक्ति को उन कपड़ों को देखने को भेजेगा। पूरे शहर के लोग अब तक इन चमत्कारी कपड़ों के विषय में जान गए थे और हर कोई जानना चाहता था कि उसका पड़ोसी कितना मूर्ख है।

राजा ने मन में सोचा, "मैं अपने वफादार, बूढ़े मन्त्री को बुनकरों के पास भेजूंगा । इन चमत्कारी कपड़ों को देखने के लिए यही सबसे सही पात्र होगा। यह मन्त्री एक चतुर व्यक्ति है और यह अपने कर्तव्यों को बिलकुल सही ढंग से अन्जाम देता है, अतः इन वस्त्रों को देखने के लिए इससे बेहतर आदमी कोई दूसरा नहीं होगा।" और इस तरह वह बेचारा भला बूढ़ा मन्त्री उस कमरे में गया जहाँ दोनों ठग खाली करघों को चला रहे थे।

कमरे में घुसते ही मन्त्री ने सोचा, "ईश्वर मुझ पर रहम करे, मुझे कोई कपड़ा दिखाइ क्यों नहीं दे रहा है।" उसने इतनी चालाकी अवश्य बरती कि यह बात प्रत्यक्ष नहीं कही। बेचारे मन्त्री ने अपनी आँखें फाड़-फाड़ कर उस करघे को देखा मगर उसे कोई कपड़ा दिखाई नहीं दिया।

मन्त्री ने मन ही मन सोचा, "हे भगवान, क्या मैं मूर्ख हूं, जो मुझे ये वस्त्र दिखाई नहीं दे रहे। मैने तो कभी सोचा भी नहीं था कि मैं मूर्ख हूं। तो क्या मैं अपने पद के लिए अयोग्य हुं ? अगर ऐसा है तो राजा मुझे तत्काल मन्त्री पद से हटा देगा। नहीं मुझे यह कभी नहीं कहना चाहिए कि मैं इन वस्त्रों को देख नहीं पा रहा हूं।"

मन्त्री को खामोश देखकर एक ठग बोला, "हजूर, आपने इन वस्त्रों के बारे में कुछ कहा नहीं, क्या ये आप को पसन्द नहीं आए।"

"अरे नहीं, ये कमाल के वस्त्र हैं, अद्‌भुत, मैंने इस तरह के कपड़े अपनी जिन्दगी में

पहले कभी नहीं देखे । यह शैली, यह रंग, उफ ! सभी कुछ अद्भुत है, मुझे पूरी उम्मीद है कि राजा के वस्त्र भंडार का एक भी वस्त्र इन कपड़ों के सामने नहीं टिक पाएगा। मैं राजा को अवश्य बताऊंगा कि मुझे ये वस्त्र अत्यन्त लुभावने व अलौकिक लगे हैं।" बेचारे बूढ़े मन्त्री ने कृत्रिम आश्चर्य में अपनी आंखे फैलाते हुए ठगों को जवाब दिया।

"हम यह जानकर कृतार्थ हुए।" कहते हुए दोनों ठग आदर से आधे झुक गए। और इसके बाद दोनों ठगों ने मन्त्री को इन अदृश्य वस्त्रों की शैली और उनमें इस्तेमाल हुए धागों के रंगों के बारे में विस्तार से बताया। बुढ़े मन्त्री ने उनकी बताई एक एक बात को बड़ी सावधानी से सुना, ताकि वह लौट कर राजा को सारी बात ज्यों की त्यों बता सके ।

मन्त्री ने लौट कर राजा को सारी बातें ज्यों की त्यों बता दी। वस्त्रों की आलोकिकता के विषय में सुन कर राजा अत्यधिक प्रसन्न हुआ। कुछ समय बाद वे दोनों ठग फिर राजा के पास पहुंचे और अधिक धन, रेशम तथा सोने की मांग की, ताकि वस्त्रों की बुनाई जारी रखी जा सके। राजा ने उनकी सारी मांगों को पूरा कर दिया, लेकिन वे ठग उस सारी दौलत को अपनी जेबों में भर कर दिन रात खाली करघे ही चलाते रहे।

थोड़े दिनों बाद राजा ने फिर अपने एक वफादार अधिकारी को यह जानने के लिए भेजा कि वस्त्र किस प्रकार तैयार हो रहे हैं, और उनके कब तक पूरा हो जाने की उम्मीद है । उस अधिकारी के साथ भी वही हुआ जो पहले बूढ़े मंत्री के साथ हुआ था, उसने आँख फाड़-फाड़ कर देखा लेकिन उसे खाली करघे के अलावा और कुछ नहीं दिखाई दिया। उसकी आखें आश्चर्य से फैल गई।

उसे आश्चर्य में देख कर दोनों ठग तत्काल बोले, "हुजूर क्या वस्त्र का यह हिस्सा आप को खूबसूरत नहीं लगा?" और इसके बाद वे दोनों ठग हवा में हाथ इस तरह लहराने लगे मानों उनके हाथ में बेहद नाजुक व खूबसूरत वस्त्र हों। वे अधिकारी को उस वस्त्र की विशिष्ट शैली व रंगों वगैरा के बारे में बताने लगे । लेकिन बेचारे अधिकारी को तो कुछ दिखाई ही नहीं दे रहा था।

अधिकारी ने मन में सोचा, "इतना तो में जानता हूँ कि मैं मूर्ख नहीं हूं तो क्या मैं अपने पद के लिए अयोग्य व्यक्ति हूं, जो मुझे ये वस्त्र दिखाई नहीं दे रहे। यह काफी आश्चर्य की बात है, फिर भी मुझे यह जाहिर नहीं होने देना चाहिए।" और फिर वह अधिकारी उन वस्त्रों की तारीफ करने लगा, जो कि उसे दिखाई ही नहीं दे रहे थे। उस अधिकारी ने ठगों को आश्वस्त कर दिया कि उसने इस शैली, रंगों व बुनाई की इस तरह की मौलिकता वाले वस्त्र पहले कभी नहीं देखे।

वह अधिकारी राजा के पास पहुँच कर बोला, "हुजूर वास्तव में वे वस्त्र अदभुत हैं।"

धीरे धीरे पूरे शहर में उन्हीं वस्त्रों की बात होने लगी। अब राजा ने सोचा कि उसे स्वयं जाकर उन वस्त्रों को देखना चाहिए हालांकि अभी वे वस्त्र करघे पर ही चढ़े हुए थे । अतः राजा अपने ढेर सारे दरबारियों और अपने अपने वफादार अधिकारियों के साथ उन ठगों के पास जा पहुँचा। इन अधिकारियों में वे दो अधिकारी भी थे, जो पहले ही

उन वस्त्रों को देख चुके थे। वे दोनों ठग बुनकरों के वेश में पूर्ववत ही खाली करघों को इस तरह चला रहे थे, मानों कोई बहुत ही नाजुक वस्त्र बुना जा रहा हो।

“ओह, ये वस्त्र अदभुत, अद्‌भुत हैं’ ‘वे दोनों ईमानदार अधिकारी बोले, जो पहले

ठगों से मिल चुके थे। “देखें, महाराज, क्या शैली है, क्या रंग है, क्या बुनाई है, अद्‌भुत ।” और ऐसा कहते हुए वे अधिकारी खाली करघे की ओर संकेत कर के वस्त्रों की विशिष्टता को बढ़ बढ़ कर बताने लगे। उन्हें मन में इस बात का पूरा यकीन था कि अन्य लोग करघों पर वस्त्र को देख रहे हैं ।

“क़्या?” राजा ने मन में सोचा, “मुझे कुछ नहीं दिखाई दे रहा । यह तो भयानक बात है, तो क्या मैं मूर्ख हूँ? क्या मैं राजगद्दी के लिए उपयुक्त व्यक्ति नहीं हूं? लेकिन नहीं, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता?”

“ओह, ये तो कमाल के वस्त्र हैं।” राजा ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा, “इन्हें देख कर मेरा मन प्रफुल्लित हो उठा है।” और राजा खाली करघे को हाथ लगा लगा कर वस्त्रों की प्रसंशा कर अपना संतोष जाहिर करता रहा । वहाँ उपस्थित लोगों में कोई भी नहीं जान पाया कि राजा को खाली करघों के ऊपर कुछ भी नहीं दिखाई दे रहा है।

वहां उपस्थित सभी लोग राजा के सुर में सुर मिला कर वस्त्रों की तारीफ करने लगे हालांकि उनमें से किसी को भी करघों पर कुछ भी नहीं दिखाई दे रहा था, लेकिन अपना पद छिन जाने के डर से सभी उन अदृश्य वस्त्रों की तारीफ में लगे थे।

उन सबको वस्त्रों की तारीफ करते करते देख राजा को पक्का विश्वास हो गया कि वस्त्र केवल उसी को नहीं दिखाई दे रहे। सभी उपस्थित लोगों ने राजा को सलाह दी कि वह उन वस्त्रों को आने वाली राज्यारोहरण की वर्षगांठ के अवसर पर पहनें। राजा ने तत्काल अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी। बुनकरों की श्रेष्ठ कारीगिरी पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए राजा ने तत्काल उन्हें राज्य के सर्वश्रेष्ठ बुनकरों का खिताब दे डाला और उन्हें सलाह दी कि वे वस्त्रों को राज्यारोहण की वर्षगांठ से पहले ही तैयार कर लें।

राज्यारोहण का कार्यक्रम जिस दिन शुरू होना था, उस दिन रात भर 16 मोमबत्तियां जलाकर दोनों ठग बुनकर रात भर । वस्त्रों को सिलने का स्वांग भरते रहे।

उन्होंने करघे पर से वस्त्र को उतारा, उसे काटा, और धीरे धीरे, हवा में ही उसे सिलने लगे। उनके हाथ में सुईयां तो थी, मगर उनमें धागा नहीं था। अन्त में सुबह होने से पहले दोनों गहरी अंगड़ाई लेते हुए उठ खड़े हुए और बोले, “चलो आखिर वस्त्र तैयार हो ही गए।”

राज्यारोहण की वर्षगांठ वाले दिन राजा स्वयं प्रातःकालीन बेला में अपने वफादार साथियों के साथ बुनकरों के पास पहुँचा। राजा को देखकर बुनकरों ने अपने हाथ हवा में उठाए ओर बोले, हुजूर यह रहा आप का पाजामा, और ये रहा आपका कुर्ता और ये आप का चोगा हुजूर, पसंद आया ना आपको । यह कपड़े मकड़ी के जाले की तरह

हलके हैं। उन्हें पहन कर कोइ भी सोच सकता है, कि उसने कुछ भी नहीं पहना है, लेकिन इनकी खूबसूरती बेमिसाल है हुजूर ।"

"जी हुजूर, बुनकर बिल्कुल ठीक कह रहे हैं," सभी दरबारियों ने हां में हां भरी, हालांकि वहां उनके देखने के लिए कुछ भी नहीं था।

"क्या महाराजाधिराजा अपने वस्त्र उतारने का कष्ट करेंगे" दोनों ठग आदर से बोले," "ताकि हम महाराजाधिराज को नए वस्त्र पहना सकें, उस बड़े शीशे के सामने हुजूर।"

राजा ने तत्काल अपने कपड़े उतार दिए। दोनों ठग तत्काल आगे बढ़ बढ़ कर राजा को अपने बुने कपड़े पहनाने लगे। उन्होंने हवा में हाथ लहरा कर राज्य को पाजामा पहनाया, फिर कुरता फिर बाहें फैलाकर चोगा पहनाया। राजा की कमर पर पट्टी बांधने के लिए आगे पीछे घूमते रहे।

इस प्रकार राजा को मूर्ख बनाने के बाद दोनों ठग बोले, "हमारे राजा इन वस्त्र में कितने भले लग रहे हैं । ये नए वस्त्र राजा पर कितने फब रहे हैं, क्या शैली है, क्या रंग है, क्या बुनाई है, क्यों हुजूर?"

"क्या? हाँ, हाँ, बेहद खूबसूरत वस्त्र हैं।" राजा शीशे के सामने घूम घूम कर अपने नंगे शरीर को देखता हुआ बोला।

वहाँ उपस्थित सभी लोगों ने राजा के वस्त्रों की तारीफ की जब कि सभी को राजा पूर्णतया निर्वस्त्र ही दिखाई दे रहा था। बूढ़ा मंत्री आगे बढ़ कर राजा से

बोला "हुजुर अब प्रस्थान करें, बाहर शाही रथ आपका इंतजार कर रहा है।"

"ठीक है मैं तैयार हूँ" राजा ने कहा, "देखो तो ये कपड़े मुझे कितने फिट बैठे हैं," और वह फिर शीशे के सामने एक बार घूम गया ताकि उसे अपने अलौकिक वस्त्रों का कुछ हिस्सा तो दिखाई दे जाए मगर उसे अपने नग्न शरीर के अतिरिक्त कुछ नहीं दिखाई दिया।

आखिर राजा बाहर की तरफ चल दिया। तत्काल उसके नौकरों ने आगे बढ़ कर इस तरह हवा में हाथ फैला दिए जैसे कि पीछे से उन्होंने उसका चोगा उठा रखा हो, हालांकि उन्हें दिखाई कुछ भी नहीं दे रहा था, फिर भी उन्हें डर था कि अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया तो उन्हें अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा। उनकी इस हरकत पर राजा को अपने वस्त्रों की आलौकिकता पर बिलकुल भी संदेह नहीं रहा । राजा निर्वस्त्र ही चलता हुआ बाहर आया और अपने रथ में बैठ गया। रथ महल की ओर चल पड़ा। सड़क के दोनों ओर अपार जन समूह उन वस्त्रों को देखने के लिए खड़ा था लेकिन किसी को भी वस्त्र दिखाई नहीं दिए। सबको राजा निर्वस्त्र ही दिखा। मगर फिर भी चारों तरफ से 'अद्भुत' की आवाजें आती रहीं। सभी लोग स्वयं को बेवकूफ कहे जाने के डर से अदृश्य वस्त्रों की तारीफ बढ़ बढ़ कर कर रहे थे।

राजा भी मन ही मन प्रसन्न हो रहा था, क्यों कि आज तक उसके किसी भी वस्त्र की

इतनी प्रशंसा नहीं हुई थी।

"लेकिन राजा तो नंगा है।" अचानक एक छोटा बच्चा चिलाया। "ओह, इस छोटे मासूम की बात सुनो।" उसका बाप फुसफुसाया। लेकिन धीरे धीरे फुसफुसाहट बढ़ती गई कि एक बच्चा कहता है राजा नंगा है।

"लेकिन राजा सचमुच नंगा है।" आखिर सभी लोग चिल्ला पड़े, यह शोर सुनकर राजा घबरा गया। क्योंकि वह जानता था कि वह नंगा है। मगर अपनी इज्जत बचाने के लिए उसने कहा कि उत्सव जारी रहे । और वह रथ पर थोड़ा सिकुड़ कर बैठ गया मगर उसके नौकर हवा में उसी प्रकार अपना हाथ फैलाए रहे जैसे कि उनके हाथ में राजा के चोगे का झालर हो ।

परिवार कल्याण आप्रेशन

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अजमेर स्थित ग्रुप केन्द्र-2 में 28 जनवरी, 1989 को एक परिवार कल्याण शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में स्थानीय जवाहर लाल नेहरू मैडिकल कालिज के मुख्य चिकित्सक पी. प्रसाद व उनके सहयोगियों ने परिवार कल्याण आपरेशन किए।

इस शिविर में तीन राजपत्रित अधिकारियों तथा पाँच अन्य अधिकारियों ने परिवार कल्याण आप्रेशन करवाए। आप्रेशन करवाने वाले प्रत्येक कार्मिक को 5-5 स्टील के बर्तन, उपहार स्वरूप भेंट किए गए। इसके अतिरिक्त उन्हें राजस्थान सरकार द्वारा देय राशि व उपहार के अति रिक्त यूनिट वेलफेयर फंड से 100-100 रुपए देने स्वीकृत किए गए।

बल के कार्मिकों का सम्मान

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 38 अधिकारियों और कार्मिकों को 13 मार्च को रविंद्र रंगशाला, नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में महानिदेशक के प्रशंसा पदकों से सम्मानित किया गया।

ये पदक कार्मिकों को बल के अपर महानिदेशक श्री पी. एस. भिंडर ने प्रदान किए।

ये पदक प्राप्त करने वालों में उप निदेशक (आपरेशन) एस. एन. माथुर, नई दिल्ली क्षेत्र के उप-महानिरीक्षक तिलक काक, उप-निदेशक (संचार) ब्रिगेडियर जोगिंदर सिंह, सहायक निदेशक (आपरेशन) जार्ज. सी. पोडीपारा तथा अपर उप-महानिरीक्षक जे.एस. नेगी व डी.आर. यादव भी शामिल हैं।

वे नहीं रहे

फरवरी, 1989 में बल के निम्न कार्मिक मृत्यु को प्राप्त हुए। सी. आर. पी. एफ. समाचार शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है :—

बारवर नानक चन्द (एस० डी० जी०), रिक्रूट तोजेंदर सिंह (ग्रुप के. इम्फाल), कांस्टेबल मुद्दापाई गिद्दाप्पानवन (94 बटा०), है. कां० श्रीराम (68 बटा०), ला० नायक मुरारी लाल (13 बटा०), उपाधीक्षक एम०एम० धालीवाल (82 बटा०), उ०नि० बनवारी लाल (2 बटा०), ला० ना० जे० शशीधरन पिल्लई (91 बटा०), ला० ना० पंचदेव सिंह (1 बटा०), ला० ना० राम प्रवेश राम (1 बटा०), कां० एन० जे० सापते (1 बटा०), कां० माखनलाल (1 बटा०), कां. केशवसिंह (1 बटा०), कां० जी० पी० एस० मूरती (8 बटा०), नि० है. क्लर्क लच्छमन दास (86 बटा०), नायक बली खान (7 बटा०), उ० नि० एन० एम० भक्तावालसन (91 बटा०), है कां० खेम सिंह (66 बटा०) तथा स० उ०नि० (रे० आ.) रामकुमार (4 सि० बटा०)।

पत्रिका सी० आर० पी० एफ० समाचार स्वामित्व एवं प्रकाशन से सम्बन्धित अन्य विवरण

(रजिस्ट्रेशन आफ न्यूजपेपर्स सैंट्रल रूलस् के फार्म IV के नियम 8 के अधीन)

1. प्रकाशन का स्थान	— नई दिल्ली
2. प्रकाशन की अवधि	— वर्ष में आठ
3. प्रिंटर का नाम	— एच. एस. सेठी
4. नागरिकता	— भारतीय
5. पता	— ब्लाक-I, के. का. परिसर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
6. प्रकाशक का नाम, नागरिकता और पता	— उपर्युक्त
7. संपादक का नाम, पता और नागरिकता	— उपर्युक्त

8. उन लोगों के नाम व पते जो अखबार के मालिक या हिस्सेदार हों या जिनके पास कुल पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के शेयर हों। — महानिदेशक, के०रि०पु० बल, ब्लाक-I, के० का० परिसर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

मैं एच. एस. सेठी एतद द्वारा घोषणा करता हूं कि ऊपर दिए गए विवरण मेरी जानकारी व विश्वास के आधार पर पूर्ण सत्य हैं।

31 मार्च, 1989

ह०

एच० एस० सेठी

प्रकाशक के हस्ताक्षर

रजि० 47167/87




सम्पादक : एच०एस० सेठी । **सम्पादक** : एम०पी० नथैनियल तथा अनिल गुप्ता । **मुद्रक** : सी०आर०पी०एफ० प्रेस, झड़ोदा कलाँ, नई दिल्ली-110072
द्रक तथा प्रकाशक : महानिदेशक, के०रि०पु०बल, ब्लाक-1, सी०जी०ओ० काम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 की ओर से एच०एस० सेठी ।

CRPF SAMACHAR

CRPF Newsletter & Magazine

Vol. 3 No. 1 April 30, 1989 (Vaisakha 10, 1911)





Shooting of Rumtek monastry to establish Sikkim in the CRPF film.

THE
CRPF SAMACHAR

Vol. 3 No. 1 April 30, 1989 10,Vaisakha 1911

Quarterly

Chief Editor: **H.S. Sethi**

Editor: **M. P. Nathanael**

Assistant Editor: **Anil Gupta**

Cover: The Union Home Minister, Shri Buta Singh,and the Ministers of State for Home Affairs,Shri Santosh Mohan Deb and Shri P. Chidambaram, have a look at the weapons seized by CRPF.

Cover Photo: S.K. Khanna

Editorial Office:
Directorate General,
Central Reserve Police Force,
Block-I, C.G.O. Complex, Lodi Road,
New Delhi-110003.

Printed and published by:
H.S. Sethi on behalf of The Director General,
CRPF. Printed at Sona Printers, 1798 Kotla
Mubarakpur (Opp. D-58-D N.D.S.E.-I) New
Delhi-3.

CONTENTS

Flying start to Golden Jubilee celebrations
Man of the moment *by H.S. Sethi*
Bomb threats *by K.Arkesh*
Filming the CRPF *by H.S. Sethi*
Police Games - Six Records Rewritten *by M.P. Nathanael*

Letter from the Editor

Dear Reader,

With this issue, the C.R.P.F. Samachar goes offset. This indeed is a landmark insofar as we are concerned. We do hope that we shall be able to rise up to the standards expected of a house magazine of this type. May I, on this occasion, renew my request to the readers to send to us material of interest to the officers and men of the Force. Let's join hands to further improve the magazine contentwise also.

The flying start that the CRPF Golden Jubilee celebrations received forms the subject matter of the cover story.

We are presently almost half way through the shooting for the production of a film on the Force through the Films Division. This issue affords to the readers a peep into the film, due to be released as part of the Golden Jubilee celebrations.

Ever since terrorism raised its head in Punjab, the State has been a field of action for the CRPF whose contribution in meeting the challenge of terrorism in the strife-torn State is second to none. Through various reports of operations, this issue informs the readers of the achievements and sacrifices made by the CRPF in this connection.

At all such times of turmoil, there emerge men of action who deserve a special mention in magazines like ours. Read about such a man in Punjab in the article "Man of the moment".

AK-47 rifles and other weapons of destruction have often been in the news. So have been the bombs and explosives. In this issue we include an article as to how bomb threats can be met.

Plus brief reports on the attestation parades of new battalions and the laurels won by the CRPF in sports, particularly in the All-India Police Games.

Yours sincerely,

(H.S. SETHI)



Message

The Central Reserve Police Force was raised in 1939. The Crown Representative's Police, as it was then called, had no more than one Battalion. Today the CRPF is 120,000 strong. During the last 50 years, the C.R.P.F. has effectively met several threats to internal security. It has done so while maintaining the hightest standard of professional excellence. Over the years the threats to the internal security have multiplied and have grown more complex and challenging. I am sure, all of us are conscious of the difficulties and challenges that lie ahead. We are committed to meet those challenges, always keeping in view the unity and integrity of the country.

We are celebrating the Golden Jubilee of the Force this year. This is an occasion to recall the supreme sacrifices made by our comrades in the Force who are no more amongst us but continue to guide our path. On this occasion, let us all resolve to rededicate ourselves to the service of the nation. It should be our constant endeavour to improve our professional performance and uphold the glorious traditions of secularism, nationalist-orientation and dedication to duty so that we will be second to none.

During the last three years, we have suffered a number of casualties in Punjab, Sri Lanka and elsewhere. We have also won a large number of gallantry awards and other medals. If ever the history of these turbulent days is written, the work done by the CRPF will be etched in letters of gold.

I am too well aware of the risks and hazards you face every day. I am also aware that many of you work without adequate rest. Government is also conscious of this and have been constantly trying to improve the working conditions and find solutions to problems of the Force. During the last two years, the Government has considerably liberalized benefits for families of personnel who die in the line of duty. We have also increased considerably the benefits available to our men from the risk fund and the welfare fund. Other welfare activities have also received a fillip. The number of scholarships has been increased. Our own public school has started functioning in Delhi. An industrial training institute will start this year. Housing has also not been neglected. After about 10 years, the government has sanctioned a substantial amount for housing.

The people and the government of this country expect a lot from us. Let us on this occasion resolve that we will not fail the country and the Government who repose full trust in us.



(P.G. HALARNKAR)
Director General
C.R.P.F.

New IGP for Southern Sector

Shri Devarayapuram Ramaswamy Karthikeyan joined the Central Reserve Police Force on March 17, 1989. He took over as Inspector General of Police, Southern Sector at Hyderabad.

Born in Coimbatore on October 2, 1939, Shri Karthikeyan is a law graduate of Annamalai University. On joining the Indian Police Service in 1964, he

was allotted the Karnataka State cadre.

After serving as the Superintendent of Police from 1967 in Dharwar and Belgaum districts, he was posted to the Indian Embassy in Moscow as First Secretary in 1973. He was also appointed Head of Chancellery. He Worked in close liaison with the famed KGB and East German Police set-up?.



Shri D.R. Karthi Keyan

In 1977, he took over as Deputy Commissioner of Police (Law and Order), Bangalore City while holding the additional charge of DCP (Crime). Three years later he was promoted Deputy Inspector-General of Police and headed the intelligence wing and Railway Police of the State.

After a stint at the State Police Training College in Mysore, Shri Karthikeyan joined the Tea Board of India under Ministry of Commerce, on deputation in 1985. He was posted to Sydney (Australia). He soon acquired expertise in trade and marketing and appeared in Australian television and radio several times.

On return from Australia, he joined the CRPF at Hyderabad.

A recipient of the Police Medal for Meritorious Service, Shri Karthikeyan is married to Smt. Kalavathi and has two children - Kanchana (14) and Kailas (10).

He takes keen interest in tennis, golf, yoga, agriculture, travel and reading.

Shri Sharma is Dy. Director (Training)

Shri. Ajai Raj Sharma, an I.P.S. Officer of 1966 batch from the Uttar Pradesh cadre, joined the CRPF on deputation as Deputy Inspector General of Police in February this year.

He took over as Deputy Director (Training) at the Directorate General in New Delhi.

Shri. Sharma is a recipient of the bar to the President's Police Medal for Gallantry and has also been honoured with Police Medal for Meritorious Service.

Dr. Saini is Deputy Director (Medical)

The Director General Shri P.G. Halarnkar has a look at the silver medal bagged by Shri Khajan Singh at the World Police Games at Trento.

CRPF hoopsters win Dutt Memorial meet

The Central Reserve Police Force hoopsters trounced the formidable TISCO outfit in the final of J.C. Dutt Memorial Basketball Tournament in

Calcutta in March 1989. The score 81-79. At half time the CRPF led 3431.

With his individual contribution of 31 points, international Jasminder Singh was the architect of CRPF victory. Skipper Saravjeet Singh assisted him with 19 points.

Earlier, CRPF beat Eastern Railway in the semi- finals, 79-58.

Shri. B.K. Saha, the president of West Bengal Basketball Association, gave away the prizes.

ALL INDIA POLICE GAMES

SIX RECORDS REWRITTEN

by


M.P. NATHANAEL



The Director General, Shri P.O. Halamkar,being lifted by CRPF hoopsters after the victory in basketball championship.



Shri H.P.S. Cheema, the CRPF chief coach, receives the athletics championship trophy from the Prime Minister, Shri Rajiv Gandhi.



Raghbir Singh Bal - a record effort.



The CRPF Director General, Shri P.G. Halarnkar, being introduced to the Union Home Minister, Shri Buta Singh, at the inaugural function of the All India Police Games.

Athletics Championship Trophy retained

For the 12th year running, the Central Reserve Police Force retained the prestigious athletics championship trophy of All India Police Games held at New Delhi from February 5 to 12, 1989. CRPF logged 181.5 points while Kerala lagged 5.5 points behind for the run-ners-up placing, BSF were thrid with 161.5 points.


The four-day athletics events saw six records being shattered. CRPF's Deputy Superintendent Raghbir Singh Bal accounted for one, when he downed his own 11-year-old hammer throw mark of 64.20 meters by clearing a distance of 64.36 meters. With a hurl of 59.70 meters, CRPF's Om Prakash settled for silver while Haryana's Piare Lal with 58.92 meters got bronze.

P.V. Wilson, the Kerala Police Inspector, leapt to a distance of 7.66 meters in the long jump event to erase the old mark of 7.46 meters while his teammate K.F. Job (7.34 meters) settled for silver. The previous record holder Shashidharan Nair (BSF) had to stay content with bronze for his 7.15

meters effort.

Bihar women quartet of Dipali, Vibha, Sarojini and Emilda posted a new mark of 51.2 secs in the 4 x 100 meters relay for gold. In the process they sunk the 3-year-old mark of 51.4 secs set by Madhya Pradesh's fair cops. CRPF and Madhya Pradesh girls trailed in that order for next two spots.

Manju Lata of Delhi Police shatterd her own last year's mark of 12.06 meters by heaving the iron ball across 12.38 meters. Chandigarh's Satya Bala (10.72 mtrs) and CRPF's Shirley Phillips (10.39 meters) were second and third respectively.




An interesting moment in the CRPF-CISF final.

Kerala boys ran a superb relay in 4 x 400 meters in 3m 14.8 secs to overthrow the previous mark of 3m 16.1 sec. CRPF (3m 17.9 secs) and U.P. Police (3m 19.9 secs) settled for the next two rankings.

Bihar women cops with 128 points lifted the athletics championship trophy while CRPF trailed far behind with 61.5 points. CISF with 42 points were third.

CRPF’s Shamsuddin displayed stamina, grit and determination when he won the 3,000 meters steeplechase with ease on the concluding day.



Shamsuddin hits the tape in steeplechase.

Tara Singh of Punjab Police was declared the “best athlete” of the Games. He won the 5,000 meters and 10,000 meters events and got bronze

in the gruelling marathon. His individual tally read 29 points.

Among women, V.D. Mini of the host team bagged the “best athlete” title with 16 points to her credit.

CRPF’s Jeet Ram, the brother of Olympian Hari Chand, was placed second in the gruelling marathon, the first place having gone to BSF’s Avtar Singh who timed 2h 25m 35 secs. Punjab’s Tara Singh was third.

For his gold winning performance in 1,500 meters race, CRPF’s Kartar Singh was promoted Head Constable. He returned a timing of 3m 53.1 secs. Bhupinder Singh (BSF) and Gurmukh Singh (CRPF) got silver and bronze, respectively.

The games were formally inaugurated by the Union Home Minister, Shri Buta Singh, on February 9 while the Prime Minister, Shri Rajiv Gandhi, gave away the prizes. The Orissa Police contingent bagged the “best disciplined” contingent trophy of the Games, organised by the Central Industrial Security Force. Twenty-seven teams representing 20 state police forces,. five-Central Police organisations and two Union Territories competed for top honours.

The complete results:

100 MTRS RACE

1. Roy .P. Joseph (Kerala) 10.9 Sec; 2. R.D. Muchery (BSF) 11.0 Sec; 3. Ram Bhool (Punjab) 11.1 Sec; 4. Balbir Singh (Bihar) 11.2 Sec; 5. P. Mohanto (Orissa) 11.3 Sec; and 6. G. Chander (ITBP) 11.4 Sec.

200 MTRS RACE

1. Roy .P. Joseph (Kerala) 22.0 Sec; 2. Daljit Singh (CRPF) 22.1 Sec; 3. Ram Bhool (Punjab) 22.2 Sec; 4. R.D. Muchery (BSF) 22.3 Sec; 5. Balbir Singh (Bihar) 22.4 Sec; and 6. G. Chander (ITBP) 22.4 Sec.

400 MTRS RACE

1. C.S. Muralidharan (Kerala) 48.5 Sec; 2. P.V. Raju (Kerala) 48.6 Sec; 3. Ishwander Singh (Delhi) 49.3 Sec; 4. Arjun Singh (U.P.) 49.6 Sec; 5. K.P. Wilson (CRPF) 49.7 Sec; and 6. G.P. Lakra (Bihar) 50.0 Sec.

800 MTRS RACE

1. Budhwa Uraon (Bihar) 1:51.7 Sec; 2. Chandbir Singh(CRPF) 1:53.6 Sec; 3. Azar Mohammed (CRPF) 1:54.7 Sec; 4. Ramphal (Punjab) 1:54.9 Sec; 5. Lakpathi Prasad (BSF) 1:56.5 Sec; and 6. Rampratap Patil (M.P.) 1:57.9 Sec.

1,500 MTRS RACE

1. Kartar Singh (CRPF) 3:53.1 Sec; 2. Bhupender Singh (BSF) 3:55.0 Sec; 3 Gurumukh Singh (CRPF) 3:56.0 Sec; 4. B. Oraon (Bihar) 3:56.2 Sec; 5. Lakpathi Prasad (BSF) 3:57.0 Sec; and 6. A.P. Singh (U.P.) 3:59.5 Sec.

110 MTRS HURDLES

1. Taranjit Singh (CRPF) 14.9 Sec; 2. Sitalbaux Singh (Bihar) 15.0 Sec; 3. Koshalpal Singh (U.P.) 15.2 Sec; 4. Omprakash (Haryana) 15.3 Sec; 5. Ghasi Ram (CRPF) 15.4 Sec; and 6. H.N. Venkatachala (Karnataka) 15.9 Sec.

400 MTRS HURDLES

1. P.V. Raju (Kerala) 53.4 Sec; 2. P.D. Dinesan (CISF) 53.6 Sec; 3. Daljit Singh (CRPF) 54.2 Sec; Gur-dyal Singh (CRPF) 54.7 Sec; 5. Munna Singh (U.P.) 55.2 Sec; and 6. Mahender Singh (U.P.)

3,000 MTRS STEEPLECHASE

1. Shamsuddin (CRPF) 8:57.4 Sec; 2. Sarvandas (BSF) 9:1.8 Sec; 3. Ishwar Singh (BSF) 9:3.4 Sec; 4. Kartar Singh (CRPF) 9:3.8 Sec; 5. Sudhirkumar Singh (Bihar) 9:13.9 Sec; and S.R. Payal (CISF) 9:15.9 Sec.

5,000 MTRS RACE

1. Tara Singh (Punjab) 14:30.6 Sec; 2. Ashok Kumar (BSF) 14:34.1 Sec; 3. Vidhyadhar (BSF) 14:37.8 Sec; 4. Gurunam Singh (CRPF) 14:42.8 Sec; 5. Shamsuddin (CRPF) 14:53.6 Sec; and 6. Gurunam Singh (Punjab) 14:59.9 Sec.

10,000 MTRS RACE

1. Tara Singh (Punjab) 30:16.00 Sec; 2. Vidhyadhar (BSF) 30:22.00 Sec; 3. Ashok Kumar (BSF) 30:28.3 Sec; 4. Gurnam Singh (CRPF) 30:37.4 Sec; 5. Jeet Ram (CRPF) 30:50.07 Sec; and 6. Sheodyal Singh (U.P.) 31:16.00 Sec.

POLE VAULT

1. M. Rajan (Kerala) 4.35 Mts; 2. Gopakumar (Kerala) 4.15 Mtrs; 3. Rajbir (BSF) 4.05 Mtrs; 4. P.C. Tyagi (CISF) 4.5 Mtrs; 5. Avtar Singh (Punjab) 3.90 Mtrs; and 6. Mangi Ram (BSF) 3.80 Mtrs.

HIGH JUMP

1. P. Ajay Kumar (Kerala) 1.95 Mtrs; 2. A. Sasikumar (Kerala) 1.90 Mtrs; 3. Biswas Ekka (Bihar) 1.85 Mtrs; 4. Ram Kumar (CRPF) 1.85 Mtrs; 5. Sekh Sagar (M.P.) 1.80 Mtrs; and 6. M. Radhakrishnan (BSF) 1.80 Mtrs.

LONG JUMP

1. P.V. Wilson (Kerala) 7.66 Mtrs (NMR); 2. K.F. Job (Kerala) 7.34 Mtrs; 3. Sasidharan Nair (BSF) 7.15 Mtrs; 4. Balvinder Singh (BSF) 7.09 Mtrs; 5. Suyodhanan (CRPF) 7.01 Mtrs; and 6. A.K. Mohanto (Orissa) 7.01 Mtrs.

TRIPLE JUMP

1. Keshwar Sahoo (Bihar) 15.43 Mtrs; 2. S. Anil Kumar (Kerala) 15.10 Mtrs; 3. Dalbir Singh (Punjab) 14.87 Mtrs; 4. C. Jayakumar (Kerala) 14.75 Mtrs; 5. Appu Kuttan (BSF) 14.54 Mtrs; and 6. Suraj Thapa (Bihar) 14.25 Mtrs.

SHOT PUT

1. Avtar Singh (BSF) 17.15 Mtrs; 2. Gurumit Singh (BSF) 17.12 Mtrs; 3. Shakti Singh (CISF) 16.54 Mtrs; 4. Balraj (Rajasthan) 15.05 Mtrs; 5. Kamaldeep Singh (CRPF) 14.56 Mtrs; and 6. Babu Mathew (Kerala) 14.38 Mtrs.

DISCUSS THROW

1. Shakti Singh (CISF) 54.62 Mtrs; 2. Manjeet Singh (BSF) 54.56 Mtrs; 3. Kuldeep Singh (BSF) 52.60 Mtrs; 4. R.S. Bal (CRPF) 49.44 Mtrs; 5. Jaiber Singh (Haryana) 45.90 Mtrs; and 6. Ajit Bhaduria (CRPF) 45.82 Mtrs.

HAMMER THROW

1. R.S. Bal (CRPF) 64.37 Mtrs (NMR); 2. Om Prakash (CRPF) 59.70 Mtrs; 3. Paire Lal (Haryana) 58.92 Mtrs; 4. Rajesh Bhardwaj (ITBP) 54.46 Mtrs; 5. Daljet Singh (BSF) 51.52 Mtrs; and 6. Gurumukh Lal (BSF) 50.46 Mtrs.

JAVELIN THROW

1. Devender Singh (BSF) 63.00 Mtrs; 2. Ramashankar (CRPF) 62.94 Mtrs; 3. Jaibir Singh (CISF) 62.22 Mtrs; 4. Satbir Singh (Haryana) 61.80 Mtrs; 5. Yusuf Khan (Bihar) 61.26 Mtrs; and 6. K. Natarajan (CRPF) 60.90 Mtrs.

4x400 MTRS RELAY


1. Kerala 3:14.0Sec (NMR); 2. CRPF 3:17.9; 3. U.P. 3:19.9 Sec; 4. Bihar 3:20.3 Sec; 5. Punjab 3:20.3 Sec; and 6. BSF 3:20.4 Sec.

4x100 MTRS RELAY

1. Kerala 42.0 Sec (NMR); 2. BSF 42.3 Sec; 3. CRPF 42.7 Sec; 4. Orissa 42.9 Sec; 5. Bihar 43.0 Sec; and 6. Mharashtra 43.3 Sec.

DECATHLON

1. Suyodhanan (CRPF) 6478 points; 2. Barpur Singh (Delhi)6061 points; 3. Nasir Hussain (CRPF) 6034 points; 4. L.K. Gogoi (BSF) 5717 points; 5. Balwinder Singh (BSF) 5695 points; and 6. Kulvir Singh (Punjab) 5661 points.



The victorious CRPF contingent

MARATHON

1. Avtar Singh (BSF) 2 Hrs. 25 M 35 Sec; 2. Jeet Ram (CRPF) 2 Hrs 25 M 36 Sec; 3. Tara Singh (Punjab) 2 Hrs 28 M 32 Sec; 4. L. Madhu (SSB) 2 Hrs 28 M 37 Sec; 5. Rasdeo Singh (CRPF) 2 Hr 31 M 35 Sec; and 6. Pradeep Singh (CISF) 2 Hr 31 M 53 Sec.

100 MTRS RACE (WOMEN)

1. Dipali Naik (Bihar) 13.1 Sec; 2. Vibhya Kumari (Bihar) 13.4 Sec; 3. Mudhri Baghwat (M.P.) 13.5 Sec; 4. Bandira Biswas (CRPF) 13.6 Sec; 5. Shely M.N. (CRPF) 13.7 Sec; and 6. Swapna.J. Kalekar (Maharashtra) 13.8 Sec.

400 MTRS RACE (WOMEN)

1. Bmelda Ekka (Bihar) 1:2.7 Sec; 2. Shila Toppo (Bihar) 1:3.7 Sec; 3. Shily Joseph (M.P.) 1:4.8 Sec; 4. Juri Das (CRPF) 1:4.9 Sec; 5. A. Gosh (CISF) 1:5.9 Sec; and 6. B. Biswas (CRPF) 1:6.5 Sec.

100 MTRS HURDLES (WOMEN)

1. Sarojini Lakra (Bihar) 16.7 Sec (NMR); 2. V.D. Mini (CISF) 17.0 Sec; 3. Baljeet Kaur (Punjab) 17.08 Sec; 4. N.G. Noobi Devi (CRPF) 18.1 Sec; 5. S. Banerjee (CISF) 19.6 Sec; and 6.6. Rashida Johan (M.P.) 20.0 Sec.

LONG JUMP (WOMEN)

1. Cicily Peter (CISF) 5.18 Mtrs; 2. V.D. Mini (CISF) 5.07 Mtrs; 3. Shely M.S. (CRPF)5.06 Mtrs; 4. Emelda Ekka (Bihar) 4.96 Mtrs; 5. Kalawati Yadav (M.P.) 4.84 Mtrs; and 6. Juhi Das (CRPF) 4.82 Mtrs.

HIGH JUMP (WOMEN)

1. Maya Naik (Bihar) 1.50 Mtrs; 2. M. Padma (Bihar) 1.45 Mtrs; 3. Geeta Paul (CRPF) 1.35 Mtrs; 4. Jayashree Malwar (Maharashtra) 1.35 Mtrs; 5. Sumitra Paswan (CRPF) 1.35 Mtrs; and 6. Nisha Jaiswal (M.P.) 1.35 Mtrs.

SHOT PUT (WOMEN)

1. Manju Lata (Delhi) 12.38 Mtrs (NMR); 2. Satya Bala (Chandigarh) 10.72 Mtrs; 3. Sherly Philip (CRPF) 10.39 Mtrs; 4. D.P. Padma (Bihar) 10.21 Mtrs; 5. Oliver Grace Kullu (Bihar) 10.11 Mtrs; and 6. Roshini Devi (Haryana) 09.93 Mtrs.

4 x 100 MTRS RELAY (WOMEN)

1. Bihar 51.2 Sec (NMR); 2. CRPF 52.2 Sec; 3. M.P. 53.2 Sec; 4. CISF 53.5 Sec; 5. CISF Maharashtra 55.1 Sec; and 6. Punjab 55.2 Sec.

4 x 400 MTRS RELAY (WOMEN)

1. Bihar 4:19.7 Sec; 2. CRPF 4:22.2 Sec; 3. M.P. 4:22.2 Sec; 4. Maharashtra 4:29.4 Sec; 5. CISF 4:33.7 Sec; and 6. Punjab 5:00.1 Sec.

GEMS

Reading is to the mind what exercise is to the body.

-Steele

I pray to Theee, O God, that I may be beautiful within.

- Socrates

One should eat to live, not live to eat.

- Franklin

CRPF Hoopsters Reign Supreme

The Central Reserve Police Force hoopsters trounced hosts Central Industrial Security Force (80-50) to lift the basketball championship trophy of 38th All India Police Games in New Delhi in February last. The winners led 42-23 till half-time.

The architect of CRPF victory undoubtedly was international Jas-minder Singh who made good use of his experience of the series played against Syrians in recent months. He contributed 31 points. Sarabjeet Singh (19) Surinder Singh (11) and Sabu Syriac (10) were the other major scorers.

Vinod Kumar (18) top-scored for CISF followed by Karan Singh (15) and Hansraj Singh (11).

Shri P.G. Halarnkar, the Director-General of CRPF who witnessed the CRPF-CISF clash, was prompt in promoting Jasminder Singh to the rank of Inspector soon after the match.

Earlier, CRPF overcame holders Kerala (81-60) while CISF managed a victory over Punjab (77-75) in the semi- finals.

Gymnastics

CRPF gymnasts bagged the gymnastics team title with a tally of 527.20 points while the Indo-Tibetan Border Police (507.85) and the Border Security Force (507.70) trailed in that order. With the gold of horizontal bar, silver of Roman rings and bronze of vaulting horse and floor exercises in his kitty, Vijay Kumar, the 24-year-old Head Constable of CRPF had no difficulty in bagging the “best gymnast” title. His individual tally was 96.90 points.

Other gold winners were Prem Bhola (CISF) in vaulting horse and floor exercises, Abdul Hussain (CRPF) in parallel bars, Nabh Kumar (ITBP) in Roman rings and Ajit Singh (CISF) in prommelled horse.

Wrestling

BSF won the wrestling championship title with 59 points. CISF logged 49 points white CRPF lagged 16 points behind. Winners were Rajesh Kumar (BSF) in 48 kgs category, Jagdeep Singh (BSF) in 52 kgs, Ashok Kumar (CISF) in 57 kgs, Krishan Kumar (BSF) in 62 kgs, Umed Singh (BSF) in 68 kgs, Har-jinder Singh (BSF) in 74 kgs, Sar-wan Singh (Punjab) in 82 kgs, San-jay Kumar (BSF) in 90 kgs, Subhash (BSF) in 100 kgs and Asian Games bronze medallist Kartar Singh (Punjab) in 130 kgs.

Judo

With 17 points, CRPF retained the judo championship title. BSF and CISF with 13 and 11 points settled for the next two spots, respectively.

The gold-winning judokas were Bharat Singh Yadav (Madhya Pradesh) in above-85 kgs category, Rajender Singh (CISF) in below-85 kgs, Radhey Sham (CRPF) in below-76 kgs, Jagdish Chandra (BSF) in below-68 kgs, Mahender Singh (CRPF) in below 60 kgs, Ram Singh (CRPF) in below-55 kgs, Dharmendra Singh (BSF) in below-50 kgs and Ram Niwas (CRPF) in open category.

Hockey

In the hockey final, Punjab Police clashed with defenders BSF to regain the title by a solitary goal that came through a penalty conversion by Punjab's Surinder Sodhi in the dying minutes of the match. CRPF settled for third spot after a victory over CISF by two goals to nil.

Kabaddi

Punjab Police maintained superiority in kabaddi competitions defeating BSF in the final by 52 points to *23*. At half-time, the score read 32-14. Tough and sturdy Inspector Balwinder Singh was feared by the bordermen. He alone contributed 27 points to the Punjab tally. Gurnam Singh (7) top-scored for BSF.

Volleyball

In the volleball fixtures, Kerala cops held on to the championship trophy for fifth year, ousting BSF 15- 11, 10-15, 15-7, 6-15, and 15-8 in the final played at Indira Gandhi Indoor Stadium. International Cyril C Veloor and Abdul Razak were the architects of Kerala victory. Punjab finished third with a 15-6, 15-5 and 15-2 victory over ITBP.

Football

Following a victory over CRPF and ITBP, Kerala romped into the soccer final to meet BSF and scored a win through a solitary goal by B.P. Satyan in the 22nd minute of the second half. Nagaland beat ITBP 2-0) for third place.

Twenty-seven state and central police forces took part in the games organized by the Central Industrial Security Force.

-M.P. NATHANAEL



Shri P.G. Halarnkar, the Director General of CRPF, being introduced to the Prime Minister, Shri Rajiv Gandhi, on the concluding day ofA-I Police Games.

Regd. No. 45950/89



The victory lap in Poice athletics.

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की मासिक पत्रिका

सीआरपीएफ समाचार

- स्वर्ण जयंती समारोह
- के०रि०पु० बल पर फिल्म
- 364 जवानों द्वारा रक्तदान

मूल्य—1.60 रुपए खण्ड—II अंक—3 31 मई 1989 10 ज्येष्ठ शक संवत् 1911



महिला बटालियन की लड़कियां रक्तदान करते हुए

छाया—बिहारी लाल

सी आर पी एफ समाचार

केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल की मासिक पत्रिका

संदेश



केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का गठन 1939 में किया गया था। उस समय—जबकि इसे क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस कहा जाता था—इसकी केवल एक ही बटालियन थी। आज के. रि. पु. बल 1,20,000 कार्मिकों का शक्तिशाली बल है। इस ने देश की आंतरिक सुरक्षा में आई अनेक बाधाओं का सफलता पूर्वक मुकाबला किया है। और यह सब करते हुए इसने उच्च कोटि की व्यावसायिक श्रेष्ठता का परिचय दिया है। पिछले कुछ वर्षों में आंतरिक सुरक्षा के खतरे न केवल बहुत बढ़ गए हैं अपितु वे काफी जटिल व चुनौतीपूर्ण भी हैं। मुझे विश्वास है कि हम सब आगे आने वाली दिक्कतों और चुनौतियों के प्रति सजग हैं। देश की एकता और अखंडता को ध्यान में रखते हुए हम इन चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस वर्ष हम बल की स्वर्ण जयंती मना रहे हैं। यह समय अपने उन बहादुर साथियों को याद करने का है, जिन्होंने राष्ट्र सेवा में उच्च कोटि के बलिदान दिये, वे हमारे बीच नहीं हैं, मगर फिर भी हमारा पथ प्रदर्शित कर रहे हैं । इस मौके पर आइए एकबार फिर हम सब स्वयं को राष्ट्र सेवा में समर्पित करें। यह हमारा दायित्व बनता है कि हम अपनी व्यावसायिक कार्यकुशलता को बढ़ाने के साथ-साथ बल की धर्मनिरपेक्ष, राष्ट्र व्यापी छवि, कर्त्तव्य के प्रति समर्पण की भावना की गौरवशाली परम्परा को और समृद्ध करने में किसी से पीछे न रहें। पिछले तीन सालों में हमें पंजाब, श्रीलंका तथा देश के अन्य भागों में काफी जानों से हाथ धोना पड़ा। हमने काफी बड़ी संख्या में

शौर्यता पदक व अन्य पदक प्राप्त किए।

यदि कभी इन अशांत और उपद्रवग्रस्त दिनों का इतिहास लिखा जाएगा, तो के. रि. पु. बल द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख स्वर्णाक्षरों में होगा।

आप के सामने प्रति दिन आने वाले खतरों और जोखिमों से मैं वाकिफ हूं। मैं यह भी जानता हूं कि आप में से कई बिना किसी समुचित विश्राम के लगातार काम करते हैं। यह सब बातें सरकार के ध्यान में भी हैं और अब सरकार बल की कार्य सुविधाओं को बढ़ाने तथा परेशानियों को हल करने का प्रयास कर रही है। गत दो वर्षों में सरकार ने कर्त्तव्य पर मरने वालों के परिवारों को दी जाने वाली सुविधाओं में विशेषतौर से उदारता दिखाई है। हमने भी विशेष तौर से हमारे यहां से मिलने वाली जोखिम निधि और कल्याण निधि में बढ़ोत्तरी की है। अन्य कल्याण गतिविधियों का भी अच्छा स्वागत हुआ है। छात्रवृत्तियों की संख्या में बढ़ोत्तरी कर दी गई है। हमारा अपना पब्लिक स्कूल दिल्ली में शुरू हो गया है। इस वर्ष एक व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान भी शुरू कर दिया जाएगा। आवास समस्या को भी अछूता नहीं छोड़ा गया है। अब लगभग 10 वर्ष बाद सरकार ने आवास व्यवस्था के लिए समुचित राशि की अनुमति प्रदान कर दी है।

इस देश की जनता व सरकार की हम से बहुत अपेक्षाएं हैं। आइए हम सब इस मौके पर वचन लें कि राष्ट्र व सरकार ने हम पर जो विश्वास किया है उसे पूरी तरह निभाएंगे।

ह०

(प० ग० हलर्नकर)

महानिदेशक के० रि० पु० बल

कार्त्तिकेयन नए महानिरीक्षक (दक्षिणी-क्षेत्र)

श्री देवरामापुरम रामास्वामी कार्त्तिकेयन ने 17 मार्च, 1989 को हैदराबाद में बल के महानिरीक्षक (दक्षिणी सैक्टर) का कार्यभार संभाल लिया।

2 अक्टूबर, 1939 को कोयम्बटूर में जन्मे श्री कार्त्तिकेयन अन्नामल्लई विश्वविद्यालय से विधि स्नातक हैं। 1964 में भारतीय पुलिस सेवा के जुड़ने पर उन्हें कर्नाटक कैडर दिया गया।



1967 में दरवार तथा बेलगाम में पुलिस अधीक्षक के रूप में काम करने के बाद उन्हें 1973 में मास्को स्थित भारतीय दूतावास में प्रथम सचिव की हैसियत से नियुक्त किया गया। उन्हें हैड आफ चांसलरी भी नियुक्त किया गया। उन्होंने रूस की गुप्तचर संस्था के० जी० बी० तथा पूर्वी जर्मनी की पुलिस के साथ काफी निकट रह कर कार्य किया।

1977 में उन्होंने बैंगलौर सिटी में पुलिस उपायुक्त (कानून व व्यवस्था) का काम संभाला, इसी दौरान उन के पास उपायुक्त (अपराध) का अतिरिक्त कार्य भी था। तीन साल बाद उन की पदोन्नति उपमहानिरीक्षक पद पर कर दी गई। इस दौरान उन्होंने राज्य की इंटेलिजेंस विंग और रेलवे पुलिस के प्रमुख का कार्यभार संभाला।

कुछ समय तक मैसूर के राज्य पुलिस प्रशिक्षण कालिज में रहने के बाद श्री कार्त्तिकेयन वाणिज्य मंत्रालय के अन्तर्गत आने वाले टी बोर्ड में प्रतिनियुक्ति पर आ गए। उनकी नियुक्ति सिडनी (आस्ट्रेलिया) में की गई। थोड़े ही समय में श्री कार्त्तिकेयन ने इस क्षेत्र के व्यापार व बाजार के सम्बन्ध में अच्छी महारत हासिल कर ली। अपने क्षेत्र में विशेषज्ञ के रूप में वे आस्ट्रेलिया के टेलीविजन व रेडियो पर कई बार देखे व सुने गए।

आस्ट्रेलिया से वापसी पर उन्होंने हैदराबाद में के० रि० पु० बल की सदस्यता ग्रहण कर ली।

विशिष्ट सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित श्री कार्तिकेयन का विवाह श्रीमती कलावती से हुआ है तथा वे एक पुत्री व एक पुत्र के पिता हैं।

श्री कार्तिकेयन के मुख्य शौक हैं—टेनिस, गोल्फ, योग, खेतीबाड़ी, यात्राएं, अध्ययन और मेल मिलाप।


रामपुर में बच्चों का पार्क




पार्क का उद्घाटन करते हुए महानिरीक्षक श्री बी० जे० एस० स्याल

24, मार्च 1989 को के० रि० पु० बल ग्रुप केन्द्र रामपुर में बच्चों के खेलने के एक पार्क का उद्घाटन महानिरीक्षक (मुख्यालय) श्री बी०जे०एस० स्याल ने किया। यह पार्क ग्रुप केन्द्र के कर्मचारियों की अथक मेहनत का परिणाम है। बच्चों के लिए पार्क में कई तरह के झूले और मनोरंजन के अन्य साधन हैं। पार्क के साथ लगे एक तालाब में नौकायन की सुविधा भी उपलब्ध है।

के०रि०पु० बल स्वर्ण जयंती





गरिमामयी संस्था के गौरवपूर्णवर्ष 50

6 अप्रैल, 1989 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित शानदार समारोह के साथ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्वर्ण जयंती वर्ष में आयोजित कार्यक्रमों की भव्य शुरूआत हुई। इस मौके पर बोलते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री श्री बूटा सिंह ने बल के जवानों के अपूर्व साहस व विगत में उनके द्वारा किए गए कार्यों की भरपूर सराहना की। उन्होंने


कहा कि पूरे देश में बल की लगातार बढ़ रही मांग इसकी कार्य क्षमता का ही प्रमाण है और स्वर्ण जयंती के अवसर पर संभवतः यही इसकी महानतम उपलब्धि है।

गृह मंत्री ने कहा कि देश के अन्दर एकता और अखण्डता को बनाये रखने के लिए केन्द्र सरकार काफी कुछ इसी बल पर निर्भर करती है। और इन सभी विकट स्थितियों में केवल बल के कारण ही सरकार को नीचा नहीं देखना पड़ा है, श्री बूटासिंह ने बल को 1988 में सर्वाधिक शौर्यता पदक जीतने के लिए भी बधाई दी। उन्होंने बल को लगातार प्रशिक्षण दिए जाने तथा नवीनतम जानकारियों से अवगत रहने का आह्वान किया।

बल के जवानों की कठिन कार्य स्थितियों तथा उनकी समस्याओं का जिक्र करते हुए गृहमंत्री ने कहा कि सरकार जवानों की समस्याओं से पूर्णतः अवगत है तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिये ही सरकार ने प्रति वर्ष स्टाफ कौंसिल की बैठक करने का निर्णय लिया है।

इस मौके पर गृह मंत्री तथा अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए बल के महानिदेशक श्री प. ग. हलर्नकर ने सरकार से बल को अच्छा साज सामान तथा वित्तीय संसाधन-विशेष तौर पर निचले रैंकों के कार्मिकों के लिए—प्रदान करने का निवेदन किया। उन्होंने सरकार को आश्वासन दिया कि बल देश की एकता व अखण्डता को बनाए रखने के लिए कोई भी कसर बाकी नहीं रखेगा।

इस मौके पर गृह राज्य मन्त्री श्री संतोष मोहन देव व श्री पी. चिदम्बरम् के अतिरिक्त गृह सचिव व देश के विभिन्न राज्यों के पुलिस प्रमुख भी उपस्थित थे। बल के पूर्व महानिदेशकों की उपस्थिति ने इस समारोह की गरिमा को और भी अधिक बढ़ा दिया था। राज्यों के पुलिस संगठनों के साथ बल के सहयोग की स्मृति के रूप में सभी राज्यों व केन्द्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुखों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। इस से पूर्व महानिदेशक श्री हलर्नकर ने गृह मंत्री महोदय को बल की ओर से एक स्मृति चिह्न भेंट किया। गृह राज्यमंत्री श्री संतोष मोहन देव व श्री पी. चिदम्बरम् और गृह सचिव श्री कल्याण कृष्णन को भी स्मृति चिह्न दिए गए। बल के प्रथम महानिरीक्षक श्री पी. एल. मेहता ने जब स्मृति चिह्न ग्रहण किया तो खचाखच भरा विज्ञान भवन तालियों की गड़गड़ाहट से काफी देर तक गूंजता रहा।



बल के प्रथम महानिरीक्षक श्री पी० एल० मेहता गृहमंत्री से स्मृति चिह्न लेते हुए।


इस मौके पर दो प्रदर्शनियां भी लगाई गई थीं। पहली प्रदर्शनी में पंजाब व देश के अन्य भागों में आतंकवादियों तथा विद्रोहियों से बरामद हथियारों को प्रदर्शित किया गया था, तो दूसरी प्रदर्शनी में बल के इतिहास व उपलब्धियों को चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया था। गृहमंत्री का तथा अन्य अतिथियों ने इन दोनों ही प्रदर्शनियों को बड़ी दिलचस्पी के साथ देखा।

इस मौके पर बड़ी संख्या में राजधानी के पत्रकार भी उपस्थित थे। पूरे कार्यक्रम का संचालन दूरदर्शन उद्घोषिका श्रीमती रिनी खन्ना कर रही थीं। उन्होंने सर्वप्रथम उपस्थित लोगों को बल के इतिहास व उपलब्धियों की संक्षिप्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की।

चित्र—बिहारी लाल

स्वर्ण जयंती के अवसर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम

* जुलाई माह में देश के कई भागों में दौड़ों का आयोजन किया जाएगा।
* 27 जुलाई को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में गृह मंत्री के०रि०पु० बल पर एक विशेष डाक टिकट जारी करेंगे।



चित्र प्रदर्शनी को देखते हुए श्री बूटासिंह व श्री चिदम्बरम के साथ महानिदेशक महोदय

* अगस्त माह में बल की विभिन्न यूनिटों व ग्रुप केन्द्रों में वन महोत्सव मनाए जायेंगे।
* सितंबर माह में बल पर लिखे गए विभिन्न लेखों वाली एक पुस्तिका का विमोजन। बल के कार्मिकों के लिए निबन्ध लेखन प्रतियोगिता। छाया चित्र प्रतियोगिता।
* अक्तूबर माह में श्रीनगर, दुर्गापुर, गांधीनगर तथा हैदराबाद से दिल्ली तक साइकिल यात्रायें। नीमच से दिल्ली तक मशाल रिले। राष्ट्रीय बास्केट बाल स्वर्ण कप प्रतियोगिता का दिल्ली में आयोजन।
* नीमच में अंतर क्षेत्रीय दौड़कूद प्रतियोगितायें।
* नवम्बर माह में बल पर एक फिल्म का प्रदर्शन।
  सभी सैक्टरों में स्वर्ण जयंती परेड तथा दिल्ली में स्वर्ण जयंती एवं वार्षिक परेड के साथ कल्याण प्रदर्शनी।
* दिसम्बर माह में बल के विभिन्न सैक्टरों, यूनिटों, ग्रुप केन्द्रों आदि में विभिन्न कार्यक्रम।
  बच्चों व महिलाओं के लिए कार्यक्रम, बैंड डिस्प्ले, बड़ा खाना।
  सांस्कृतिक कार्यक्रम।
  विभिन्न खेल व प्रतियोगियाओं का ग्रुप केन्द्र तथा यूनिट स्तर पर आयोजन।

चार आतंकवादियों द्वारा समर्पण

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 41 बटालियन की 'ई' कम्पनी के साथ 22 अप्रैल, 1989 को पट्टी, पंजाब के गाँव ब्रह्मा के नजदीक हुई एक छोटी मुठभेड़ के बाद चार

आतंकवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया।

ये चारों आतंकवादी एक ट्रेक्टर पर सवार होकर बल की एम्बुश पार्टी की तरफ आ रहे थे, जब इन्हें रुकने के लिए कहा गया, तो वे रुकने के स्थान पर पुलिस पार्टी पर गोलियाँ चलाने लगे, जवानों ने फायर का जवाब दिया और थोड़ी सी मुठभेड़ के बाद चारों आतंकवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया।

बाद में आतंकवादियों की शिनाख्त बलविंदर सिंह उर्फ लक्खा, नरिंदर सिंह उर्फ नंदा, जगतार सिंह उर्फ तुल्ली तथा लखबीर सिंह उर्फ लक्खा के रूप में कर ली गई।

आतंकवादियों के पास से एक .303 पिस्तौल चार राउन्ड सहित, एक डी०बी० बी०एल० गन दो खोखों सहित तथा तथा-कथित खालिस्तान कमान्डो फोर्स के दो पैड बरामद किए गए।

पंजाब के ग्रामीणों को चिकित्सा सहायता

मार्च, अप्रैल, 1989 में बल की 86 बटालियन की मेडिकल टीम ने अपने यूनिट मेडिकल आफिसर डा०सी०आर के मूर्ति के निर्देशन में पंजाब के फरीदकोट जिले के लगभग 100 ग्रामीणों को चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई।

इस टीम ने तरखानवाला, कटाईवाला तथा झंडेवाला गाँवों का दौरा किया। ग्रामवासियों ने उनके इस कार्य की खुलकर प्रशंसा की।

हिन्दी कार्यशाला

ग्रुप केन्द्र हैदराबाद में 27 फरवरी से 3 मार्च, 1989 तक एक हिन्दी कर्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में ग्रुप केन्द्र तथा परिसर में स्थित बल की अन्य यूनिटों के राजपत्रित अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला का संचालन उपमहानिरीक्षक श्री के. आर. के. प्रसाद ने किया।

जोखिम निधि लाभ

माह अप्रैल, 1989 में मृत्यु के 14 मामलों में के.रि.पु. बल जोखिम निधि से कुल 4,54,000 रुपये देने स्वीकृत किए गए। इन में केन्द्रीय कल्याण निधि की 10,000 की राशि भी शामिल है। इसी प्रकार अक्षमता के 14 मामलों में भी 2,10,000 रुपए देने स्वीकृत किए गए।

मद्रास रेंज क्रास कंट्री विजेता

11 मई, 1989 को गुवाहाटी में आयोजित बल की अंतर रेंज क्रास कंट्री प्रतियोगिता मद्रास रेंज ने कुल 91 अंक प्राप्त कर जीत ली।

98 अंक प्राप्त करने पर अजमेर रेंज को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ, जब कि 12 अंक

प्राप्त कर चंडीगढ़ रेंज तीसरे स्थान पर रही।

अजमेर के रामकरन दौड़ समाप्त करने वाले प्रथम धायक रहे। उन्होंने दौड़ 4 मिनट 40 सैकेंड में पूरी की। गुवाहाटी के अमरीक सिंह और चंडीगढ़ के धीरज सिंह क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।


अप्रैल माह में मृत बल के कार्मिक

माह अप्रैल, 1989 में के. रि. पु. बल के निम्न कार्मिक मृत्यु को प्राप्त हुए, सी. आर.पी.एफ. समाचार शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

—

कांस्टेबल ओमप्रकाश (सिगनल ग्रुप केन्द्र), कां० दीन दयाल (28 बटा०), कां० एल. आर. चौधरी (13 बटा०), लां० ना० शेर सिंह (71 बटा०), कां० मुहम्मद अख्तर हुसैन (सी०टी०सी०-II), सफाई कर्मचारी सूरज किरण (51 बटा०), है० कां० भीम सिंह (63 बटा०), ना० (रे० आ०) इंद्रमणी दास (27 बटा०), है० कां० गोपाल लाल (73 बटा०), कां० पी० कुप्पुस्वामी (ग्रु०के० आवड़ी), कां० रणजीत दास (78 बटा०), ना० (ड्रा०) घनश्याम राय (92 बटा०), नायक गुरमीत चांद (24 बटा०), लां०ना० राज सिंह (23 बटा०), कां० मोहिन्दर सिंह (19 बटा०), ना० राम नारायण (3 बटा०), कां० मिलन चन्द्र राय (80 बटा०), कां० दर्शन सिंह (78 बटा०), ला०ना० ओम प्रकाश, (14 बटा०); तथा है०कां० शंकर सिंह (53 बटा०)।

92वीं बटालियन की दीक्षांत परेड



नए जवानों की कसम परेड

24 मार्च, 1989 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के रामपुर ग्रुप केन्द्र में बल की नव गठित 92वीं बटालियन की कसम व दीक्षांत परेड सम्पन्न हुई। परेड की सलामी उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री नारायण दत्त तिवारी ने ली। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ कैडिटों को पुरुस्कार भी दिए।

इस मौके पर बोलते हुए मुख्य मंत्री ने कहा कि बल का अपना एक शानदार इतिहास है। उन्होंने कहा कि कोई खेती में किसान के रूप में देश की सेवा करता है, तो कोई कारखाने में मजदूर के रूप में कार्य कर देश की सेवा करता है। आप अपनी शानदार वर्दी और शानदार हथियारों को ले कर देश की हिफाजत के लिए देश की सेवा करते हैं। जब आप कदम से कदम मिला कर चलते हैं तो देश का अनुशासन आप के साथ कदम मिला कर चलता है। उन्होंने 92वीं बटालियन के जवानों को इस गौरवशाली बल का सदस्य बनने पर बधाई दी।

उन्होंने बल द्वारा देश में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने में किए जा रहे कार्यों की भी प्रशंसा की।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के कई मंत्री, संसद सदस्य एवं अन्य कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। बल की ओर से महानिरीक्षक (मुख्यालय) श्री बी.जे.एस. स्याल ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

भूल सुधार

सी० आर० पी० एफ० समाचार फरवरी, 1989 अंक के पृष्ठ 11 में प्रकाशित समाचार 'बल की टुकड़ी सर्व श्रेष्ठ' में भूलवश 13 बटालियन की जगह 12 बटालियन छप गया है। चंडीगढ़ में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में 13 बटालियन की टुकड़ी ने भाग लिया था और उसको सर्वश्रेष्ठ टुकड़ी घोषित किया गया था। इस गलती के लिए खेद है।

—सम्पादक

अमृत्व


जो कर्मशील रहते हुए मानव मात्र की देखभाल करते हैं, जो एक पल के लिए भी विश्राम नहीं करते, जो लोकसेवा में निरंतर व्यस्त रहते हुए अपने कर्तव्य को निभाते हैं, उन दिव्य पुरुषों ने अमृत्व प्राप्त किया है।

—ऋग्वेद

के० रि० पु० बल पर फिल्म

कैमरे की नजर से सी०आर०पी० एफ०

—एच०एस० सेठी


MANIPUR CENTRAL JAIL
IMPHAL
TOP
RISKING
NO ADMISSION
WITHOUT PERMISSION

इम्फाल जेल में शूटिंग

आजकल केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल पर एक फिल्म बनाई जा रही है, और यह प्रयास किया जा रहा है कि इसका निर्माण कार्य शीघ्र ही पूरा हो जाए, ताकि इसे बल के स्वर्ण जयन्ती समारोह के दौरान प्रदर्शित किया जा सके।

यह फिल्म सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का फिल्म प्रभाग बना रहा है। इस फिल्म के मुखिया हैं फिल्म प्रभाग के संयुक्त मुख्य निर्माता के० के० गर्ग। फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं ए० के० गूरहा और इसके छायाकार हैं सुनील विरमानी।

उत्तर पूर्वी राज्यों में शूटिंग करने के लिए इस दल ने मार्च और अप्रैल माह में पहला दौरा किया। इस दौरान सिक्किम और कलिंगपोंग में की गई शूटिंग के दौरान किए गए छायाँकन में सिक्किम के भारत में विलय के समय के०रि०पु० बल द्वारा निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका को दर्शाया गया है। इसमें यह भी दर्शाया गया है कि वर्तमान समय में बल इस इलाके में किस प्रकार विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसमें गोरखा नेशनल लिबरेशन फ्रंट का आन्दोलन भी शामिल है। इस सम्बन्ध में ऋषि पोस्ट पर भी थोड़ी शूटिंग की गई ज्ञातव्य है कि इस पोस्ट पर गत वर्ष गोरखा लिबरेशन फ्रंट के विद्रोहियों द्वारा जबरदस्त हमला किया गया था।

इस स्थान का एक विशेष महत्व है। ऋषि पर स्थापित पुल सिक्किम को प० बंगाल से जोड़ता है। सड़क के एक ओर खड़े पहाड़ प० बंगाल की सीमाओं में आते हैं तो दूसरी ओर खड़े पहाड़ सिक्किम की सीमाओं का संकेत देते हैं। ऐसा माना जाता है कि लगभग 300 गोरखा विद्रोही सिक्किम की तरफ से आए और बल की ऋषि पोस्ट पर नियोजित हमला किया। पोस्ट पर तैनात जवानों ने उनका जमकर मुकाबला किया और उन्हें रोके रखा। बल की अन्य सहायता टुकड़ी को आते देख— जिसका पता विद्रोहियों को भारी वाहनों की आवाज तथा रोशनी से लग गया था— विदोही अन्धेरे का लाभ उठाकर भाग निकले।



अरुणाचल प्रदेश के दुर्गम इलाकों में शूटिंग टीम।

फिल्म के निर्देशक श्री गूरहा व कैमरामैन सुनील विरमानी के लिए यहां पहाड़ पर शूटिंग करना वास्तव में काफी कठिन कार्य था, क्योंकि ऋषि में यह पहाड़ बिल्कुल सीधी दीवार की तरह खड़ा है, इस पर चढ़ना वास्तव में टेढ़ी खीर है। अब तक की गई शूटिंग का यह सबसे कठिन दौर था। ऋषि से यह पार्टी कलिंगपोंग पहुंची, जहाँ उसने गोरखा विद्रोहियों से बरामद किए गए हथियारों के छायांकन के साथ-साथ बल के उन तीन बहादुर शहीदों के स्मारक का भी छायांकन किया, जो रहने वाले तो इस क्षेत्र के थे, लेकिन कर्त्तव्य की पुकार पर जिन्होंने हाटस्प्रिंग्ज में देश सेवा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। ज्ञातव्य है कि हाटस्प्रिंग्ज, लद्दाख में 21 अक्तूबर, 1959 को बल की पोस्ट पर चीनी सैनिकों द्वारा किए गए एक आक्रमण में बल के 10 जवान मारे गए थे।

प्राकृतिक विषमताओं के बावजूद बल के जवान किस प्रकार अपनी ड्यूटी को मुस्तैदी से अन्जाम दे रहे है, यह दर्शाने के लिए अरुणाचल प्रदेश के संचार की दृष्टि से दुर्गम इलाकों में बल की भूमिका की शूटिंग की गई। इन इलाकों में बल के जवान अपने आदर्श गीत 'चलते रहो प्यारे' को चरितार्थ करते हुए अपने कर्तव्य को सामान्य रूप से ही अन्जाम देते हैं, चीनी

सीमा के पास 2,657 मीटर की ऊंचाई पर बर्फ से ढके मयोदया पास में इसके लिए


शूटिंग की गई।

ऐसी जगह पर शूटिंग करना जहां जीप से मात्र 40 किलोमीटर ऊपर नीचे जाने में ही नौ-दस घंटे तक लग जाते थे—भारी झरनों तथा नदियों को हाथियों आदि की मदद से पार करना पड़ता था—अपने आप में धैर्य की परीक्षा लेने जैसा था।

शूटिंग टीम ने इन इलाकों में बल द्वारा स्थानीय नागरिकों को दी जा रही चिकित्सा आदि सुविधाओं की भी शूटिंग की।

बल की 49वीं वार्षिकोत्सव परेड तथा गणतन्त्र दिवस परेड में शामिल बल की टुकड़ियों को भी फिल्म में स्थान दिया गया है।

शूटिंग के दूसरे दौर में नागालैंड मणिपुर में तथा असम में बोड़ो हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों में बल की भूमिका की शूटिंग की गई।



पंजाब के दुर्गम क्षेत्र मंड में शूटिंग

अप्रैल माह में असम के कोकराझार क्षेत्र में मणिपुर में तथा असम नागालैंड की सीमा पर और पंजाब के मंड तथा सीमा क्षेत्रों में शूटिंग की गई। कोकराझार में की गई शूटिंग में इस इलाके में बोड़ो हिंसा के दौरान हुए विनाश को दर्शाया गया है। और यह भी चित्रित किया गया है कि इस माहौल में यहाँ बल के जवान किस प्रकार कार्य कर रहे हैं। मणिपुर में की गई शूटिंग में इम्फाल जेल की सुरक्षा में तैनात बल के जवानों की शूटिंग की गई है ज्ञातव्य है कि इस जेल से विगत में कई कुख्यात विद्रोही भाग चुके हैं, इसके अलावा बैंकों की भी शूटिंग की गई, जो कि विद्रोही गुटों के आक्रमण का मुख्य

निशाना होते हैं।

हमारे पाठक भली भाँति जानते हैं कि बल के जवान असम तथा नागालैंड की सीमा पर आरक्षित वनों में किन कठिन परिस्थितियों के बीच कार्य करते हैं। इन स्थानों पर रहने वाले ग्रामवासी दुर्भाग्यवश प्रायः विद्रोही हिंसा के शिकार होते रहते हैं। असम और नागालैंड सीमाओं पर की गई शूटिंग में इन इलाकों में विद्रोहियों द्वारा किए गए विनाश को दर्शाया गया है और यह भी दर्शाया गया है कि इस संवेदनशील क्षेत्र में बल के जवान किस प्रकार कानून व व्यवस्था को बनाए हुए हैं।

पंजाब के मंड तथा सीमा से लगे क्षेत्रों में आतंकवादियों से निबटने में निभाई जा रही बल की भूमिका का भी वास्तविक स्थलों पर छायाँकन किया गया है।

फिल्म की शूटिंग अभी जारी है, तथा अभी इसमें बल के अन्य कई महत्वपूर्ण कार्यों का समावेश किया जाना है।

सच और झूठ

एक व्यक्ति की परछाई ने व्यक्ति से कहा—"लो आज मैंने तुम्हें पराजित कर दिया। तुम जितने थे, उतने ही रहे, और मैं तुम्हारी होकर भी तुमसे कहीं अधिक बड़ी हो गई।" पहले तो व्यक्ति हंसा फिर उसने जवाब दिया—"सच और झूठ में यही तो अन्तर होता है। सत्य सदैव स्थिर, एक सा रहता है, मगर झूठ सदैव अस्थिर रहता है।"

बल के नौ जवानों को शौर्यता पदक

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के नौ कार्मिकों को पंजाब में आतंकवादियों के विरुद्ध संघर्ष में दिखाए गए साहस के लिए शौर्यवीरता के पुलिस पदकों से सम्मानित किया गया है।

20 बटालियन के उपाधीक्षक किरपाल सिंह, लांस नायक सदाशिव सिंह, कांस्टेबल भूप सिंह, मोहम्मद खलिल व शक्ति सिंह को राष्ट्रपति के पुलिस पदकों से सम्मानित किया गया है, जब कि 11 बटालियन के कमांडैंट भगत सिंह, लांस नायक छत्तर सिंह, कांस्टेबल/ड्राइवर बी. बी. चौबे तथा 49 बटालियन के सब-इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार सिंह को शौर्य वीरता के पुलिस पदकों से सम्मानित किया गया है।

6 मई, 1988 को आतंकवादी गतिविधियों की सूचना प्राप्त होने पर उपाधीक्षक किरपाल सिंह राजपुरा थाने के प्रभारी व के. रि. पु. बल की एक टुकड़ी के साथ तत्काल चेन्नूर अम्बाला मार्ग की तरफ चल दिए।

एक संदिग्ध फार्म हाऊस के नजदीक पहुंचने पर उन्होंने देखा कि एक युवक खेतों की ओर भाग रहा है। इलाके की तलाशी के दौरान दो आतंकवादी बल के जवानों पर फायर कर भाग खड़े हुए। लगभग 5 किलोमीटर तक जवानों ने उन का पीछा किया। इस बीच दोनों ओर से गोली बारी भी होती रही, जिसके परिणामस्वरूप दोनों

आतंकवादी मारे गए। बाद में उन की शिनाख्त दलजिंदर सिंह तथा बलविंदर सिंह के रूप में कर ली गई। उनके पास से दो ए.के. 47 राइफलें, 100 राऊंड तथा 100 खाली खोखे बरामद हुए। इस मुठभेड़ में उपाधीक्षक किरपाल सिंह, लांस नायक सदाशिव सिंह तथा कांस्टेबल भूप सिंह मोहम्मद खलिल व शक्ति सिंह ने उच्च श्रेणी के साहस व शौर्य का परिचय दिया।

17 अक्टूबर, 1987 को होशियारपुर में 11 बटालियन के जवानों के साथ हुई एक अन्य मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। रुकने का संकेत देने पर स्कूटर पर सवार दो आतंकवादियों ने कमांडैंट व उस के जवानों पर गोलियां दागनी शुरू कर दी। जवानों द्वारा जबाब में फायर करने पर एक आतंकवादी मारा गया। दूसरा आतंकवादी बल के ड्राइवर के साथ सीधे भिड़ने पर मारा गया। कमांडैंट भगत सिंह, लांस नायक छत्तर सिंह तथा कांस्टेबल/ड्राइवर बी. बी. चौबे ने इस मुठभेड़ में उच्च श्रेणी के साहस व वीरता का प्रदर्शन किया।

सब-इंस्पेक्टर रविंद्र सिंह को यह पदक एक ऐसे आतंकवादी को मार गिराने के लिए दिया गया, जो 6 अगस्त, 1987 को स्वर्ण मंदिर के पीछे कटरा बल सिंह चौक के पास बल के एक जवान को निशाना बनाने जा रहा था।


जीप में विस्फोट

बल की 28 बटालियन की 'ए' कम्पनी के दो जवान उस समय बुरी तरह घायल हो गए, जब उन की जीप, एक शक्तिशाली बम से बुरी तरह ध्वस्त हो गई। यह घटना 23 अप्रैल, 1989 को पंजाब में तूर गांव के नजदीक घटी, वे जवान दुर्घटनाग्रस्त हुई जीप में इलाके की पैट्रोलिंग ड्यूटी पर थे। घटना स्थल से 12 बोल्ट की बैटरी एक तार व स्विच के साथ बरामद की गई। इस विस्फोट से जीप बुरी तरह ध्वस्त हो गई।

एम. टी. प्रतियोगिता में कलकत्ता प्रथम

वर्ष 1989 के लिए इण्टर रेंज मोटर परिवहन प्रतियोगिताएं 26 से 30 अप्रैल, 1989 तक ग्रुप केंद्र रामपुर में आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में कलकत्ता रेंज प्रथम, मद्रास द्वितीय व दिल्ली तीसरे स्थान पर रही।

364 जवानों द्वारा रक्तदान



रक्तदान करते बल के अधिकारीगण

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के नई दिल्ली आर. के. पुरम अस्पताल में 10 अप्रैल, 1989 को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ये शिविर बल के बेस अस्पताल के तत्वाधान में आयोजित किया गया था। इस शिविर में 364 कार्मिकों ने रक्तदान दिया। इस शिविर का उद्घाटन रेड क्रास के निदेशक डा० एम० एल० गुप्ता ने किया। इस शिविर का आयोजन बल की स्वर्ण जयंती के सिलसिले में आयोजित कार्यक्रमों के तहत किया गया था।

रक्तदान करने वालों में बल की 88वीं महिला बटालियन के कमांडैंट श्री एस. ए. खान भी शामिल थे, जिन्होंने 38वीं बार रक्तदान दिया। 58 बटालियन के सहायक कमांडैंट पी० एन० दीनदयालन ने सातवीं बार तथा महिला बटालियन की सब इन्स्पेक्टर नीलम डोबरीयाल ने चौथी बार अपना रक्तदान दिया।

रक्तदान में भारी संख्या में शामिल होने वाली महिला बटालियन की लड़कियों के अतिरिक्त, नर्सिंग स्टाफ तथा बेस अस्पताल की महिला कर्मियों ने भी रक्तदान किया।

इस मौके पर बोलते हुए रेड क्रास के निदेशक डा० एम. एल. गुप्ता ने बल द्वारा की जा रही मानवता की इस सेवा की भरपूर प्रशंसा की।


पहला शिकारी : मैने एक शेर के दोनों कान पकड़ कर हिलाये, उसके बाद पीछे की दोनों टांगें पकड़ कर जोर से मरोड़ी, पर वह हिला ही नहीं। आखिर एक चेतावनी

देकर मैं वापस घर आ गया।

दूसरा शिकारी : (आश्चर्यचकित होकर) भई, कमाल के बहादुर हो। यह तो बताओ कि शेर को किस बात की चेतावनी दे आये।

पहला शिकारी : मैंने उसे साफ कह दिया कि अबे, यह तो तू मुझे मरा हुआ मिला, वरना तेरी इससे बदतर हालत बना डालता।

मुख्य सम्पादक : एच०एस० सेठी। **सम्पादक :** एम० पी० नथैनियल तथा अनिल गुप्ता। **मुद्रक :** सी०आर०पी०एफ० प्रेस, झड़ौदाकलाँ, नई दिल्ली-110072। **मुद्रक तथा प्रकाशक :** महानिदेशक, के० रि० पु० बल, ब्लाक-1, सी० जी० ओ० काम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 की ओर से एच०एस० सेठी।


PLAY THE GAME IN THE SPIRIT OF THE GAME
GOLD CUP

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की मासिक पत्रिका

सीआरपीएफ समाचार

- चार कार्मिकों को शौर्यता पदक
- 64 बटालियन के जवानों के लिए आवास व्यवस्था
- आंतरिक सुरक्षा पर विचार संगोष्ठी

मूल्य—1.60 रुपए खण्ड—II अंक—4 30 जून, 1989 9 आषाढ़, शक संवत् 1911



नई दिल्ली स्थित 58 बटालियन स्थल पर संनिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए बल के महानिदेशक श्री पी. जी. हलनंकर


— छाया : सतीश खन्ना

सी आर पी एफ समाचार

केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल की मासिक पत्रिका

सेठी फील्ड पब्लिसिटी में

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जन संपर्क अधिकारी श्री एच. एस. सेठी ने 30 जून से फील्ड पब्लिसिटी निदेशालय, नई दिल्ली में संयुक्त निदेशक पद का कार्यभार संभाल लिया।



श्री एच० एस० सेठी

श्री सेठी 1973 से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में जन संपर्क अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे थे। फील्ड पब्लिसिटी निदेशालय में उनकी नियुक्ति उन्हें दी गई पदोन्नति का परिणाम है।

श्री सेठी बल में पाने से पूर्व उपनिदेशक (पर्यटन) हिमाचल प्रदेश तथा पंजाब सरकार के जन संपर्क अधिकारी भी रह चुके हैं। श्री सेठी ने अपना व्यवसायिक जीवन अंग्रेजी दैनिक इन्डियन एक्सप्रैस में उप संपादक के रूप में शुरू किया। राष्ट्रीय स्तर की पत्र पत्रिकाओं में श्री सेठी के लेख अकसर प्रकाशित होते रहते हैं। श्री सेठी हमारी पत्रिका सी. आर. पी. एफ. समाचार के हिन्दी व अंग्रेजी संस्करणों के मुख्य संपादक भी थे।

स्वर्ण जयंती निबंध लेखन प्रतियोगिता

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की स्वर्ण जयंती के अवसर पर एक निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है । निबन्ध का विषय है—

हिंदी :—केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एक गौरवमय अतीत एवं चुनौती पूर्ण भविष्य।
अंग्रेजी:—Central Reserve Police Force-Glorious Past and a Challenging future.

* इस प्रतियोगिता में बल के सभी सदस्य, जिन में अन्य संगठनों में प्रतिनियुक्त व्यक्ति भी शामिल हैं, भाग लेने के पात्र हैं।
* निबन्ध स्वरचित होना चाहिए।
* यह 5,000 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए तथा कागज पर दोहरा हाशिया छोड़ कर टाइप किया गया होना चाहिए। तथा इसकी 5 प्रतियां भेजी जाएँ।
* संदर्भित पुस्तक व लेखक का नाम अवश्य उद्धृत करें।
* नियमों के अनुरूप न पाई जाने वाली प्रविष्टियों को रद्द करने के सर्वाधिकार सुरक्षित हैं।
* प्रत्येक निबन्ध के साथ एक पत्र संलग्न किया जाना चाहिए, जिसमें प्रतियोगी का नाम, रैंक और कार्यालय विवरण दिया हो।
* प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां 30 सितम्बर तक निदेशक, आंतरिक सुरक्षा अकादमी, आबू पर्वत, सिरोही, राजस्थान, पिन-307501 के पते पर पहुंच जानी चाहिए अंतिम तिथि के बाद मिलने वाली प्रविष्टियों को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जाएगा।
* प्रतियोगिता समिति का निर्णय अन्तिम होगा और इसके निर्णय के विरुद्ध कोई अपील स्वीकार्य नहीं होगी।
* पुरुस्कृत निबन्धों को प्रथम, द्वितीय व साँत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे।

जवानों द्वारा आग पर काबू

21 अप्रैल, 1989 को प्रातः अमृतसर स्थित मोहन आयल मिल के गोदाम में भयंकर आग लगने पर 79 बटालियन की 'बी' कम्पनी के जवानों ने उपाधीक्षक एन.एस. खत्री के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुँच कर आग पर काबू पा लिया। बल के जवानों के इस साहसपूर्ण कार्य की नागरिकों व स्थानीय अधिकारियों ने भरपूर प्रशंसा की।

9 मई, 1989 को मोकामाघाट में ग्राम बराहैया में आग भड़कने पर ग्रुप केन्द्र से उप निरीक्षक नगेंद्र सिंह तथा समुचित शर्मा के नेतृत्व में 60 जवानों का एक दल तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गया। जवानों के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले ही 70 झोंपड़ियां पूरी तरह जल कर राख हो चुकी थी। जवानों ने अपूर्व साहस व तत्परता का परिचय देते हुए शीघ्र ही आग पर काबू पा लिया।

इसके कुछ ही दिन बाद जवानों ने मोकामाघाट में ही एक नागरिक के घर पर लगी आग को भी इसी तत्परता से बुझा कर सर्वत्र प्रशंसा अर्जित की।

10 मई, 1989 को श्रीनगर में स्टेट बैंक आफ इंडेया के सहायक प्रबन्धक के घर में लगी भयंकर आग पर बल की 33 बटालियन के जवानों ने तत्काल काबू पा लिया। जवानों के परिश्रम व साहस से काफी सम्पति नष्ट होने से बच गई।


बल के चार कार्मिकों को शौर्यता पदक



कांस्टेबल साबिर हुसैन



कांस्टेबल रछपाल सिंह



कांस्टेबल ओमप्रकाश

के. रि. पु. बल की 69 बटा० के एक अधिकारी व तीन जवानों को 15 जुलाई, 1987 को उत्तरी त्रिपुरा में टी. एन. वी. उग्रवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में दिखाई गई वीरता व साहस के लिए शौर्यवीरता के पदकों से सम्मानित किया गया है।

उपाधीक्षक सवाईसिंह (मरणोपरांत) को राष्ट्रपति का पुलिस पदक तथा कांस्टेबल रिछपाल सिंह, साबिर हुसैन तथा ओमप्रकाश (मरणोपरांत) को शौर्यवीरता के पुलिस पदक प्रदान किए गए हैं।

यह सूचना प्राप्त होने पर कि टी. एन. वी. उग्रवादियों का एक गिरोह शिवबारी गाँव में लूटमार, हत्याएं व आगजनी करने के बाद रोजापारा गांव की ओर बढ़ रहा है, उपाधीक्षक सवाई सिंह के नेतृत्व में बल की चार टुकड़ियां तत्काल घटनास्थल की ओर कूच कर गई।

गांव के नजदीक पहुंचने पर उग्रवादियों ने बल की टुकड़ियों को देखते ही उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। जवानों ने तत्काल फायर का जवाब दिया।

भारी गोलीबारी के बावजूद सवाई सिंह रेंगते हुए उग्रवादियों के काफी नजदीक पहुंच गए। अभी वह आतंकवादियों पर फायर करने ही वाले थे कि आतंकवादियों द्वारा चलाई गई गोलियों की बौछार ने उन्हें बुरी तरह छलनी कर दिया। उनकी तत्काल घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई।

कांस्टेबल ओमप्रकाश अपनी लाईट मशीनगन से लगातार आतंकवादियों पर गोलियां बरसा रहे थे कि आतंकवादियों की गोलियां लगने से वह भी जख्मी हो गए और उनकी तत्काल मृत्यु हो गई।

छाती में बुरी तरह गोलियाँ लगने के बावजूद कांस्टेबल साबिर हुसैन आतंकवादियों पर फायर करते रहे, जिससे आतंकवादी अपना स्थान छोड़ने पर मजबूर हो गए। अत्यधिक रक्त बह जाने पर फायर करने में स्वयं को असमर्थ पाने पर कांस्टेबल

रिछपाल सिंह भारी गोलीबारी के बावजूद स्वयं को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने में सफल हो गए। अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए रिछपाल सिंह मृत उपाधीक्षक सवाई सिंह के पास से वायरलैस सेट व मृत कांस्टेबल ओमप्रकाश के पास से एल. एम. जी. भी उठा लाए, इस प्रकार उन्होंने वायरलैस व एल. एम. जी. को आतंकवादियों के हाथ में जाने से बचा लिया।

सूक्तियाँ

हमारे हास्य में हमारी विजय भावना निहित होती है। जब जब हमारी श्रेष्ठता स्थापित होती है, तब तब हमें हंसी आती है ।

—लैहंट

छंटाक भर वैज्ञानिक विचार मन भर अज्ञानपूर्ण उत्साह से बढ़कर हैं।

—हैवर्ड


विचार की बात को न तो अति निर्धनता सुन सकती है, न अति अमीरी।

—फिल्डिंग

आर्दश सितारों की तरह से होते हैं। हम उन तक कभी नहीं पहुंच पाते लेकिन समुद्र के नाविकों की तरह हम उन से अपने पथ का निर्धारण किया करते हैं।

—कार्ल शुर्ट्स

मृत कांस्टेबल के संबंधी को अनुदान



महानिरीक्षक उत्तरी क्षेत्र श्री द्विवेदी से एक लाख का चैक स्वीकार करते हुए स्व० कांस्टेबल बिरेन्द्रसिंह के पिता श्री धीरज सिंह।

के०रि०पु० बल की 30 बटालियन के कांस्टेबल स्व० बिरेंद्र सिंह नेगी के पिता को 2 जून, 1989 को एक लाख का चैक मेंट किया गया। अंधेरी मोड़, नई दिल्ली में आयोजित एक सादे समारोह के बीच के. रि. पु. बल के उत्तरी क्षेत्र के महानिरीक्षक श्री सी० एस० द्विवेदी ने यह चैक मृत जवान के पिता श्री धीरज सिंह नेगी को प्रदान किया। यह राशि कर्त्तव्य पर मृत जवानों के सम्बन्धियों को पंजाब सरकार द्वारा प्रदान की जाती है।

पंजाब में दो आतंकवादियों का पीछा करते हुए कांस्टेबल बिरेंद्र सिंह नेगी ने एक आतंकवादी को दबोच लिया। अभी उस ने आतंकवादी को दबोचा ही हुआ था कि दूसरे आतंकवादी ने बिरेन्द्र सिंह पर गोली चला दी, जिससे बिरेन्द्र सिंह के सीने पर गंभीर चोट लगी। मौके का फायदा उठाकर दोनों आतंकवादी भागने का प्रयास करने लगे। गम्भीर रूप से घायल होने के बावजूद बिरेन्द्र सिंह ने एक आतंकवादी पर फायर किया जिस से आतंकवादी की तत्काल मृत्यु हो गई। मगर थोड़ी ही देर बाद स्वयं बिरेन्द्र सिंह ने दम तोड़ दिया।

अनुदान राशि प्रदान करने के लिए आयोजित किए गए समारोह में बोलते हुए श्री द्विवेदी ने कहा कि अपने हाल ही के पंजाब दौरे के दौरान उन्होंने देखा है कि वहाँ बल

के जवानों का हौंसला बुलन्द है। उनकी सफलताओं ने आतंकवादियों के हौंसले पस्त कर दिए हैं और अब वे बिखरने लगे हैं।

जोखिम निधि लाभ

माह मई, 1989 के दौरान मृत्यु को प्राप्त हुए बल के 22 कार्मिकों के निकट सम्बन्धियों को जोखिम निधि फंड से 35,000 रुपये प्रति व्यक्ति की दर से 7,70,000 रुपये देने स्वीकृत किए गए।

... बटालियन), सिपाही इन्दरजीत शर्मा (31 बटालियन), लांस नायक रमेश चन्द्र (28 बटा०), नायक सोना लाल मुरमुर (41 बटालियन), सिपाही रवि दिगम्बर (80 बटा०), धोबी रंगलाल (58 बटालियन), सिपाही/ड्राइवर मोहन सिंह (ग्रुप केन्द्र बनतालाब), लांस नायक/ड्राइवर आर० बालाकृष्णन पिल्ले (18 बटालियन), सिपाही वी० एम० गंगाटे (44 बटालियन), नायक एम० जी० पंवार (32 बटालियन), नायक बिधी चन्द (5 बटालियन) पुलिस उपअधीक्षक श्री एच० एन० राय (34 बटालियन), नायक डी० एन० शेरपा (12 बटालियन), हवलदार महाबीर सिंह (19 बटालियन), ला. ना. ध्यान सिंह (86 बटालियन), नायक जगबीर सिंह (37 बटालियन), उप निरीक्षक बी० चक्रवर्ती (93 बटालियन) सिपाही नरेश कुमार (54 बटा०), सिपाही दलजीत सिंह (29 बटालियन), लांसनायक बचनसिंह (38 बटालियन), सिपाही रामगोपाल यादव (38 बटालियन), सिपाही दीन मोहम्मद (38 बटालियन), सिपाही दिवाकर स्वाइन (38 बटालियन), नायक इन्दर बहादुर (38 बटालियन), एवं लांगरी/कुक आर० एन० शर्मा (53 बटालियन)।

कार्मिकों के लिए सुविधाएं

सरकार ने अधीनस्थ अधिकारियों एवं अन्य रैकों के लिए अधिकृत लैदर सोल के दो जोड़े बूट एंकल में से, एक जोड़े के बदले एक जोड़ा डी०एम०एस० बूट की मंजूरी दे दी है, इस के टिकाऊपन की अवधि तीन वर्ष होगी।

कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह 2 मार्च, 1989 को अजनाला में आतंकवादियों से हुई एक मुठभेड़ में वीरतापूर्वक लड़ते हुए मारे गए। कांस्टेबल गुलफाम भी अमृतसर जिले में आतंकवादियों से हुई एक मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए।



लांस नायक दौलतराम, कांस्टेबल सुरेन्द्रसिंह तथा कांस्टेबल गुलफाम की विधवाएँ चैक स्वीकार करने के बाद।


यह राशि विधवानों को बल द्वारा दी जाने वाली अन्य कल्याण सहायताओं के अतिरिक्त अनुदान स्वरूप पंजाब सरकार द्वारा दी गई है।

इस मौके पर बोलते हुए बल के महानिदेशक श्री प. ग. हलर्नकर ने कहा कि उन्होंने अपने हाल के पंजाब दौरे के दौरान देना है कि पंजाब में बल के जवानों का नैतिक साहस बहुत ऊंचा है, और उनकी सफलता ने आतंकवादियों के हौंसले पस्त कर दिए हैं।

अखिल भारतीय पुलिस तैराकी प्रतियोगिताएँ

विजय का सेहरा फिर के० रि० पु० बल के सिर पर

—एम० पी० नथैनियल



अखिल भारतीय पुलिस तैराकी प्रतियोगिताओं के उद्घाटन के अवसर पर बल की टीम।

लगातार 12वें वर्ष भी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने 38वीं अखिल भारतीय पुलिस तैराकी चैंपियनशिप पर अपना कब्जा बनाए रखा। ये प्रतियोगिताएं 9 से 13 अगस्त, 1989 तक नई दिल्ली में हुई।


बल की इस अद्वितीय विजय का सेहरा इस बार राष्ट्र के जाने माने तैराक खजान सिंह के सिर पर रहा। जब भी वह जिस किसी भी प्रतियोगिता में उतरा, यह अनुमान शुरू से ही लगा लिया गया कि स्वर्ण पदक उसके हिस्से में ही जाएगा। असल मुकाबला तो दूसरे और तीसरे स्थान के लिए ही हुआ। खजानसिंह की अद्वितीय तैराकी पर ही दर्शकों की नजर जमी रही, इसलिए अन्य तैराकों पर दर्शक अधिक ध्यान नहीं दे पाए।

बल के 25 वर्षीय उपाधीक्षक खजान सिंह ने कुल मिलाकर 11 स्वर्ण पदक जीते, जिन में से 8 पदक उसे व्यक्तिगत स्पर्द्धाओं के लिए दिए गए। तीन अन्य स्वर्ण पदक उसे रिले प्रतियोगिताओं में उसकी भागीदारी के लिए दिए गए।

इन पाँच दिवसीय स्पर्द्धाओं में 2 नए रिकार्ड बनाए गए। खजानसिंह ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक में अपने ही पांच साल पुराने 1.05:80 सैकेंड के रिकार्ड को तोड़ दिया, उन्होंने यह दूरी तय करने में कुल 1.05: 20 सैकेंड का समय लिया। उनके साथी अजीत सांगवान ने 1.07:70 सैकेन्ड का समय लेकर रजत पदक लिया, जबकि 1.09:20 सैकंड का लेने पर भा. ति. सी. पु. के सनातन हालदार को कांस्य पदक प्रदान किया गया।

अगला रिकार्ड खजानसिंह, रणजीतसिंह, प्रेमजीतसिंह तथा अजीत सांगवान को

जोड़ी ने 4×200 मीटर की फ्री स्टाइल रिले में बनाया। उन्होंने कुल 8.51:13 सैकंड का समय लिया, जबकि पिछला रिकार्ड 8.59:33 सैकंड का था। सी. सु. बल की टीम 9.15:14 सैकंड का समय लेकर दूसरे स्थान पर रही जबकि 9.20.07 सैकंड लेने पर भा. ति. सी. पु. को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।




खजान सिंह : 11 स्वर्ण पदक

100 मीटर फ्रीस्टाइल की दूरी मात्र 56.46 सैकंड में पूरी करने पर खजान सिंह प्रतियोगिता के सबसे तेज तैराक घोषित किए गए। इसी प्रतियोगिता में उनके साथी रंजीतसिंह को रजत पदक मिला, उन्होंने कुल 59.24 सैकंड का समय लिया। कांस्य पदक सी. सु. बल के सुरेन्द्र टोकस को मिला, उन्होंने यह दूरी 1.00:27 सैकंड में पूरी की।

खजान सिंह ने जो अन्य प्रतियोगिताएं जीती वे हैं, 50 तथा 200 मीटर फ्री स्टाइल, 100 तथा 200 मीटर बैक स्ट्रोक, 100 तथा 200 मीटर बटरफ्लाई तथा 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले।

के. रि. पु. बल के स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले अन्य तैराक थे प्रेमजीत सिंह जिन्होंने 400 मीटर फ्री स्टाइल तथा व्यक्तिगत मिड्ले में स्वर्ण पदक जीते, एस. राधाकृष्णन ने अपनी 100 तथा 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में श्रेष्ठता जाहिर करते हुए स्वर्ण पदकों पर कब्जा जमाया, तथा बी. एस. रवि शेखर ने हाई बोर्ड डाइविंग में स्वर्ण पदक जीता। टीम टाइटल प्राप्त करने के लिए बल ने कुल 305 अंक बटोरे, जबकि सी. सु. बल 141 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। भा. ति. सी. पु. को केवल 78 अंक प्राप्त हुए, वह

तीसरे स्थान पर रही।



विश्व पुलिस खेलों में उनके प्रर्दशन के लिए बल के शमसुद्दीन को तैराकी प्रतियोगिताओं के दौरान गृह राज्य मंत्री श्री संतोष मोहन देव ने सम्मानित किया।


वाटरपोलो प्रतियोगिता में सी. सु. बल ने के. रि. पु. बल को पछाड़ कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर पंजाब पुलिस रही।

प्रतियोगिता के कुल परिणाम इस प्रकार हैं:

50 मीटर फ्री स्टाइल : (1) खज़ान सिंह (के. रि. पु. बल) 0:25:78 सैकंड (2) एन. के. सोम (सी. सु. बल) 0:26.80 सैकंड, (3) सागर बाबू रो (सी. सु. बल) 0:26.87 सैकंड।

100 मीटर फ्री स्टाइल : खजान सिंह (के. रि. पु. बल) 0:56.46 सैकंड (2) रणजीतसिंह (के. रि. पु. बल) 0:59.24 सैकंड, (3) सुरेन्द्र टोकस (सी. सु. बल) 1:00.21 सैकंड।

200 मीटर फ्रीस्टाइल : (1) खजान सिंह (के० रि० पु० बल) 2:09.10 सैकंड, (2) सुरेन्द्र टोकस (सी०सु०बल) 2:10.89 सैकंड (3) रणजीत सिंह (के०रि०पु०बल) 2:10.95 सैकंड।



4X100 मी० मेडले रिले के विजेता—बाएं से परमजीत सिंह, खजानसिंह अजित सांगवान और राधाकृष्णन ।

400 मीटर फ्रीस्टाइल : (1) प्रेमजीत सिंह (के० रि० पु० बल) 4 36.08 सैकंड, (2) बी० हरीलाल (भा० ति० सी० पु०) 4:38.73 सैकंड (3) रणजीत सिंह (के० रि० पू० बल) 4:39.51 सैकंड।

1500 मीटर फ्रीस्टाइल : (1) बी० हरीलाल (भा० ति० सी० पु०) 18:24.49 सैकंड, (2) प्रेमजीत सिंह (के०रि०पु०बल) 18:53.44 सैकंड (3) रणजीत सिंह (के०रि०पु०बल) 18:53.59 ।

100 मीटर बैक स्ट्रोक : (1) खजान सिंह (के० रि० पु० बल) 1:05.20 सैकंड (नया रिकार्ड), (2) अजीत सांगवान (के० रि० पु० बल) 1:07.70 सैकंड (3) सनातन हालदार (भा० ति० सी० पु०)1:09.20 सैकंड।

200 मीटर बैक स्ट्रोक : (1) खजान सिंह (के० रि० पु० बल) 2:23.74 सैकंड, (2) अजीत सांगवान (के० रि० पु० बल) 2:29.16 सैकंड, (3) सनातन हालदार (भा०ति०सी०पु) 2:30.95 सैकंड ।

100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक : (1) एस० राधाकृष्णन (के० रि० पु० बल) 1:13.31 सैकंड, (2) जी०आर० चैरी (के० रि० पु० बल) 1:15.80 सैकंड (3) राजेश शर्मा (सी०सु०बल) 1:16.24 सैकंड ।

200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक : (1) एस० राधाकृष्णन (के० रि० पु० बल) 2:38.75 सैकंड, (2) जी०आर० चैरी (के० रि० पु० बल) 2:45.04 सैकंड (3) राजीव टोकस

(भा०ति०सी०पु०) 2:50.07 सैकंड ।

100 मीटर बटरफ्लाई स्ट्रोक : (1) खजान सिंह (के० रि० पु० बल) 0:59.82 सैकंड, (2) सुरेन्द्र टोकस (सी० सु० बल) 1:02.30 सेकंड (3) प्रेमजीत सिंह (के० रि० पु० बल) 1:05.79 सैकंड ।

200 मीटर बटरफ्लाई स्ट्रोक : (1) खजान सिंह (के० रि० पु० बल) 2:11.41 सैकंड, (2) सुरेन्द्र टोकस (सी० सु० बल) 2.28.67 सैकंड, (3) पदम लाल (के० रि० पु० बल) 2:27.08 सैकंड ।

200 मीटर व्यक्तिगत मिडले : (1) खजान सिंह) के० रि० पु० बल) 2:27.95 संकंड, (2) सुरेन्द्र टोकस (सी० सु० बल) 2:28.67 सैकंड ।(3) प्रेमजीत सिंह (के० रि० पु० बल) 2:29.11 सैकंड ।

400 मीटर व्यक्तिगत मिडले : (1) प्रेमजीत सिंह (के०रि०पु०) 5:18.41 सैकंड (2) टी० जे० जैकब (के०रि०पु० बल) 5:21.48 सैकंड, (3) सुरेंद्र टोकस (सी० सु० बल) 5:23.77 सैकंड ।

4x100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले : (1) के० रि० पु० बल (4:01.18), (2) सी० सु० बल (4:04.18), (3) भा० ति० सी० पु० (4:06.64)।

4x200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले : (1) के० रि० पु० बल 8:51.43 (नया रिकार्ड), (2) सी० सु० बल 9:15.14, (3) भा० ति० सी० पु० 9:20.07 ।

4x100 मीटर मिडले रिले : (1) के० रि० पु० बल 4:25.89, (2) सी. सु. बल 4:34.51, (3) भा० ति० सी० पु० 4:37.73 ।

स्प्रिंग बोर्ड डाईविंग : (1) एम० एस० शेखावत (सी० सु० बल) 457.35, (2) विनोद कुमार (भा०ति०सी० पु०) 380.70, (3) होशियार सिंह (सी० सु० बल) 333.25 ।

हाई बोर्ड डाईविंग : (1) बी. एस. रवि शेखर (के० रि० पु० बल) 440.55, (2) टी. सुरेश (सी०सु० बल) 378.40, (3) ईश्वर देव नारायण (यू० पी० पुलिस) 350.05 ।

माह जुलाई, 89 में मृत बल के कार्मिक

माह जुलाई, 89 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्न कार्मिकों की मृत्यु हुई। सी. आर. पी. एफ. समाचार शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

है का./ड्रा. टी. सी. डेका (ग्रुप केन्द्र पी. के. ई. गुहाटी), है. का./ड्रा आर. मदानन (ग्रु. के. भुवनेश्वर), है. का. आनंदी सिंह (11 बटा.), है. का. कांता राम (86 बटा.), कां. भोपाल सिंह (79 बटा.), कां शंकरन (79 बटा.), का. बिरेन्द्र ओरेन (30 बटा.) है. का. हरफूल सिंह (75 बटा.), कां, राम चंदर (9 बटा.), नायक पी. टी. वर्गीज (ग्रुप केन्द्र इम्फाल), है. कां. फ्रांसिस कुल्लु (16 बटा.), लां ना/ड्रा. आर. ई. हैम्बरम (52 बटा०), कां. किशन कुमार (42 बटा.) इसके अतिरिक्त देर से प्राप्त हुए समाचार के अनुसार ना. योग्य नारायण (74 बटा.) की अप्रैल में तथा नायक (ड्रा.) सकुमार कविराज (ग्रुप

के. न. दिल्ली) व 67 वटा. से सी. बी. आइ में प्रतिनियुक्ति पर गए का. लाल राउता की जून, 89 में मृत्यु हुई।

बल की महिला को सेनाध्यक्ष का प्रशंसा पत्र



श्रीलंका में कार्यरत बल की 88वीं महिला बटालियन की लांस नायक राजवंती को श्रीलंका में उनके कार्य के लिए सेनाध्यक्ष का प्रसंशा पत्र प्रदान किया गया है।

जोखिम निधि लाभ

माह जुलाई, 1989 में मृत्यु के 28 मामलों में बल की जोखिम निधि से कुल 9,80,000 रुपए देने स्वीकृत किए गए। इस राशि में केन्द्रीय कल्याण निधि तथा केन्द्रीय बेनेवल निधि की राशि भी शामिल है।

इसी प्रकार अक्षमता के 19 मामलों में कुल 2,85,000 रुपए देने स्वीकृत किए गए।

स्वर्ण जयंती समारोह

बल पर एक डाक टिकट जारी



गृहमन्त्री श्री बूटासिंह बल पर जारी डाक टिकट का विमोचन करते हुए

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की स्वर्ण जयंती के अवसर पर एक डाक टिकट जारी करते हुए गृह मंत्री श्री बूटासिंह ने कहा कि इस बल के जवानों ने अपने सीमित साधनों व अनेक कठिनाईयों के बावजूद सौंपे गये कार्यों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाया है।

27 जुलाई, 1989 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में गृह मंत्री के अतिरिक्त गृह राज्य मंत्री श्री संतोष मोहन देव और श्री पी. चिद्म्बरम तथा संचार मंत्री श्री गिरधर गोमांगो भी उपस्थित थे।

गृह मंत्री ने आगे बोलते हुए पंजाब में आतंकवाद से निबटने तथा श्रीलंका में भारतीय शांति रक्षक सेना के अंग के रूप में बल की भूमिका की प्रशंसा की, इस के अलावा देश में आजाद और भय रहित माहौल में चुनाव करवाने के लिए निभाई जाने वाली भूमिका का भी जिक्र किया । उन्होंने कहा कि इन कठिन उदाहरणों में बल के जवानों ने तमाम कठिनाईयों के बावजूद अनुकरणीय अनुशासन, समर्पण तथा कठिन श्रम की एक मिसाल कायम की है।


बल के विभिन्न आयामों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इसे भिन्न तरह के कार्यों का दायित्व सौंपा जाता है—जैसे—महत्त्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा, हवाई अड्डों की सुरक्षा, तथा अपनी सामान्य ड्यूटियों के अतिरिक्त महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा आदि ।

गृह मंत्री से पूर्व संचार राज्य मंत्री श्री गिरधर गोमांगों ने बल पर निकाले गए डाक टिकट की एक एलबम औपचारिक रूप से जारी करने के लिए गृह मंत्री को दी। डाक

टिकट के बारे में बोलते हुए मंत्री महोदय ने बताया कि इस में 1954 में पांडेत जवाहर लाल नेहरू को नीमच में बल की एक सम्मान गारद का निरीक्षण करते हुए दिखाया गया है।


इस मौके पर सम्मानित अतिथियों का स्वागत करते हुए बल के महानिदेशक श्री प० ग० हलर्नकर ने कहा कि राष्ट्रीय हित में बल के योगदान की गणना केवल इस को मिलने वाले पदकों से ही नहीं की जा सकती, इस बल के प्रत्येक सदस्य के लिए सबसे बड़ा इनाम तो उसकी निस्वार्थ व कठिन सेवा के प्रति राष्ट्र, सरकार व नागरिकों द्वारा दर्शाया गया विश्वास है।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्रियों के अतिरिक्त, गृह सचिव श्री जे० ए० कल्याण कृष्णन और के०रि०पु० बल व अन्य संगठनों के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। डाक टिकट जारी करने के इसी तरह के कार्यक्रम नीमच, चण्डीगढ़, अमृतसर, कलकत्ता, मद्रास और गांधीनगर में भी आयोजित किए गए।



नीमच में मध्य प्रदेश के पोस्ट मास्टर जनरल डाक टिकट जारी करते हुए।

बल के आई. टी. आई. का उद्घाटन



आई. टी. आई. का निरीक्षण करते महानिदेशक श्री प० ग० हलर्नकर

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक श्री प० ग० हलर्नकर ने 14 अगस्त को बल के वजीराबाद, दिल्ली स्थित कैंप में बल के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई० टी०आई०) का उद्घाटन किया ।

देश के अर्द्धसैनिक बलों में अपनी तरह का यह पहला प्रशिक्षण संस्थान है, जो बल के कार्मिकों के बच्चों को तकनीकी शिक्षा प्रदान करेगा।

रेडियो, टेलीविजन मोटर वाहन तथा वेल्डर के प्रशिक्षण के लिए 56 बच्चों को पहले ही संस्थान में दाखिल किया जा चुका है। संस्थान में मुफ्त छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध है।

इस मौके पर बोलते हुए बल के महानिदेशक श्री प० ग० हलर्नकर ने कहा कि आई० टी० आई० की स्थापना बल के स्वर्ण जयन्ती वर्ष में कार्मिकों के लिए की जाने कल्याण गतिविधियों की तरफ बढ़ने वाला एक कदम और है, उन्होंने आश्वासन दिया कि इस संस्थान से निकलने वाले विद्यार्थियों की के० रि० पु० बल में ही विभिन्न पदों पर भर्ती करने की चेष्टा की जाएगी।

उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में इस संस्थान में और व्यवसायों में भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। तथा देश के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह के प्रशिक्षण संस्थान खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं ।

इस से पूर्व आतिथेयों का स्वागत करते हुए उपानेदेशक प्रशासन श्री बी० एल० वोहरा ने कहा कि यह हमारा एक बहुत पुराना सपना था, जो अब साकार होने जा रहा है।

थोड़ा हंसें

अधिकारी (मातहत से) : क्या तुम्हें मालूम नहीं कि छुट्टी लेने से पूर्व सूचना देना जरूरी है।

मातहत : जी हुजूर, मुझे तो मालूम है, मगर मेरी मां को मालूम नहीं था, जो बिना नोटिस के ही स्वर्ग सिधार गई।

दो चोर एक घर से चोरी करने के बाद दौड़ते हुए सड़क पर कुछ देर के लिए रुके। पहले ने कहा, "आओं देख तो लें आज क्या-क्या हाथ लगा है ?"

"कोई जरूरत नहीं, कल के अखबार में पढ़ लेंगे।" दूसरे का जवाब था।

बल के 7 कार्मिकों को शौर्यता पदक

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 7 कार्मिकों को शौर्यवीरता के पुलिस पदकों से सम्मानित किया गया है। इन कार्मिकों को पंजाब में आतंकवादियों से हुई विभिन्न मुठभेड़ों में दिखाई गई वीरता के लिए सम्मानित किया गया है। ये पदक प्राप्त करने वाले कार्मिक हैं-49 बटालियन के उपाधीक्षक कंवरसिंह और कांस्टेबल कुलदीप सिंह, 80 बटालियन के इंस्पेक्टर निरमल सिंह (मरणोपरांत), 47 बटालियन के सहायक कमांडेट सुशील कुमार शर्मा और उपाधीक्षक शिवस्वरूप सिंह, 24 बटालियन के उपाधीक्षक डी. पी. त्यागी और कांस्टेबल मकसूद हुसैन। सहायक कमांडेन्ट सुशील कुमार शर्मा अब पंजाब पुलिस में अधीक्षक (सुरक्षा) पद पर प्रतिनियुक्त हैं।

इंस्पेक्टर निर्मल सिंह अपनी छुट्टी के दौरान 3 मार्च, 1988 को जब होशियारपुर जिले के कारी शहरी गांव में एक पारिवारिक समारोह में भाग ले रहे थे, तो कुछ आतंकवादियों ने समारोह में शामिल व्यक्तियों पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी। इंस्पेक्टर निर्मल सिंह ने अपनी जान की परवाह न करते हुए लोगों से तत्काल जमीन पर लेट जाने के लिए कहा, ताकि वे आतंकवादियों की गोलियों से बच सकें। इस प्रकार जहां एक ओर उन्होंने कई लोगों की जान बचाई वहीं वह आतंकवादियों की गोलियां लगने से बुरी तरह घायल हो गए, और उनकी तत्काल मृत्यु हो गई।

उपाधीक्षक कंवरसिंह ने 17 सितम्बर, 1987 को अमृतसर में हुई एक मुठभेड में एक दुर्दात आतंकवादी को अपूर्व साहस का परिचय देते हुए दबोच लिया। जब उस आतंकवादी को बल के जवानों द्वारा रुकने का संकेत दिया गया, तो वह रुकने के स्थान पर जवानों पर अंधाधुंध गोलियां चलाने लगा। जब वह जवानों पर गोलियां चला

रहा था तभी कंवरसेंह ने छिपते हुए तत्काल उसे दबोच लिया और तब तक अपनी मजबूत गिरफ्त में बांधे रहे, जब तक कि बल के एक जवान द्वारा चलाई गई गोली से उसकी मृत्यु नहीं हो गई।

6 अगस्त, 1987 को कॉंस्टेबल कुलदीप सिंह ने कटरा दलसिंह, अमृतसर में अंधाधुंध गोलियां चला रहे एक आतंकवादी को दबोचने में अभूतपूर्व साहस दिखाया। बल के जवानों द्वारा निशानदेही कर लेने पर वह आतंकवादी उन पर लगातार फायर कर रहा था, जबकि कांस्टेबल कुलदीपसिंह ने मौका देखकर अपनी जान की परवाह न करते हुए उसे दबोच लिया और उसे निहत्था करने का प्रयास करने लगा, जैसे ही उस आतंकवादी ने स्वयं को कुलदीप सिंह की गिरफ्त से छुड़ाया, तभी एक अन्य कांस्टेबल द्वारा चलाई गई गोली लगने से उसकी मृत्यु हो गई।

उपाधीक्षक शिव स्वरूप सिंह के नेतृत्व वाले एक गश्ती दल ने जब भोपाराई कलां में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को एक फार्म हाऊस से निकलते देखा, तो उन्हें रुकने के लिए कहा। जवाब में आतंकवादियों ने बल की पार्टी पर फायर कर दिया। जवानों ने भी तत्काल फायर का जवाब दिया।

जब बल की और टुकड़ियाँ वहां पहुंची, तो उन पर भी आतंकवादियों ने गोलियां चलाई। सहायक कमांडेन्ट शर्मा रेंगते हुए उस स्थान तक गए जहां से उपाधीक्षक शिवस्वरूप अपने जवानों के साथ आतंकवादियों की गोलियों का जवाब दे रहे थे।


इसी बीच आतंकवादी भी तीन-तीन के दो गुटों में बंट गए। जब एक गुट उपाधीक्षक शिवस्वरूप व उनके जवानों के साथ भिड़ा हुआ था, तब दूसरा गुट 24 बटालियन के उपाधीक्षक डी. पी. त्यागी और उनके जवानों पर गोलियों बरसा रहा था।

चूंकि सूरज छिप रहा था और आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठा कर भाग सकते थे, अतः सुशील कुमार और शिवस्वरूप अपनी जान की परवाह न करते हुए आतंकवादियों से बुरी तरह भिड़ गए। परिणामतः दो आतंकवादी मारे गए। सहायक कमांडेंट शर्मा ने एक अन्य आतंकवादी का पीछा कर उस पर गोली चलाई, जिससे वह आतंकवादी भी भारा गया।

दूसरी ओर उपाधीक्षक त्यागी भी अपने जवानों के साथ दूसरे गुट पर टूट पड़े। भारी गोलीबारी के बीच दो आतंकवादी मारे गए। लेकिन बल का एक सब इंस्पेक्टर तथा दो कांस्टेबल भी गोलियां लगने से घायल हो गए।

कांस्टेबल मकसूद हुसैन रेंगते हुए तीसरे आतंकवादी के पास पहुंचा और उस पर फायर कर दिया। बल के जवानों पर गोलियां बरसा रहा वह आतंकवादी भी तत्काल मारा गया।

268 कांस्टेबलों की दीक्षांत परेड



एक कांस्टेबल को पदक प्रदान करते महानिदेशक

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप केन्द्र झड़ौदा कलां में 31 जुलाई, 1989 को हुई एक शानदार दीक्षांत परेड के बाद के० रि० पु० बल के 268 रंगरूट अपना प्रशिक्षण पूरा कर विधिवत बल के कांस्टेबल बन गए।

इस मौके पर बोलते हुए बल के महानिदेशक श्री प. ग. हलर्नकर ने कहा कि इन जवानों को 9 महिने तक दिए गए प्रशिक्षण ने आगे आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए पूर्णतया सक्षम बना दिया है। महानिदेशक महोदय ने परेड की सलामी भी ली।

इस मौके पर महानिदेशक महोदय ने रंगरूट अयूब मसीह और कुक सुभाष चन्द द्वारा अपनी जंगल ट्रेनिंग के दौरान नैनीताल में कोसी नदी में डूब रहे तीन व्यक्तियों को बचाने के लिए दिखाए गए साहस की सराहना की।

श्री हलर्नकर ने कांस्टेबल गजराज सिंह को सर्वश्रेष्ठ ट्रेनी, पटेल बकुल को सर्वश्रेष्ठ आउटडोर ट्रेनी तथा खुशवीर सिंह को सर्वश्रेष्ठ इनडोर ट्रेनी पदक भी प्रदान किए।

सहायक कमांडेट रावेंद्र तोमर ने परेड का नेतृत्व किया।

रजि० नं० 47167/87



अखिल भारतीय पुलिस तैराकी प्रतियोगिताओं में बल की विजेता टीम महानिदेशक श्री प.ग. हलनंदर एवं बल के अन्य उच्च अधिकारियों के साथ।

मुख्य सम्पादक : एम० पी० नर्थनियल । सम्पादक : अनिल गुप्ता । मुद्रक : सी०आर०पी०एफ० प्रेस, झाड़ोदा कलां, नई दिल्ली-110072 । मुद्रक तथा प्रकाशक : महानिदेशक के०रि०पु०बल, ब्लाक 1, सी०जी०ओ० काम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 की ओर से एम०पी० नर्थनियल ।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की मासिक पत्रिका

सीआरपीएफ समाचार

- भुवनेश्वर में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक
- एकता के लिए दौड़
- के०रि०पु० बल में जूडो

मूल्य—1.60 रुपए खण्ड—II अंक—6 30 सितम्बर, 1989 9 आश्विन, शक संवत् 1911



भुवनेश्वर में वरिष्ठ अधिकारियों की कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बल के महानिदेशक श्री पी० जी० हलर्नकर।

सी आर पी एफ समाचार

केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल की मासिक पत्रिका

भुवनेश्वर में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक



बैठक में शामिल बल के कुछ वरिष्ठ अधिकारी

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों की एक दो दिवसीय बैठक 18-19 सितम्बर को भुवनेश्वर में हुई।

अन्य मुद्दों के अतिरिक्त इस सम्मेलन में कार्मिकों के कल्याण कार्यक्रमों, प्रशासन, निर्माण कार्यों, स्थापना कार्यों एवं चिकित्सा सम्बन्धी विषयों पर चर्चा हुई। इस कान्फ्रेन्स के दौरान बल के कार्मिकों से सम्बन्धित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

कानफ्रेंस का उद्घाटन करते हुए बल के महानिदेशक श्री पी०जी० हलर्नकर ने कहा कि पंजाब में आतंकवाद से और अधिक प्रभावशाली ढंग से निबटने के लिए पंजाब में कार्यरत बल के कार्मिकों को बुलेट प्रूफ जाकेटें तथा रात्रि को देखने के उपकरण दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब में बल के कार्मिकों को पहले ही 75 बुलेट प्रूफ जीपें दी जा चुकी हैं।

उन्होंने बल की इस वर्ष की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि अब तक बल के कार्मिकों ने 770 हथियारों के साथ भारी संख्या में कारतूस व गोला बारूद बरामद किया है। इसमें 6 मीडियम मशीनगनें, 47 ए.के. 47 राइफलें, 8 ए.के.74 राइफलें और 8 राकेटलांचर शामिल हैं। 200 से भी अधिक उग्रवादी तत्वों व आतंकवादियों को बल के कार्मिकों ने धराशायी किया है। जबकि इस सबकी कीमत बल को अपने 37

कार्मिकों को कीमती जान से चुकानी पड़ी।

अब तक बल के 11 कार्मिकों को उनकी अद्वितीय शौर्यता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक तथा 17 कार्मिकों को शौर्यवीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है।

कल्याण गतिविधियों के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने छुट्टियां जमा करने की कुल अवधि 120 से 180 दिन कर दी है। बल के कार्मिकों के बच्चों के लिए नई दिल्ली में एक आई. टी. आई. की स्थापना की गई है। और इसी तरह की एक संस्था की स्थापना हैदराबाद में भी करने का विचार है।

खेल गतिविधियों के विषय में बोलते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने के०रि०पु० बल में खेल गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 20 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। बल के खिलाड़ियों की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस वर्ष अप्रैल में इटली। टोरेंटो में हुए विश्व पुलिस खेलों में भाग लेने वाली भारतीय टीम में बल के खिलाड़ी भी शामिल थे। और भारतीय टीम को जो एक मात्र रजत पदक मिला वह बल के खजान सिंह ने 100 मीटर बटरफ्लाई तैराकी प्रतियोगिता में जीता।

बल के अन्य धावक शमसुद्दीन ने इसी वर्ष अगस्त में वैनकूबर (कनाडा) में हुए विश्व पुलिस खेलों में 3,000 मीटर स्टीपल चेस में स्वर्ण तथा 5,000 मीटर में रजत पदक जीता।

इस कानफ्रेंस में बल के 53 अधिकारियों ने भाग लिया।

276 रंगरूटों की दीक्षांत परेड



महानिरीक्षक श्री डी० आर० कार्तिकेयन कांस्टेबल कबीरुद्दीन को बेस्ट आलराउंड पदक देते हुए।

के० रि० पु० बल र० प्र० के०-II आवड़ी में 3 सितम्बर, 1989 को रंगरूटों की एक दीक्षांत परेड सम्पन्न हुई। र० प्र० के०-II के रंगरूटों के 261 वे बैच के इन 276 रंगरूटों ने 36 सप्ताह का अपना विधिवत प्रशिक्षण पूर्ण कर कांस्टेबलों के रूप में बल की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर बल के दक्षिण क्षेत्र के महानिरीक्षक श्री डी० आर० कार्तिकेयन ने परेड की सलामी ली और सर्वश्रेष्ठ रंगरूटों को पदक प्रदान किए।

इस मौके पर बोलते हुए श्री कार्तिकेयन ने कहा कि के० रि० पु० बल इस समय देश में शांति रक्षक बल के रूप में काम कर रहा है तथा इस पर सभी तरह की स्थितियों से निबटने का दायित्व है। इस की धर्मनिरपेक्ष छवि के कारण इस बल को सरकार व देश की जनता का विश्वास प्राप्त है, और बल के जवानों को इस विश्वास को बनाए रखना है।

श्री कार्तिकेयन ने अपने कर्त्तव्य के प्रति समर्पण के लिए रंगरूट प्रशिक्षण केन्द्र-II की भी प्रशंसा की । इस प्रशिक्षण केंद्र से अब तक 24,500 रंगरूट प्रशिक्षित हो चुके हैं।

श्री कार्तिकेयन ने रंगरूट मोहम्मद कबीरूद्दीन, जयप्रकाश यादव तथा दलबीर सिंह को क्रमशः 'आल राऊंड बेस्ट, 'बेस्ट आउटडोर' तथा 'बेस्ट इनडोर' प्रशिक्षणार्थी के पदक प्रदान किए।

इस मौके पर रंगरूटों की शानदार परेड का नेतृत्व उपप्रधानाचार्य श्री के० वी० मधुसूधनन ने किया। इस मौके पर कई प्रतिष्ठित नागरिक व प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे।

हिन्दी सप्ताह का आयोजन

पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय हैदराबाद में 14 से 21 सितम्बर तक हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया। इस सप्ताह के दौरान कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा प्रतिदिन 2 घंटे की एक हिन्दी कार्यशाला का भी आयोजन किया गया । हिन्दी सप्ताह के कार्यक्रमों का उद्घाटन सहायक निदेशक (प्रशा०) श्री एन० पी० कुमार ने किया।

इस मौके पर अहिंदी भाषी कर्मियों के लिए एक वाक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सू० मे० (वैयक्तिक सचिव) के० माधवन उग्गीयन को, द्वितीय उ०नि० (लिपिक) एम० नागन्ना को तथा तृतीय स्थान सू० मे० ए० के० एस० नायर को मिला।


राजभाषा अधिनियम, नियम व शब्दावली ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम रहे उ० श्रे० लि. जी० जी० भट्ट, द्वितीय रहे स० उ० नि० (लि०) जितेन्द्र नाथ पराशर तथा तीसरा स्थान सू० मे० ए० के० एस० नायर को मिला।

हिन्दी नोटिंग एवं ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता में पहला पुरुस्कार उ० नि० (लिपिक) सी० के० एन० नायर को मिला। जबकि दूसरे दो स्थानों पर उ० प०(लि०) जी०जी० भट्ट तथा स० उ० नि० (लि०) जितेन्द्र नाथ पाराशर रहे।

के० रि० पु० बल में जूडो

एम० पी० नथैनियल

अब से कुछ वर्ष पहले तक हालांकि के० रि० पु० बल के अधिकांश जवान जूडो से परिचित थे, मगर फिर भी इसे कभी गम्भीरता से नहीं लिया गया। यह व्यवहारिक रूप से प्रशिक्षण दिए जाने वाले विषयों में शामिल नहीं था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में पुलिस बलों के अन्दर जूडो को किस तेजी से मान्यता मिली है इसका अन्दाजा महज इस बात से लगाया जा सकता है कि 1986 में के. रि. पु. बल के दो कार्मिकों ने सियोल एशियाड खेलों में इस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन में से एक बन्नूसिंह ने अपनी भार श्रेणी की प्रतियोगिता में कांस्य पदक भी जीता जबकि दूसरा खिलाड़ी राधेश्याम अपनी श्रेणी में चौथे स्थान पर रहा। यह कोई छोटी उपलब्धि नही थी, और वह भी विशेषतौर से इस बात को ध्यान में रखते हुए कि ये खिलाड़ी कुछ वर्ष पूर्व ही कुश्ती के क्षेत्र को छोड़कर जूडो में आए थे।



के० रि० पु० बल में जूडो को शामिल करने का श्रेय श्री डी. आर. यादव को जाता है। श्री यादव ने 1979 में नेशनल इन्स्टीट्यूट आफ स्पोर्टस् में जापान के कोच मोरमो सुगानामी की निगरानी में 6 हफ्ते का गहन प्रशिक्षण लिया।

उसी वर्ष उन्होंने के. रे. पु. बल की कुश्ती की टीम से कुछ पहलवानों को छाँटा और उन्हें प्रशिक्षण दे कर बल की जूडो टीम का निर्माण किया, उसी वर्ष अपने अभूतपूर्व प्रदर्शन से बल की टीम ने जिगारोंकानो चैंपियनशिप में ट्राफी जीत ली। 1981 के लगभग सभी मुख्य मुकाबलों में बल की टीम विजयी रही।

1983 में श्री डी. आर. यादव ने प्रशिक्षण का एक वर्ष का डिप्लोमा कोर्स पूर्ण कर ब्लैक बेल्ट प्राप्त कर ली, इस से उन्होंने बल की टीम को और गहन रूप से प्रशिक्षित किया और बल के जूडो का 1983, 1984 और 1985 के वे सभी टूर्नामेंट जीतते चले गए, जिन में उन्होंने भाग लिया।

मृदु भाषी, हरदम प्रसन्न दिखाई देने वाले श्री यादव गर्व के साथ कहते हैं कि उनके जूडोका अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के हैं। एक और उनके शिष्यों बन्नूसिंह और राधेश्याम ने 1986 के सियोल एशियाड में देश का प्रतिनिधित्व किया तो दूसरी और गत वर्ष रामनिवास ने जर्मनी में हुई अन्तर्राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लिया।

बल की जूडो टीम मुख्य रूप से नीमच में स्थित है, तथा यहां पर पूरे वर्ष उसका प्रशिक्षण चलता रहता है । बल के जूडोकाओं को कम से कम दो घन्टे का सुबह व तीन घन्टे का शाम को प्रशिक्षण दिया जाता है। बल के जूडो खिलाड़ियों के लिए विशेष आहार की व्यवस्था बल की खेल निधि से की जाती है।

दो विधवाओं को अनुदान

ग्रुप केन्द्र मोकामाघाट में 27 सितंबर, 1989 को आयोजित एक समारोह में बल के महानिदेशक श्री पी. जी. हलर्नकर ने बल के दो सिपाहियों की विधवाओं को एक-एक लाख के चैक भेंट किए।

16 बटालियन के कांस्टेबल राघव शाह 16 मार्च, 1989 को गांव मल्लाह के नजदीक आतंकवादियों से हुई एक मुठभेड़ मे वीरतापूर्वक लड़ते हुए शहीद हुए। इसी प्रकार 12 बटालियन के कांस्टेबल बच्चा प्रसाद 31 दिसम्बर, 1988 को गांव मुछाल व थोथियान के बीच आतंकवादियों के एक प्राणघाती हमले का वीरतापूर्वक सामना करते हुए शहीद हुए।

विधवाओं को यह राशि पंजाब सरकार द्वारा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त महानिदेशक महोदय ने दोनों विधवाओं को बटालियन तथा बल की कल्याण निधि आदि से दी जाने वाली अनुग्रह राशियां भी प्रदान की। इसके अतिरिका विधवाओं को एक-एक सिलाई मशीन भी भेंट की गई।

इस मौके पर बोलते हुए महानिदेशक महोदय ने कहा कि हमें इस तरह की घटनाओं से पीछे नहीं हटना चाहिए और हर परिस्थिति में निर्भीकता और साहस का परिचय देना चाहिए।

समारोह में पूर्वी क्षेत्र के महानिरीक्षक श्री प्रतापसिंह और मोकामाघाट ग्रुप केन्द्र के अपर महानिरीक्षक श्री डी० के० सूरी भी उपस्थित थे।

माह अगस्त, 1989 में मृत बल के कार्मिक

माह अगस्त, 1989 में बल के निम्न कार्मिकों की मृत्यु हुई। सी०आर०पी०एफ० समाचार शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

कुक नरेंद्र सिंह (ग्रु० के० दीमापुर), का० नरपेंद्र कुमार (79 बटालियन), उ० नि० जयसिंह (5 बटा०), नायक एम० पलयन (रं. प्र० के-2), कां० हंसराज (76 बटा०), उ. नि. (मि०) गुलाब सिंह (96 बटा०), कां पूरनचन्द (38 बटा०), कां० टी० एस० वढिवेल्लू (75 बटा०), कां० जितेन्द्र कुमार सिंह (82 बटा०), है० कां० आर० डी० सिंह (75 बटा.), ना० कुलबीर सिंह (94 बटा०), रंगरूट बलवंत सिंह (54 बटा०), स० उ०नि०आर० वी अय्यर (4 बटा०), लैब टेकनिशियन सी० एस० रेगलैंड एवं उनकी पत्नी स्टाफ नर्स चन्द्रा श्यामा (दोनो ग्रु० के० गाँधीनगर), कां टी. पुघलैदि (35 बटा०), है० का० सुरेंद्रनाथ सिंह (76 बटा०), का० हुसैन मुहम्मद (32 बटा०), कां० जयपाल सिंह (61 बटा०) तथा कां. के. अशोक कुमार (18 बटा०), जुलाई माह में 76 बटा० के कां० फिलामन किंडो की भी मृत्यु हुई।

जोखिम निधि लाभ

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में माह अगस्त, 1989 में मृत्यु के 24 मामलों में जोखिम निधि से कुल 8,04,000 रुपये देने स्वीकृत किए गए।

इसी प्रकार अक्षमता के 19 मामलों में 3,05,000 रुपए देने स्वीकृत किए गए।

बहती धारा

के०रि०पु० बल है एक बहती धारा,
जिसका नहीं कोई एक किनारा,
इसके जवान इतने मतवाले,
जैसे अडिग खड़ा हिमालय।
नगर, प्रांत और देश विदेश
नित फैलाए शांति संदेश।
हिंसा जब नग्न नृत्य दिखाए,
सत्य, अहिंसा बेबस बन जाएं।
बन शांति धारा तब प्रेम बहाए,

संतप्त हृदयों की प्यास बुझाए।

के० रि० पु० बल है बहती धारा,

इसका हर जवान जन जन का प्यारा।

—उपनिरीक्षक मीनाराम
सी. टी. सी.-I नीमच

आओ हँसे

डाक्टर की प्रेमिका

एक डाक्टर की प्रेमिका ने अपनी सहेली को बताया, "डाक्टर ने न केवल मुझ से अपना संबंध ही तोड़ लिया है, अपितु अपने दिए हुए सारे उपहार भी वापिस ले लिए हैं।"

सहेली ने कहा, "अच्छा, बड़ा निर्दयी निकला।"

"यही नहीं" प्रेमिका ने रोते हुए बताया।" वह जितनी बार मुझ से मिलने घर पर आया, उसकी फीस भी मांग रहा है।"

रक्तदान

एक मरियल से युवक का पिता एक शाम को दौड़ा-दौड़ा अस्पताल आया और डाक्टर से बोला, "डाक्टर साहब सुबह मेरा बेटा आपके अस्पताल में रक्तदान करने आया था, वह अभी तक वापस नहीं लौटा है।"

डाक्टर, "जनाब, वह वापस लौटता कैसे, जैसे ही हमने उसके शरीर से दो बूँद रक्त निकाला, बह बेहोश हो गया, अब पूरी दो बोतल खून चढ़ाने के बाद उसे होश आया है।"

नए रूमाल

अपने सामने रखे कपड़ों को देखते हुए एक आदमी धोबी पर बिगड़ रहा था, "अबे देख तूने मेरे कपड़ों का क्या हाल कर दिया।"

धोबी नम्रता से बोला, "क्यों हुजूर रूमाल तो सभी नए ही दिख रहे हैं।"

"अबे रूमाल तो तूने बना दिए पहले तो ये धोतियाँ थीं।" वह आदमी गरजते हुए बोला।

मरीज

डाक्टर ने अपनी नर्स से पूछा—

“कमरा नम्बर तीन के मरीज का क्या हाल है ?”

“अच्छा हो रहा है। आज उसने पहली बार अपनी आंखें खोली और बात की।”

“क्या कहा उसने ?”

“यही कि यहां उसकी हालत बदतर हो गई।” कृपया हम उसे किसी और अस्पताल में भेज दें।”

एकता के लिए दौड़


अपने स्वर्ण जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने 30 सितम्बर, 1989 को नई दिल्ली में एक दौड़ का आयोजन किया। 5 किलोमीटर लम्बी यह दौड़ विजय चौक से शुरू हो कर राष्ट्रीय स्टेडियम में खत्म हुई। दौड़ को तीन भागों में बांटा गया था। महिलाओं के लिए, पुरुषों के लिए तथा 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए।

प्रातः 6 बजे तक विजय चौक पर हजारों की संख्या में दौड़ में भाग लेने के इच्छुक एकत्रित हो गए थे। बल के महानिदेशक श्री प० ग० हलर्नकर ने लगभग 7.30 बजे झंडी दिखा कर दौड़ शुरू की। दौड़ शुरू होते ही पूरा राजपथ हर्षोल्लास के साथ ‘एकता के लिए दौड़’ में भाग लेने वाले धावकों की पदचापों से गूँज उठा।

पुरुष वर्ग में सबसे पहले राष्ट्रीय स्टेडियम में बल के करतार सिंह पहुंचे। जबकि महिलाओं में यह गौरव दिल्ली पुलिस की सुरेश बाला को मिला। बच्चों के वर्ग में सबसे पहले दौड़ पूरी करने वालों में जसपाल सबसे आगे रहा। दूसरे दो स्थानों पर विजय लक्ष्मी एवं वीरमती रही। पुरुषों के वर्ग में दूसरे दो स्थान रामकरण एवं आई० डी० रमेश को मिले। महिलाओं में स्मीता प्राण द्वितीय एवं उर्वशी बिष्ट तीसरे स्थान पर रहीं।

राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित एक समारोह के बीच केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री श्री संतोष मोहन देव ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। पुरुष तथा महिला वर्ग में अलग-अलग क्रमशः 1000, 750 और 500 रुपए के नकद पुरुस्कार दिए गए जबकि बच्चों के लिए यह राशि 500, 300 एवं 200 रुपए थी।

इसके अतिरिक्त प्रत्येक वर्ग के 10-10 प्रतियोगियों को सांत्वना पुरुस्कार दिए गए। इस मौके पर बल के वरिष्ठ अधिकारियों सहित कई गणमान्य व्यक्ति भी समारोह में उपस्थित थे।



के. रि. पु. बल स्वर्ण जयंती वर्ष में आयोजित 'एकता के लिए दौड़' में भाग लेने के लिए विजय चौक पर भारी संख्या में एकत्र हुए बच्चों से बात करते हुए बल के महानिदेशक श्री पी० जी० हलर्नकर।



पुरुष वर्ग में अपनी दौड़ सबसे पहले पूरी करके नेशनल स्टेडियम में पहुंचने वाले धावक करतार सिंह गृह राज्य

मंत्री संतोष मोहन देव से पुरस्कार ग्रहण करते हुए।

ज्ञान वर्षा

शिक्षा और विकास

शिक्षा जब तक एक उल्लेखनीय गहराई तक न पहुंच जाए, आत्मा के बीजों को कभी रोपित नहीं कर सकती।

—प्रोतागोरस

विकास और शिक्षा—न तो किसी को 'प्रदान' की जा सकती है और न ही 'संप्रेषित' की जा सकती है। इन्हें प्राप्त करने के सभी इच्छुक व्यक्ति इन्हें स्वयं अपने कार्यकलाप, स्वयं अपने प्रयासों, स्वयं अपने उद्यम से ही प्राप्त कर सकते हैं। बाह्य स्रोतों से तो वे केवल प्रोत्साहन ही प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए स्वतंत्र प्रयास शिक्षा का साधन और लक्ष्य दोनों ही हैं।

दस विषयों के सतही अध्ययन की अपेक्षा एक ही विषय के विस्तृत एवं सर्वांगीण अध्ययन से व्यक्ति को अधिक लाभ पहुंचता है। शिक्षा का सार ज्ञान की मात्रा में नहीं, बल्कि जो ज्ञान आपके पास मौजूद है उसमें दक्षता प्राप्त करने तथा उसे कुशलतापूर्वक इस्तेमाल करने में है।

योग्यता को ज्ञान का अभिन्न अंग होना चाहिए। यह बेशक एक दयनीय बात है कि किसी अध्येता का मस्तिष्क ज्ञान से तो लबालब भरा हुआ हो लेकिन उसने उसे इस्तेमाल में लाना न सीखा हो। ऐसे व्यक्ति के बारे में इतना ही कहा जा सकता है कि उसे कुछ जानकारी तो है, लेकिन वह कर कुछ नहीं सकता।

—एडोल्फ डीस्टेरवेग

दूसरों को शिक्षा देते हुए आप स्वयं को शिक्षा देते हैं।

—निकोलाई गोगोल

एजेंट सुरक्षा

लेखक—बी० एस० नेगी

जब किसी देश में शत्रु देशों की मदद से विद्रोही तथा आतंकवादी किसी उचित अथवा अनुचित कारण को मुद्दा बनाकर आम जनता में तनाव व भय फैलाकर देश में अस्थिरता पैदा करना चाहते हैं, तब राष्ट्रीय सरकार को इन विद्रोहियों व जनता के बीच ऐसे व्यक्ति तैयार करने पड़ते हैं, जो उचित समय पर विद्रोहियों की गतिविधियों के बारे में सही जानकारी सुरक्षा बलों को दे सकें। यहां यह समझ लेना चाहिए कि ऐसे राज्य जहाँ विद्रोही तथा आतंकवादी क्रियान्वित रहते हैं, वहां आम जनता उनके द्वारा

फैलाये गए आतंक से भयभीत रहती है और प्रत्येक व्यक्ति उनके विषय में सुरक्षा बलों को जानकारी देने से डरता है। यदि आतंकवादियों को पता लग जाए कि फलां व्यक्ति उनकी सूचना देता है तो वह उसे तथा उसके परिवार तक को समाप्त कर देते हैं। ऐसे उदाहरण पंजाब राज्य में बहुत देखे और सुने जा सकते हैं। अतः आवश्यक है कि एजेन्ट जोकि सरकार अथवा देश के हित में कार्य करता है, उस से इस प्रकार गुप्त रूप मे कार्य लिया जाए कि वह हर प्रकार से दुश्मन की नजर में न आए और सुरक्षित रहे। इसलिए यह जरूरी है कि एजेन्ट से काम लेने वाले ओहदेदार इस काम में प्रशिक्षित हों ताकि वे एजेन्ट से काम भी लें और वह सुरक्षित भी रहे।

एजेन्ट और सम्पर्क व्यक्ति की आवश्यकता

विद्रोह के दमन के लिए विद्रोही व्यक्तियों की हरकतों, उनके द्वारा किये जाने वाले प्रचार, प्रदेशों में होने वाली असमान्य घटनाओं तथा स्थानीय लोगों के रवैये में परिवर्तन आदि के विषय में खबर रखना अत्यन्त आवश्यक है। यदि खबर एकदम सही प्राप्त हो तो सुरक्षा बल समय से सचेत हो सकते हैं तथा विद्रोहियों पर काबू पाया जा सकता है। खबर प्राप्त करने के लिए सरकार के द्वारा कई असूचना एजेन्सियां अपने-अपने अभियानों के अनुसार अपने-अपने इलाके में एजेन्ट व सम्पर्क व्यक्ति बनाती हैं। जोकि उनकी आवश्यकतानुसार उनको खबर देते रहते हैं। जैसा कि मिलिटरी इन्टेलीजेन्स व बोर्डर इन्टेलीजेन्स जो तस्करों के विषय में सूचना तथा देश के भीतर विद्रोहियों व अपराधियों को गतिविधियों की सूचना उपलब्ध कराती हैं।

विरोधियों की पहचान के लिए उनकी गतिविधियों, कार्यक्षेत्र व अड्डों की सूचना प्राप्त करने के लिए व स्थानीय जनता के रवैये की सही जानकारी हासिल करने के लिए आवश्यक है कि जनता व विरोधी संगठनों में घुसपैठ की जाए और विश्वसनीय एजेन्ट व सम्पर्क व्यक्ति बनायें जाएं। इसके लिए धन, धर्य और लम्बे समय तक प्रयास की आवश्यकता है। परन्तु एक बार इनसे सम्पर्क बन जाने पर अच्छे परिणाम प्राप्त होने लगते हैं।

एजेन्ट तथा सम्पर्क व्यक्ति बनने की प्रेरणा के कारण

- घनिष्ट मित्रता से
- धन के लोभ से
- विद्रोह के कारण के प्रति उदासीन व पारिवारिक संकटों से मुक्ति पाने के लिए
- विद्रोही संगठन में किसी व्यक्ति से शत्रुता के कारण
- सरकार की सहानुभूति पाकर खुद की राजनैतिक प्रगति के लिए।
- खुद किसी अपराध की सजा से बचने के लिए मुखबिर बनना।
- पुलिस द्वारा किसी केस में उसे या उसके रिश्तेदारों को फंसाये जाने के दबाव में पड़कर मुखबिरी करना आदि।

इन कारणों का फायदा उठाकर हम एक विश्वसनीय एजेन्ट बना सकते हैं। आवश्यकता सिर्फ कारणों की उचित पहचान व सही ढंग से प्रेरणा देने की है।

एजेंट अथवा सम्पर्क व्यक्ति की सुरक्षा

एजेन्ट अथवा सम्पर्क व्यक्तियों की पहचान को गुप्त रखना बहुत महत्वपूर्ण है। यदि उनका भेद खुल जाये तो उनके परिवार को विद्रोहियों तथा आतंकवादियों के कोपभाजन का शिकार बनना पड़ सकता है। उनके जाहिर हो जाने से उनके द्वारा दी हुई सूचना का महत्व समाप्त हो जाता है। इसलिये सुरक्षा बलों को चाहिए कि उनके रिश्तेदारों, मित्रों तथा परिवारों की पूर्व सूचना रखे और उनकी अप्रत्यक्ष तौर पर सुरक्षा की व्यवस्था करें। साथ ही उनकी पहचान को गुप्त रखने के लिये उनसे गुप्त रूप से सूचना का आदान प्रदान करे। इसके लिये उन्हें चतुराईपूर्ण तरीके अपनाने चाहियें।

गुप्त रूप से खबरों के आदान-प्रदान के तरीके

एजेन्ट से खबरों के आदान-प्रदान के गुप्त तरीकों में व्यक्तिगत संपर्क अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यह एक सबसे अच्छा सुविधाजनक और उपयोगी तरीका है, किन्तु इस संबंध में निम्न सावधानियों को ध्यान में रखना चाहिए :—

- सम्भवतः सायंकाल या रात्रि में मिलना चाहिये।
- जगह ऐसी हो जहां दूसरा बातचीत न सुन सके।
- जब बातचीत हो रही हो तो आपके आदमी आस-पास सुरक्षा रखें।
- जिस जगह पर बातचीत हो रही है वहां आपकी उपस्थिति का औचित्य दर्शाने के लिए कवर स्टोरी होनी चाहिये।
- एजेन्ट तथा आपकी खुद की जगह पर संपर्क नहीं करना चाहिये।
- निश्चित की गई जगह पर निश्चित समय पर ही जाना चाहिये अन्यथा नहीं।
- याद्दाश्त से काम लेना चाहिये।
- कागज संभवत इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।
- सुरक्षा के इशारे तथा पहचान के चिह्न व कोड वर्ड तय होने चाहिये।
- मीटिंग की जगह दोनों को ठीक से मालूम होनी चाहिये।
- यदि कम समय की मीटिंग है तो रास्ते में बंद कार में बैठकर चलते हुए भी बात की जा सकती है।

इसके अलावा कुरियर, टेलिफोन, टेलीग्राफस, वायरलेस सेट के द्वारा गुप्त भाषा में भी एजेंट से खबर प्राप्त की जा सकती है। यदि एजेन्ट से सीधे न मिलना हो तो एक तीसरा व्यक्ति जिसे कट-आउट कहते हैं, बातचीत के लिए भेजा जा सकता है। इन सभी विधियों को अत्यधिक सावधानियों से प्रयोग में लाया जाता है। जिसका एक मात्र उद्देश्य एजेन्ट को या सम्पर्क व्यक्ति को जाहिर न होने देना व उसे समाज तथा विद्रोहियों के बीच सुरक्षित रूप से विचरण करने देने के लिए ही है।

के० रि० पु० बल की उपलब्धियां

के० रि० पु० बल की 18 बटालियन की 'एफ' कम्पनी 2 मई, 1988 से असम के कोकराझार जिले के सलेकटी क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात है।

11 अप्रैल को सूचना मिलने पर इस की दो प्लाटूनें डोगरपारा और बंगलपारा गांव के बीच घने जंगल में पहुंची। जवानों ने तत्काल कार्रवाई कर क्षेत्र से 3 पाइप गन, 2 बट पापकगन, गजुका, काटरेज, व धनुष व तीरों सहित ओर हथियार भी बरामद किए।

12 अप्रैल को फिर सूचना मिलने पर इस कम्पनी की दो प्लाटूनें तत्काल छोटा गेन्दरा बिल गांव के पास तलाशी के लिए पहुंची। इस टुकड़ी के साथ कुछ जवान दूसरी युनिटों के भी थे। जब यह टुकड़ी आगे बढ़ रही थी, तो इसे देखकर कुछ विद्रोही जंगल की तरफ भाग खड़े हुए, जवानों ने उनका पीछा किया, मगर विद्रोही घने जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। बाद में जवानों द्वारा क्षेत्र की ली गई तलाशी में भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद बरामद किया गया।

विकलांग को पहिया कुर्सी



11 अगस्त, 1989 को ग्रुप केंद्र हैदराबाद में आयोजित एक सादे समारोह के बीच 2 सिगनल बटालियन के कमांडेंट श्री आर०एन० राव ने कांस्टेबल जी० मुन्नीराज के विकलांग पुत्र को बल की कल्याण निधि से एक पहिया कुर्सी भेंट की। चित्र में कमांडेंट आर० एन० राव, कांस्टेबल मुन्नी राज व उसके पुत्र के साथ ।

दो आतंकवादी मरे

18 सितम्बर, 1989 को बल की 81 बटा० की सी कम्पनी के जवानों ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर रोपड़ जिले के सलीम पुर से पहले एक घात लगाई, जब उन्होंने सलीमपुर की तरफ जा रहे तीन साइकिल सवारों को रुकने के लिए कहा, तो रुकने की बजाए वे जवानों पर गोलियां चलाने लगे। जवानों ने भी फायर का जवाब दिया। लगभग 15 मिनट तक दोनों तरफ से गोलियां चलती रही। परिणामतः

दो आतंकवादी मारे गए। मगर एक आतंकवादी भागने में कामयाब हो गया । बाद में घटनास्थल से 2 ए. के. 47 राइफलें कारतूसों सहित बरामद की गई। एक मृत आतंकवादी की शिनाख्त खालिस्तान कमांडो फोर्स के राजिन्दर सिंह मैनपुर के रूप में कर ली गई।

पैटन टैंक

एक सभा में एक मंत्री महोदय ने पैंटन टैंक की खूब बड़ाई की। उस सभा में उनकी पत्नी भी मौजूद थी। घर पहुंचने पर उनकी पत्नी उनसे बोली, "मैं आपसे कई दिनों से एक पानी का टैंक खरीदने के लिए कह रही हूं। अब अगर आप पैंटन टैंक की इतनी बड़ाई कर रहे हैं, तो घर में पानी भरने के लिए एक पैंटन टैंक ही क्यों नहीं खरीद लेते" ।

पंजाब से

भारी गोला बारूद बरामद

26 अगस्त, 1989 को 90 बटा० की 'एफ' कम्पनी के जवानों ने अटारी गांव के नजदीक सामूवाना कैनाल रोड़ पर घात लगाई। लगभग मध्य रात्रि को एक ट्रैक्टर जवानों की तरफ आता दिखाई दिया, जब उसे रुकने का संकेत दिया गया, तो ट्रैक्टर पर सवार आतंकवादियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दी, जवानों ने भी तत्काल गोली का जवाब दिया, मगर आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठा कर भाग निकले। इस गोलीबारी में सिपाही अनिरुद्ध तिवारी को मामूली चोट आयी। बाद में जवानों ने घटनास्थल से एक जी. पी. एम. जी., एक ए. के. 47 रायफल, एक राकेट लांचर, 10 हथगोलों, तथा 4 टाइम बमों सहित भारी संख्या में असला बरामद किया।

अगले ही दिन इसी कम्पनी के जवानों ने आतंकवादियों से हुई एक मुठभेड़ में कुख्यात आतंकवादी मंजीतसिंह को मार गिराया तथा उससे एक ए. के. 47 रायफल तथा कारतूसों सहित कुछ कागजात बरामद किए।

आतंकवादी मारा गया

27 अगस्त, 1989 को बल की 93 बटालियन के कार्मिक जब अमृतसर जिले के वर्का गांव में परिचालन ड्यूटी पर थे, तो उन पर कुछ आतंकवादियों ने हमला किया,

जवानों ने तत्काल जवाब दिया, परिणामस्वरूप एक आतंकवादी घटनास्थल पर ही मारा गया। बाकी आतंकवादी मौके का फायदा उठाकर भाग निकले। बाद में मृतक की शिनाख्त कश्मीरा सिंह के रूप में कर ली गई। इस मुठभेड़ में पंजाब पुलिस का एक हवलदार भी मारा गया।

एक आतंकवादी मरा

28 अगस्त, 1989 को जब कटराई कलां और कैनालपुरा पुल के बीच से गुजर रहे 4 व्यक्तियों को 8वीं बटा. के जवानों ने रुकने के लिए कहा तो वे बल के जवानों पर गोलियां चलाने लगे। जवानों ने भी गोलियों का जवाब दिया। लगभग 15-20 मिनट तक दोनों तरफ से गोलियां चलती रही। बाद में क्षेत्र की तलाशी लेने पर एक .315 राइफल, कुछ गोलियाँ, एक टेपरिकार्डर तथा दो शव बरामद हुए। एक मृतक की पहचान खालिस्तान कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर बलराज सिंह के रूप में कर ली गई। उसके सिर पर 20,000 रुपए का इनाम था।

आतंकवादी मारा गया

28 अगस्त को जब एक व्यक्ति सिंधवानबंद नहर के पुल पर 61 बटा. तथा स्थानीय पुलिस के संयुक्त नाके की तरफ आता दिखाई दिया तो, जवानों ने उसे रुकने का संकेत दिया। मगर उसने रुकने के स्थान पर जवानों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाब में फायर किया जिसके परिणामस्वरूप वह युवक मारा गया। बाद में उसकी शिनाख्त जसवीरसिंह उर्फ पिंका के रूप में कर ली गई। उसके सिर पर 30,000 रुपए का इनाम था। मृतक के पास से एक .32 रिवाल्वर व कुछ कारतूस भी बरामद हुए।

दो आतंकवादी मरे

30 अगस्त, 1989 को 32 बटा० के जवानों ने स्थानीय पुलिस के साथ मिल कर जालंधर जिले के गांव संधवा के नजदीक एक पुल पर दो संदिग्ध युवकों को रुकने का संकेत दिया। युवकों ने रुकने के स्थान पर जवानों पर फायर करना शुरू कर दिया। जवानों ने भी जवाब में गोलियां चलाईं जिससे वह दोनों आतंकवादी मारे गए। बाद में मृत आतंकवादियों की पहचान सतनामसिंह और गुरनामसिंह के रूप में कर ली गई। मृतकों के पास से एक ए. के. 47 राइफल व एक 12 बोर की गन के अतिरिक्त और भी गोली कारतूस बरामद किए गए।

दो आतंकवादी मारे गये

40 और 76 बटा० के जवानों ने 3 सितंबर को कसूर नहर पर एक संयुक्त घात लगाई। जब जवानों की तरफ आते एक ट्रेक्टर को रुकने का संकेत दिया गया, तो उस

पर सवार व्यक्तियों ने फायर करना शुरू कर दिया। जवानों ने भी जवाब में फायर किया, जिससे एक संदिग्ध आतंकवादी मारा गया तथा एक को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। एक अन्य घायल आतंकवादी जो भागने में सफल हो गया था को गांव वालों द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया, मगर उसकी रास्ते में ही मृत्यु हो गई। घटनास्थल से एक .303 देशी पिस्तौल व कारतूस बरामद किए गए।

8 आतंकवादी मारे गए

8 सितंबर को बल की 4 बटा. के कार्मिकों ने स्थानीय पुलिस के जवानों के साथ मिल कर जिला फिरोजपुर के गांव झंडूवाला के मेजरसिंह के घर की घेराबन्दी की जहां आतंकवादियों का एक गुट छुपा हुआ था। जवानों ने आतंकवादियों को बाहर आने के लिए ललकारा, किन्तु आतंकवादियों ने घर के अन्दर से जवानों पर फायर करना शुरू कर दिया। लगभग 5 घन्टे तक दोनों तरफ से गोलीबारी होती रही। बल के जवानों द्वारा स्वचालित हथियारों व 2 इन्च मोर्टर इत्यादि का इस्तेमाल किया गया। परिणामस्वरूप 8 आतंकवादी घटनास्थल पर मारे गए, जिनमें खालिस्तान कमांडो फोर्स का खूँखार आतंकवादी सुखजिंदर सिंह दीप सिंवाला भी शामिल था जो 22 हत्याओं के लिए जिम्मेदार था तथा जिसके सिर पर 40 हजार रुपए का इनाम था। बाद में घटना-स्थल की छानबीन करने पर 7 ए. के. 47 राइफलें, 2 हथगोले, एक साइनाइड का पैकेट तथा ढेरों गोली बारूद बरामद किया गया।

बाद में पु. उ. महानिरीक्षक फिरोजपुर रेंज, एस. एस. पी. फिरोजपुर और पुलिस महानिरीक्षक (पंजाब) ने भी घटनास्थल का दौरा किया और बल के जवानों के साहस की प्रशंसा करते हुए पुलिस महानिदेशक (पंजाब) ने बल के कार्मिकों को बड़े खाने के लिए 20,000 रुपए के नकद इनाम की घोषणा की।

पांच आतंकवादी मारे गए

बल की 38 बटा० के जवानों ने सूचना प्राप्त होने पर 12 सितम्बर को अमृतसर जिले के गांव दसेरी के नजदीक सुरजीतसिंह के घर की घेराबन्दी शुरू की। अभी वे घेराबन्दी कर ही रहे थे कि आतंकवादियों ने उन पर फायर किया। बल के जवानों ने तत्काल फायर का जवाब दिया। जिससे एक आतंकवादी मारा गया, जिसकी पहचान बाद में बब्बर खालसा ग्रुप के दर्शनसिंह के रूप में कर ली गई। बाद में बगल के चेरी के खेतों में छिपे कुछ आतंकवादियों के साथ काफी देर तक गोली बारी चलती रही। बल के जवानों ने हथगोलों और 2" मोर्टर का इस्तेमाल किया। बाद में खेत में से चार आतंकवादियों के शव बरामद किए गए। घटनास्थल से 3 ए. के. 47 राइफलें और 2 ए. के. 74 राइफलों सहित गोली बारूद बरामद किया गया।

कमांडेंट घायल

14 सितंबर को रात लगभग 8.30 बजे 4 बटा. के. कमांडेट श्री आर. के. सिंह अपनी पार्टी के साथ फिरोजपुर के फतेहगढ़ सभा क्षेत्र से विशेष परिचालन ड्यूटी से लौट रहे थे तो उन पर आतंकवादियों के एक दल द्वारा घात लगाई गई। बल के जवानों ने तत्काल आतंकवादियों की गोलियों का जवाब दिया।

श्री आर. के. सिंह सीने पर गोली लगने से घायल हो गए, उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक हवलदार को भी मामूली चोट आयी।

प्रथम वाहिनी-स्वर्ण जयन्ती

महामहिम आमन्त्रित जन से, प्रथम वाहिनी का अभिनन्दन,
अभिव्यक्ति को शब्द नहीं है, दिशा-दिशा हर्षितमय क्रन्दन,
राष्ट्र समर्पित रही वाहिनी, जन हित का स्वर्णिम स्पन्दन,
शांति व्यवस्था की बेदी पर, भव्यमयी अंकित है वन्दन,
त्यागमयी अभिलेख बनाकर, ध्वजा शिखिर में रंग बसन्ती,
प्रथम वाहिनी-स्वर्ण जयन्ती।

दृढ़ निष्ठा इसकी ध्रुव जैसी, 'सेवा-भक्ति' इसकी शान,
विषम परिस्थिति में भी संयम, उच्च मनोबल जीवन दान,
निष्पक्ष भावना सदा कर्म में, दृढ़ता का है इसे वरदान,
जन-जन में है भाई चारा, सर्वधर्म सुरभित उद्यान,
जन्म दायनी के. रि. पु. की, सब होठों पर यही वदन्ती,
प्रथम वाहिनी-स्वर्ण जयन्ती।


उच्च कोटि का है अनुशासन, परम्परा है स्वरूप महान,
संकीर्ण भावना-स्वार्थ तत्व का, करती है यह सही निदान,
राष्ट्र सुरक्षा संकेतों पर, करती प्राणों का बलिदान,
व्यवहारिकतापूर्ण प्रशिक्षण, कुशल दक्षता ध्वजा निशान,
शुभ अवसर पर डाक टिकट से, सोभित है इसकी वैजन्ती,
प्रथम वाहिनी-स्वर्ण जयन्ती।

कर्त्तव्य भावना से प्रेरित यह, कर्त्तव्य भावना इसके प्राण,

गतिशीलता अति तीव्र है, अभिलेखों में रहा प्रमाण,
अलंकरण से भव्य सुशोभित, गौरवमय है इसकी शान,
पुनः आज दृढ़ संकल्प कर रही, देश एकता का है ध्यान,
होगा नहीं विखंडित भारत, हर लेगी सम्प्रदाय विष दन्ती,
प्रथम वाहिनी-स्वर्ण जयन्ती।
तत्परता व लगनशीलता, कठिन-परिश्रम आत्म सम्मान,
ओत-प्रोत इन सभी गुणों से, सदा निरन्तर इनका ध्यान,
प्रथम कमान्डेंट मेजर पैरट, श्री आर. एस. यादव आन कमान,
'सत्य' कर रहा नम्र निवेदन, उज्जवलमय इतिहास महान,
पुनः समर्पित आज राष्ट्र को, भारत में यह ध्वनि वदन्ती,
प्रथम वाहिनी-स्वर्ण जयन्ती।

—मुरारीलाल यादव 'सत्य'
सहायक कमान्डेन्ट

रजि० नं० 47167/87



नई दिल्ली के विजय चौक से झंडी दिखाकर 'एकता के लिए दौड़' की शुरुआत करते महानिदेशक श्री पी. जी. हलर्नकर

CRPF SAMACHAR

Vol. 3 No. 3 October 31, 1989 Kartika 9, 1911



* Homage to Martyrs

Police Aquatics



The CRPF Additional Director General Shri P.S. Bhindar hands over the mashal to the former ace athlete and Commandant Shri Gurbachan Singh Randhawa at the start of mashal rally at Neemuch on October 8th, 1989. Also in the picture are Shri D. R. Karthikeyan, IGP, Southern Sector and Shri T. S. Bahad, DIGP, Neemuch.

THE
CRPF SAMACHAR

Vol. 3 No. 3 October 31, 1989 9, Kartika 1911

Quarterly

Editor: M. P. Nathanael

Cover : The Minister of State for Home Affairs, Shri P. Chidambaram hands over the ‘mashal’ to the CRPF Director General Shri P. G. Halarnkar after receiving it from the former Olympian Shri G. S. Randhawa in New Delhi on October 18, 1989.

Cover Photo : S. K. Khanna

Editorial Office :
Directorate General,
Central Reserve Police Force,
Block-I, C.G.O. Complex, Lodi Road,
New Delhi-110003

Printed and published by :
M.P. Nathanael on behalf of
The Director General, CRPF.

CONTENTS

CRPF—A mini-India *by T.G.L. Iyer*
Punjab Round up
The martyrs remembered
Golden Jubilee celebrations
Railwaymen lift Gold Cup
A-I Police Aquatics *by M.P. Nathanael*

Letter from the Editor

Dear Reader,

A series of functions to mark the golden jubilee year of the CRPF were held during the last quarter.

On the last day of September, golden jubilee runs were organised in six towns in the country. A massive turn out of participants for the run served as an index of its popularity.

Then began the mashal rally from Neemuch to New Delhi and cycle expeditions from four corners of the country to the Capital.

The CRPF Open Gold Cup Basketball tournament started off on a grand note with the arrival of mashal. Eight top teams of the country, with several international stars participating, naturally added prestige and glamour to the tournament.

The final day of the tournament was marked by the arrival of the cycle expeditions at the NDMC Indoor Stadium where the tournament was conducted.

This issue highlights these important events.

An article by Shri T.G.L. Iyer entitled “CRPF-A mini-India” spells out the important landmarks in the chequered history of CRPF.

रिक्रूट प्रशिक्षण केन्द्र-I, नीमच में प्रशिक्षण केन्द्र की सात बैर कें हैं, जिनमें रंगरूट एवं प्रशिक्षक रहते हैं। इन सभी के मनोरंजन के लिए मनोरंजन कक्ष तथा तीन बैरकों में टी०वी० सैट थे जिनसे सभी प्रशिक्षणार्थी बारी-बारी से कार्यक्रम देखते थे। मगर प्रशिक्षणार्थियों एवं प्रशिक्षकों की दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए सभी बैरकों एवं मनोरंजन कक्ष में 9 टी०वी० सैट लगाये गए और उन्हें केबल पद्धति द्वारा एक साथ जोड़ा गया। इस सुविधा से सभी लोग एक साथ न केवल दूरदर्शन के कार्यक्रम ही देख पाते हैं अपितु वी०सी०आर० पर मनोरंजन एवं प्रशिक्षण संबंधी फिल्में भी एक साथ देख पाते हैं। इस पद्धति का उद्घाटन बल के दक्षिणी सेक्टर के महानिरीक्षक श्री डी० आर० कार्तिकेयन के द्विवार्षिक निरीक्षण के दौरान श्रीमती कार्तिकेयन ने 9 अक्तूबर, 1989 को किया।

अच्छी सेहत

दो मित्र आपस में बातें कर रहे थे। पहले मित्र ने शेखी मारते हुए दूसरे मित्र से कहा।

पहला मित्र : मुझे, दमा, ब्लडप्रेशर, डाइबिटीज, हाइपरटेंशन और दिल की तकलीफ है।

दूसरा मित्र : यकीनन तुम्हारी सेहत बहुत अच्छी है, जो एक साथ इतनी बिमारियाँ झेल रहे हो।

बिल

एक रेस्तोंरा के बाहर बोर्ड लगा था, 'खाना खाइये, बिल आपके पोते से लिया जाएगा।' एक सज्जन यह पढ़कर अंदर गए और छक कर खाना खाने के बाद जब बाहर जाने लगे, तो वेटर ने उनके सामने सौ रु० का एक बिल रख दिया। सज्जन ने हैरानी से पूछा, "मगर आप ने बाहर लिखा है कि बिल आपके पोते से लिया जाएगा।" वेटर, "जी आपका बिल आपके पोते से ही लिया जाएगा, यह बिल तो आपके दादा जी का है।"

स्वर्ण जयंती निबंध प्रतियोगिता

के० रि० पु० बल

गौरवमय अतीत और चुनौती भरा भविष्य

के० रि० पु० बल स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में एक निबध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में अलग-अलग आयोजित इस प्रतियोगिता के हिन्दी खंड में प्रथम पुरुस्कार ग्रुप केंद्र नीमच के हिन्दी अनुवादक श्री राधेश्याम मकवाना के निबंध को दिया गया। पुरस्कृत निबंध को हम सी० आर० पी० एफ० समाचार के दो अंकों में प्रकाशित कर रहे हैं। प्रस्तुत अंक में पढ़िए निबंध का पहला भाग।

आज से 50 वर्ष पूर्व नीमच की पुनीत पावन धरा पर ब्रिटिश शासनकाल में 27 जुलाई 1939 को मेजर टी. एफ. पर्ट की कमान में सी. आर. पी. एफ. का जन्म हुआ था। उस समय इसका नाम "क्राउन रिप्रजेन्टेटिव पुलिस' था और इसकी केवल एक ही बटालियन थी।

ब्रिटिश शासनकाल में भारत में कई राज्य और छोटे-छोटे रजवाड़े थे जिनमें अकसर आन्तरिक गड़बड़ी होती रहती थी। इसलिए इस बल को उस समय बनाने का मुख्य उद्देश्य उन छोटी-छोटी रियासतों में विधि और व्यवस्था कायम करना और शान्ति बनाये रखना था।

इस बल का कार्यक्षेत्र राज्यों में आन्तरिक शान्ति और सुरक्षा बनाए रखना था लेकिन दूसरे विश्व युद्ध के समय इस बल का उपयोग गार्ड ड्यूटी के रूप में भी किया जाने लगा। दूसरे विश्व युद्ध के समय जर्मनी और इटली के युद्ध-बंदियों को राजस्थान के "टोंक" जिले की तहसील "देवली" में नजरबन्द रखा गया और इन नजरबन्दियों की

गाडे के रूप में इस बल का उपयोग किया गया।

ब्रिटिश शासनकाल में ही दिल्ली में इस फोर्स का उपयोग "वाइसरिगल" गार्ड ड्यूटी के लिए भी किया गया। सन् 1942 में जब सिन्ध प्रान्त में यहाँ के विद्रोहियों ने सर उठाया तो इसी फोर्स ने उन बागियों का सफलता से मुकाबला किया और यहाँ शांति स्थापित की। इस तरह अपने शैशवकाल से ही इस फोर्स के मस्तक पर सफलता का ताज बंध गया।



श्री राधेश्याम मकवाना

स्वतंत्रता से पहले यह फोर्स यद्यपि बहुत छोटी थी फिर भी इसने उस समय 3 जार्ज क्रास, 3 किंग पुलिस पदक और 3 भारतीय पदक हासिल किए। इसके अलावा ब्रिटिश महाराजा के आदेश से ही इस बटालियन के एक कमांडैंट श्री सी०एफ० पेरी को फौजी अलंकरण से सम्मानित किया गया जो वास्तव में इसके गौरवमय इतिहास के प्रथम पृष्ठों में अंकित है।

रवतंत्रता प्राप्ति के पश्चात तत्कालीन गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल ने इस फोर्स को केन्द्रीय सरकार की रिजर्व पुलिस के रूप में रखने की सम्भावना को देखा, जिसे विभिन्न राज्यों में गंभीर परिस्थितियों के समय राज्य में कानून और व्यवस्था का काम सौंपा जा सकता था। इसलिए उन्होंने सरकार से इसे यथावत बनाए रखने की सिफारिश की। सरकार ने इसे मान लिया और इसका नाम बदल कर सेन्ट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स कर दिया गया। इसलिए सरदार पटेल को सी. आर. पी. का जन्मदाता भी माना जाता है। सी. आर. पी. एक्ट को संसद ने पास किया जिसे तत्कालीन गवर्नर जनरल ने 20 दिसम्बर 1949 को अपनी सहमति दी।

स्वतन्त्रता के पश्चात पहली बार इस फोर्स को रेजिमेन्टस कलर दिया गया और सरदार पटेल ने "जेसरमेल" ट्राफी प्रदान की। धीरे-धीरे इस बल का विकास हुआ और सन् 1967 तक इसकी 25 बटालियनें बन गई।

इस बल में भारी परिवर्तन जनवरी, 1960 में हुआ जब इस बल का पुनर्गठन किया गया और इसका महानिदेशालय दिल्ली में खोला गया जिसके पहले महानिदेशक श्री बी.जी. कानेटकर थे। इसके बाद तो इस बल में तीव्रता से विकास होता चला गया। ग्रुप केन्द्र की योजनायें आरम्भ हुई ओर रैंज खुलते गये तथा सैक्टरों में भी वृद्धि होती चली गई। आरंभिक काल में जहाँ इसकी केवल एक बटालियन थी वहाँ आज इसकी कुल 93 बटालियनें हो गई हैं। इसकी नफरी 1,25,500 हो गई है। इसका सबसे बड़ा कार्यालय महानिदेशालय दिल्ली में है। 5 सैक्टर मुख्यालय एवं आई. जी. मुख्यालय और परिचालन अलग से हैं। 16 रैंज डी. आई. जी. एवं 19 ग्रुप केन्द्र हैं। एक सिगनल ग्रुप केन्द्र एवं 5 सिगनल बटा० हैं। 5 प्रशिक्षण संस्थान एवं आबू पर्वत पर आंतरिक सुरक्षा अकादमी है। प्रत्येक स्टेशन पर चिकित्सालय के अलावा 3 बेस अस्पताल अलग से हैं।

जिम्मेदारियां

स्वतन्त्रता के बाद इस बल को अनेक प्रकार के काम सौंपे गए और कई तरह की ड्यूटियां इसने सफलता से पूरी की। इसे अरावली और चम्बल की घाटियों में डाकू उन्मूलन अभियान में लगाया गया वहाँ युद्ध से भी अधिक भय जीवन रक्षा का था। जम्मू-कश्मीर की विस्फोटक स्थिति में इसको तैनात किया गया। लद्दाख में बर्फ से ढ़की पहाड़ियों में विवादग्रस्त सीमा चौकियों पर संतरी ड्यूटी का काम इस बल ने किया।

इस बल का सर्वप्रथम विशिष्ट बलिदान 21 अक्टूबर 1959 को चीन में "हाट स्प्रिंग" नामक स्थान पर हमा जहाँ हमारे बहादुर जवानों ने चीनी घुसपेठियों से मुकाबला करते हुए अपने प्राण न्यौछार कर दिये थे। इस दिन को आज पूरे भारत में "पुलिस शहीद दिवस" के रूप में मनाया जाता है। जिसमें वर्ष भर में शहीद हुए जवानों के नाम पढ़े जाते हैं और दो मिनट का मौन रखकर शहीद जवानों को श्रद्धांजली दी जाती है।

सन् 1965 में पाकिस्तान युद्ध के समय इस बल के जवानों ने पाकिस्तानी ब्रिगेड के विरुद्ध रण-कच्छ क्षेत्र में "सरदार पोस्ट" पर जो साहसपूर्ण करतब दिखाये उसके बारे में तत्कालीन गृहमंत्री श्री गलजारी लाल नन्दा ने इस प्रकार अपने भावों को व्यक्त किया था—

> "भारतीय पुलिस के इतिहास में इस युद्ध का उल्लेख कई वर्षों तक मिलता रहेगा और हो सकता है कि मिलेट्री के इतिहास में भी इसका उल्लेख किया जाए"

इस फोर्स का उल्लेखनीय योगदान सन् 1971 में बंगला देश युद्ध में सीमा रेखाओं

पर किए गए कार्य में और विनाशकारी नक्सलवादी विद्रोहियों से सामना करने में रहा। उस समय पश्चिमी बंगाल और अन्य कई स्थानों पर लोगों का सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था और जनजीवन संकट के दौर से गुजर रहा था। ऐसे विकट समय में इस बल ने अपने कौशलपूर्ण करतब से स्थिति पर काबू पाया। अरुणाचल प्रदेश में इस बल ने दोहरा कार्य किया। एक तरफ सीमाओं पर सुरक्षा ड्यूटी की वहीं दूसरी तरफ पुलिस का भी कार्य किया। त्रिपुरा, मणिपुर, नागालैण्ड और मिजोरम में हमारे जवानों ने अधिक सतर्कता और मुस्तैदी से ड्यूटी की। वहाँ व्याप्त असामाजिक तत्वों से डटकर मुकाबला किया और छुपे हुए विद्रोहियों से मुठभेड़ की जिस में अनेक प्राणों की आहुति देनी पड़ी।

बल की विशेषताएं

धर्म-निरपेक्षता इस बल की सबसे बड़ी विशेषता है। इसमें हर धर्म को समानता का दर्जा दिया गया है। इसमें जात-पाँत का कोई भेदभाव नही रखा गया है। बल में हर प्रान्त, बोली, धर्म, भाषा के लोग हैं। बल में सभी राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्ति शामिल हैं, और समभाव से रहते हैं। अनेकता में एकता के यदि कहीं दर्शन होते हैं तो वह सी. आर. पी. में सरलता से देखा जा सकता है। इसके इतिहास में सैकड़ों ऐसे उदाहरण भरे पड़े हैं जब साम्प्रदायिक संवेदनशील परिस्थितियों में सी. आर. पी. एफ. ने साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए राज्य पुलिस को भारी सहयोग दिया।

“सेवा-भक्ति” इस बल की दूसरी प्रमुख विशेषता है। इसमें हर मजहब और प्रान्त के लोग आपस में कंधे से कंधा मिलाकर देश सेवा में जुटे हुए हैं। हर व्यक्ति कदम से कदम मिलाकर एक ही ताल में एक ही लय में इस बल का शीर्षक गीत—“चलते रहो प्यारे” गुनगुनाता हुआ चला आ रहा है, सफलता की राह में, उन्नति के शिखर पर, विकास की ओर अग्रसर है और अनन्त कार्यक्षेत्र में लीन है अपना सर्वस्व न्यौछावर करके। ऐसी कर्तव्य निष्ठ फोर्स का कौन दिवाना नहीं होगा? इस बल के जवान वास्तव में सेवा भक्ति शब्द को सार्थक कर रहे हैं अपनी निष्ठा से, अपने उत्सर्ग से, अपनी कुशलता से, अपनी कठोर मेहनत से, लगन से, धैर्य से, अथक परिश्रम से और और दिल को लगी देश सेवा की लगन से, ताकि भारत की आत्मा का विघटन न हो। इसी एकता और अखण्डता को अक्षुण्ण रखने के लिए हमारे जवान देश सेवा में लगे हैं।

बल की विशेषता की कड़ी में सन् 1986 के वर्ष को भूलाया नहीं जा सकता जब विश्व में पहली बार महिला पुलिस की एक पूरी बटालियन का गठन किया गया। यह विश्व इतिहास की ऐसी घटना है जिसे कभी विस्मृत नहीं किया जा सकेगा।

सफलता का रहस्य

इस बल की सफलता का रहस्य इसका बहुउद्देशीय प्रशिक्षण है। इस बल में दोहरा प्रशिक्षण देकर जवानों को इस प्रकार तैयार किया जाता है कि वे एक ओर जहां देश की आन्तरिक सुरक्षा और व्यवस्था को संभालते हैं वहीं दूसरी ओर जरूरत पड़ने पर

सीमाओं पर भी कुशलता से अपने कर्तव्य का पालन कर सकते हैं। इस बल की सफलता का रहस्य यही है, तभी तो देश में जहां कहीं भी किसी तरह का संकट आता है तो सी. आर. पी. की मांग बढ़ जाती है। इस बल को जिस काम में भी लगाया, वहीं इसने सफलता पूर्वक कार्य कर लोगों के दिलों को जीता है तथा सरकार का विश्वास प्राप्त किया हैं। देश की जनता और सरकार सी.आर.पी. फोर्स से बड़ी अपेक्षा रखती है और दिलो-जान से इसको चाहती है। संकट के समय अथवा बाधाओं के समय इसे पूर्ण विश्वास के साथ काम सौंपा जाता है कि इस बल के काम संभालते ही फलदायी परिणाम सामने आते हैं। समस्या चाहे कैसे भी हो, इस बल ने सदैव अपनी कर्मठता से विजय हासिल की है, चाहे वह बाढ़ग्रस्त इलाकों में राहतकार्य हों अथवा आगजनी की घटनाएं हों। चाहे बंगाल की नक्सलवादियों की समस्या हो अथवा असम की बोड़ो की समस्या हो। आतंकवाद की समस्या हो अथवा चुनावी हड़बड़ाहट हो।

(क्रमशः)

रजि० 47167/87



पुलिस स्मारक दिवस के अवसर पर ग्रुप केंद्र झड़ौदा कलां में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बल के अपर-महानिदेशक श्री पी० एस० भिडर।

मुख्य सम्पादक : एम० पी० नर्थनियल। सम्पादक : अनिल गुप्ता। मुद्रक : सी०आर०पी०एफ० प्रेस, झाड़ौदा कलां, नई दिल्ली-110072।
प्रकाशक तथा प्रकाशक : महानिदेशक के०रि०पु०बल, ब्लाक 1, सी०जी०ओ० काम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 की ओर से एम०पी० नर्थनियल।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की मासिक पत्रिका

सीआरपीएफ समाचार

- बल के 16 कार्मिकों को शौर्यता पदक

तियोगिता के

पी. स्कूल का

व

मूल्य—1.60 रुपए खण्ड—II अंक—8 31 दिसम्बर, 1 ष, शक संवत् 1911



स्वर्ण जयंती फिल्म की शूटिंग के दौरान बल के जवान जैसलमेर राजस्थान में

सी आर पी एफ समाचार

केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल की मासिक पत्रिका

गौरव गाथा

बल के 16 कार्मिकों को शौर्यता पदक



स० कमां० आर० पी० गौतम

भारत के राष्ट्रपति द्वारा के० रि० पु० बल के 16 कार्मिकों को पंजाब में आतंकवादियों के विरुद्ध दिखाई गई वीरता और साहस के लिए शौर्यवीरता के पुलिस पदकों से सम्मानित किया गया है। पदक प्राप्त करने वालों में बल की जालंधर रेंज के उप-महानिरीक्षक एस० एस० विर्क भी शामिल हैं, जिनका जबड़ा आपरेशन ब्लैक थंडर से पहले आतंकवादियों द्वारा चलाई गई गोलियों से छलनी हो गया था।

शौर्यवीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक 24 बटालियन के सहायक कमांडैंट आर० पी० गौतम तथा 44 बटालियन के कांस्टेबल ए० जी० पाथेर (मरणोपरांत) व कांस्टेबल के० हजारिका को प्रदान किया गया है। उप महानिरीक्षक पुलिस एस० एस० विर्क, 70 बटालियन के कमांडेंट नन्दलाल, सहायक कमांडैट आर० सी० सेठी (उप महानिरीक्षक पुलिस कार्यालय, जालंधर) तथा किशन चन्द (24 बटा०); सब इस्पेक्टर के० डी० यादव, हैड कांस्टेबल इन्दर राज सिंह तथा कांस्टेबल शम्भू प्रसाद और लक्ष्मण सिंह (सभी 24 बटा०) तथा 12 बटालियन के इस्पेक्टर मल सिह, लांस नायक अब्दुल रहमान तथा कांस्टेबल सुरेश काम्बले और 24 बटा० के लांस नायक दयाराम व कांस्टेबल सुरेश प्रसाद सिंह को शौर्यवीरता के पुलिस पदकों से सम्मानित किया गया है।



कमा० नंदलाल




स० कमां० किशन चंद



उ०नि० के०डी० यादव



नि० मल सिंह



लां० ना० अब्दुल रहमान



का० सुरेश काम्बले

23 अक्तूबर, 1987 को सहायक कमांडैंट आर० पी० गौतम ने बल की दो टुकड़ियों के साथ पंजाब के लोपोक क्षेत्र के कोलोवाल गांव में एक फार्म हाऊस का घेरा डाला, जहां कुछ आतंकवादी छिपे थे। बल के कार्मिकों की उपस्थिति की गंध पाकर आतंकवादी खड़ी फसलों से होते हुए भाग निकले।

जब बल की पार्टी ने खेतों में उनका पीछा किया तो आतंकवादियों ने तीन भिन्न दिशाओं में फायर करना प्रारम्भ कर दिया।

भारी गोलाबारी के बीच सहायक कमांडैंट गौतम खेतों के बीच रेंगते हुए आतंकवादियों के पास पहुंचे। इसी बीच दो आतंकवादी भाग खड़े हुए, जबकि एक लगातार फायर करता रहा। सहायक कमांडैंट गौतम ने तत्काल उसे दबोच लिया, मगर जब आतंकवादी सहायक कमांडेंट गौतम से हथियार छीनने का प्रयास करने लगा तो श्री गौतम द्वारा चलाई गई गोलियों से उसको तत्काल मृत्यु हो गयी।

हैड कांस्टेबल ए०जी० पाथेर उस समय राकेट लांचर के छर्रों से घायल हो गया, जब वह अपने सैक्शन के साथ 8 जून, 1988 को अमृतसर जिले के थैडी गाँव में आतंकवादियों की हिट लिस्ट में शामिल एक व्यक्ति के घर पर सुरक्षा के लिए तैनात था। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उसने और उसके साथियों ने आतंकवादियों का सामना किया और उनका मुंह मोड़ दिया। आतंकवादी बल के कार्मिकों के हथियारों को अपने कब्जे में करना तथा उनके द्वारा सुरक्षित परिवार की हत्या करना चाहते थे, मगर वे अपने इरादे में कामयाब नहीं हो पाये। हैड कांस्टेबल ए० जी० पाथेर की बाद में मृत्यु हो गयी। आतंकवादियों के इस हमले में हालांकि कांस्टेबल के० हजारिका के सिर पर गंभीर चोटें आयी थीं, मगर फिर भी वह आतंकवादियों पर प्रभावशाली ढंग से फायर करता रहा, परिणामतः आतंकवादियों को वहां से खाली हाथ भागना पड़ा।



है० कां० इंद्रराज सिंह



लां० ना० लक्ष्मण सिंह



कां शम्भू प्रसाद

9 मई, 1988 को यह सूचना प्राप्त होने पर कि स्वर्ण मन्दिर के बाहर एक गैर कानूनी दीवार का निर्माण किया जा रहा है, उप महानिरीक्षक एस० एस० विर्क, कमांडेंट नन्द लाल तथा सहायक कमांडेंट सेठी तत्काल स्वर्ण-मन्दिर पहुंचे। जब उन के बार बार कहने पर पर भी दीवार का निर्माण बंद नहीं किया गया तो बल को कार्मिकों ने दीवार को गिराना शुरु कर दिया।



ना० दयाराम



कां० सुरेश प्रसाद सिंह

तत्काल आतंकवादियों ने गोलियां चलानी शुरु कर दी। उपमहानिरीक्षक विर्क के जबड़े पर एक गोली लगी। गंभीर रूप से घायल होने पर भी उन्होंने आतंकवादियों पर गोलियां चलाई और अपने जवानों को आतंकवादियों का सामना करने के निर्देश दिए।

कमांडेंट नन्दलाल और सहायक कमांडेंट सेठी अपनी जान को जोखिम में डालते हुए आतंकवादियों का सामना करते रहे और तत्काल उप महानिरीक्षक विर्क को सुरक्षित बाहर ले आए।

हैड कांस्टेबल इन्द्रराज सिंह ने 23 अक्तूबर, 1987 को लोपोक में आतंकवादियों से हुई मुठभेड़ के दौरान उस वक्त दो आतंकवादियों को अपनी गोलियों से उलझाए रखा, जबकि वे सहायक कमांडेंट गौतम पर फायर कर रहे थे, इस प्रकार उन्होंने सहायक कमांडेंट गौतम की जान बचाई।

सहायक कमांडेंट किशन चन्द तथा कांस्टेबल शम्भू प्रसाद ने 29 जन, 1988 को अजनाला के दयाल बैरंग गांव में दो दुर्दांत आतंकवादियों का वीरतापूर्वक सामना किया, इस मुठभेड़ में दोनों आतंकवादी मारे गए।

सब इंस्पेक्टर के० डी० यादव तथा कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह ने 2 अक्तूबर, 1987 को अजनाला के कोहली गांव में आतंकवादियों से हुई एक मुठभेड़ में अद्वितीय वीरता और साहस का परिचय दिया। इस मुठभेड़ में एक दुर्दात आतंकवादी मारा गया।

11 जनवरी, 1988 को बल की 12 बटालियन की एक प्लाटून पंजाब के राया क्षेत्र के बट गाँव के एक फार्म हाउस में आतंकवादियों ने छुपने के स्थान पर छापा मारने पहुंची, तो पांच मातंकवादियों ने जवानों पर गोलियां दागनी शुरू कर दीं। बल के जवानों ने गोलियों का जवाब दिया और खड़ी फसलों में भागते आतंकवादियों का पीछा किया।

जब इस्पेक्टर मल सिंह तथा कांस्टेबल सुरेश काम्बले दो आतंकवादियों का पीछा कर रहे थे, तो अचानक एक आतंकवादी ने घूम कर उन पर गोलियों की बौछार कर दी। सौभाग्यवश बल के दोनों जवानों को गोली नहीं लगी। तत्काल दोनों ने आतंकवादी पर गोलियां चलाई, परिणामस्वरूप वह आतंकवादी मारा गया।

लांस नायक अब्दुल रहमान रेंगते हुए उस आतंकवादी के नजदीक पहुंचे, जो उन पर ग्रेनेड फेंक रहा था। आतंकवादी के नजदीक पहुंच कर उन्होंने गोली चला दी,

जिससे वह मारा गया।

लांस नायक दया राम और कांस्टेबल सुरेश प्रसाद ने 7 दिसम्बर, 1987 को एक आतंकवादी को उस समय मार गिराया जब वह सिना शहबाजपुर के गांव की लाहौर-कैनाल रोड पर स्थित एक घर की चार-दीवारी के पीछे से उन पर फायर कर रहा था।

लांस नायक दया राम ने आतंकवादी को उलझाए रखा, जबकि कांस्टेबल सुरेश प्रसाद छुपते हुए दीवार फांदने का प्रयास करने लगा। लेकिन आतंकवादी ने उसे दबोच लिया और उस पर गोलियां दाग दी। कांस्टेबल सुरेश प्रसाद की जांघ गंभीर रूप से घायल हो गई। मगर उस ने अपनी चोट की परवाह न करते हुए आतंकवादी पर फायर किया, जिससे उस आतंकबादी की तत्काल मृत्यु हो गई।

आशा सर्वोत्कृष्ट प्रकाश है और निराशा घोर अंधकार है।

—रश्मिमाला

मनुष्य के गुण और गौरव तभी तक सुरक्षित रहते हैं जब तक वह दूसरों के आगे हाथ नहीं फैलाता।

—ब्रह्म पुराण

उद्यम, साहस, धैर्य, बुद्धि, शक्ति और पराक्रम जिस व्यक्ति के पास हैं, उसके सब कार्य सिद्ध होते हैं।

—संकलित

पहले से सोचने वाला सदा सुखी रहता है।

—संकलित

शमशुद्दीन ने रेस जीती

बल के निरीक्षक शमसुद्दीन ने 3 दिसम्बर को भारतीय नौसेना द्वारा नई दिल्ली में आयोजित अर्द्ध मैराथन दौड जीत कर 3000 रुपये का नकद पुरुस्कार प्राप्त किया।

निरीक्षक रसदेव सिंह एवं हैड कांस्टेबल कुलविंदर सिंह क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। दोनों को क्रमशः 2,000 और 1,000 रुपये के नकद पुरुस्कार दिए गए।

बल के कार्मिक ने रथ मैराथन जीती

के० रि० पु० बल के लांस नायक शिव चरण लाल ने 7 दिसम्बर को नई दिल्ली में आयोजित रथ मैराथन दौड़ जीत कर 2,000 रुपये का नकद पुरुस्कार प्राप्त किया।

निरीक्षक शमसुद्दीन ने अर्द्ध मैराथन दौड़ में भाग लेकर आसानी से उसे जीत लिया। अर्द्ध मैराथन दौड़ के लिए कोई नकद पुरुस्कार नहीं था।

छाए रहे बल के जवान

दिसम्बर माह में चंडीगढ़ में आयोजित उत्तरी भारत तथा पंजाब राज्य निशानेबाजी प्रतियोगिता में भारी संख्या में पदक जीत कर बल के निशानेबाज छाए रहे।

बल के सहायक कमांडैंट श्री टी० एस० ढिल्लन ने उत्तरी भारत निशानेबाजी प्रतियोगिता में पाँच स्वर्ण तथा दो रजत पदक जीते। दोनों प्रतियोगिताओं का 'सर्वश्रेष्ठ निशाना' का खिताब भी उन्हीं को दिया गया।

बल के अन्य पदक विजेता इस प्रकार रहे—इंस्पेक्टर सरबजीत सिह थुमन—तीन स्वर्ण, तीन रजत तथा एक कांस्य, हैड कांस्टेबल हिम्मत सिंह–एक स्वर्ण और एक रजत, लांस नायक दिलबाग सिंह—एक स्वर्ण और एक रजत, लांस नायक नुरद खान और कांस्टेबल अमुल काजमकर दोनों एक-एक रजत तथा हैड कांस्टेबल इब्राहिम शमा तथा कांस्टेबल ए०एम० अट्टे दोनों एक-एक कांस्य पदक।

बल की महिला जूडोका चमकी

नई दिल्ली में 21 से 23 दिसम्बर तक आयोजित अखिल भारतीय नेहरू जूडो चैपियनशिप में बल की 88 महिला बटालियन की कांस्टेबल कृष्णादेवी ने एक स्वर्ण एवं रजत पदक प्राप्त किया। स्वर्ण पदक उन्होंने अपनी भार श्रेणी में अपने प्रतिद्वंद्वी को परास्त कर प्राप्त किया, जबकि रजत पदक उन्हें ओपन केटेगरी में दिया गया।

काँस्टेबल बशीरा बेगम ने अपनी भार श्रेणी में एक स्वर्ण पदक प्राप्त किया। ओपन केटेगरी में उन्होंने काँस्य पदक प्राप्त किया।

कांस्टेबल वाई० शांति देवी स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली बल की एक और जूडोका रहीं। कांस्टेबल सरजूबाला ने अपनी श्रेणी में रजत पदक प्राप्त किया।

अन्य जिन लोगों ने अपनी अपनी भार श्रेणी में कांस्य पदक प्राप्त किया वे हैं—काँस्टेबल कपिला देवी, रंगरूट ए० सरिता ताम्बे तथा हारू देवी सोन ।

इसके बाद 26 से 28 दिसम्बर तक नई दिल्ली में आयोजित उत्तर भारतीय जूडो चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में भी बल की महिलाए छाई रहीं।

इस प्रतियोगिता में बल की महिलाओं ने 7 स्वर्ण, तीन रजत तथा 4 काँस्य पदक जीते। उन्होंने आसानी से चैम्पियनशिप ट्राफी जीत ली। महिला कांस्टेबल बाई० शांति देवी को सर्वश्रेष्ठ जूडोका घोषित कर 101 रुपए का नकद पुरुस्कार भी प्रदान किया गया।

महिला कांस्टेबल वशीर बेगम अपनी भार श्रेणी तथा ओपन केटेगरी में सभी बाऊट जीत कर प्रथम रहीं। कृष्णा देवी ने अपनी भार श्रेणी में स्वर्ण तथा ओपन केटेगरी में कांस्य पदक प्राप्त किया । नायक कमलजीत ने अपनी भार श्रेणी के सभी बाऊट जीत लिए । मगर ओपन केटेगरी में उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अन्य स्वर्ण पदक विजेता थीं कांस्टेबल प्रतिभा गिरी, वाई० शांति देवी तथा पी० कपिला देवी।

कांस्टेबल सरजू बाला तथा रुखसाना बेगम ने अपनी अपनी भार श्रेणी में रजत पदक प्राप्त किए, जबकि रंगरुट सरिता ताम्बे, भारती मोरे तथा स्नेह लता ने कांस्य पदक जीते।

सी. आर. पी. स्कूल में दाखिले

सी. आर. पी. एफ. पब्लिक स्कूल में वर्ष 1990-91 के सत्र के लिए कक्षा के. जी. से 9 तक दाखिले दो सत्रों में शुरू किए जा रहे हैं।

कक्षा 1 से 9 तक दाखिले के लिए परीक्षा तथा दाखिले की कार्रवाई अप्रैल, मई, 1990 से शुरु की जाएगी। जिन शिक्षण संस्थानों में वर्तमान समय में बच्चे पढ़ रहे हैं वहां की अन्तिम परीक्षा के तुरन्त बाद अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल में ला सकते हैं। उन्हें परीक्षा तथा दाखिले की नियत तारीख की सूचना बाद में दे दी जाएगी।

नवम्बर माह में मृत बल के कार्मिक

नवम्बर, 1989 माह में बल के निम्न कार्मिकों की मृत्यु हुई। सी. आर. पी. एफ. समाचार शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

कां. नरसिंह (40 बटा०) है०. कां. जोगिंदर सिंह (33 बटा०), निरीक्षक पी. बालगोपालन (ग्रु. के. आवड़ी), सफाई कर्मचारी के० नरसिम्हा (बेस अस्पताल-3) नायक बरन सिंह (41 बटा०). ला० नायक रामकुमार (96 बटा०), उपाधीक्षक श्री जी. बी. जोशी (82 बटा.) वाटर कैरियर भगवानदास (87 बटा०), कां० एन. आर. के. राव (ग्रु. के. हैदराबाद), है. कां. शिवरमन उन्नीथन (130 अग्जलरी), नायक जोगिंदर सिंह (130 अग्जलरी), ला. नायक बीर बहादुर (130 अग्जलरी), नायक के. एस. सैमुअल (119 अग्जलरी) और कांस्टेबल बिजल भाई (57 बटा०)।

जोखिम निधि लाभ

नवम्बर, 1989 माह में बल के अन्दर मृत्यु के 34 मामलों में कुल 11,90,000 रुपये देने स्वीकृत किए गए। इनमें 10,000 रुपए प्रति व्यक्ति कल्याण निधि की राशि भी शामिल है।

इसी प्रकार अक्षमता के 12 मामलों में कुल 1,80,000 रुपए देने स्वीकृत किए गए।

मृत जवानों के परिवारों को सहायता

अब तक केवल कुछ राज्य सरकारें ही उग्रवादियों, असामाजिक तत्वों आदि के खिलाफ कार्रवाई करने में मारे गए के० रि० पु० बल के कार्मिकों के परिवार के लिए अनुग्रह अनुदान स्वीकृत करती थीं। भुगतान की मात्रा भी राज्यवार अलग-अलग थी।

पंजाब और बिहार राज्य सरकारें अनुग्रह अनुदान के रूप में एक लाख रूपए स्वीकृत करती हैं; जबकि पश्चिम बंगाल केवल 75,000 रुपए तथा मणिपुर 20,000 रु० स्वीकृत करती है। अब भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि कुल क्षतिपूर्ति एक लाख रुपए उन मृतक कार्मिकों के परिवार को दी जाएगी, जिनकी मृत्यु उग्रवादियों, असामाजिक तत्वों आदि के खिलाफ कार्रवाई करने के

दौरान हो जाती है। कुल क्षतिपूर्ति की गणना करते समय मृतक कार्मिक के परिवार को राज्य सरकार से मिली अनुग्रह अनुदान की राशि में सामूहिक बीमा योजना की राशि मिला दी जाएगी और यदि राशि एक लाख से कम होती है तो भारत सरकार द्वारा कमी पूरी करके मृतक कार्मिक के परिवार को एक लाख रुपए की क्षतिपूर्ति राशि दी जाएगी। यह राहत मृत कार्मिकों के अनेकों परिवारों के लिए बहुत बड़ी सहायता होगी, क्योंकि कुछ राज्य सरकारों द्वारा स्वीकृत क्षतिपूर्ति राशि बहुत ही कम थी। जोनिम निधि तथा कल्याण निधि आदि से मिलने वाले लाभ इस अनुग्रह क्षतिपूर्ति राशि के अतिरिक्त होंगे।

बल के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

पिछले कुछ महिनों में बल के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का विशेष प्रदर्शन किया है। अधिकारियों के नाम लिखे अपने मासिक पत्र में महानिदेशक महोदय ने इस का विशेष रूप से उल्लेख किया है।

दिल्ली में सितम्बर, 1989 के दौरान आयोजित आल इन्डिया रेविन्यू इंस्टी-ट्यूशनलवाली बाल चैम्पियनशिप में बल की टीम ने विजय हासिल की। बल की कबड्डी टीम के सदस्यों ने दिल्ली में अक्टूबर 1989 में आयोजित दिल्ली ओलम्पिक कबड्डी चैम्पिनशिप में विजय प्राप्त की। बल के खिलाड़ी जसमिंदर सिंह ने जन गणतांत्रिक चीन में सितम्बर, 1989 में आयोजित एशियन बास्केटबाल चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। बल के तैराक खजान सिंह ने इस्लामाबाद में अक्तूबर 1989 में आयोजित सार्क एशियन फेडेरेशन खेलों में सात स्वर्ण-पदक तथा एक रजत पदक जीता। उन्होंने प्रतियोगिता में तीन नए रिकार्ड भी बनाए । इसी प्रतियोगिता में बल के दूसरे तैराक एस० राधाकृष्णन ने 2 स्वर्ण-पदक तथा एक कांस्य पदक जीता। श्री आर. एस. बल ने हैमर-थ्रो में एक नया रिकार्ड बना कर स्वर्ण पदक जीता। श्री बल ने नवंबर में हुई एशियन ट्रेक एंड फील्ड मीट में भी हैमर थ्रो में चौथा स्थान प्राप्त किया। के०रि०पु० बल की टीम ने नवंबर, 1989 में जमशेदपुर में आयोजित आल-इंडिया फर्स्ट एड एवं एम्बुलैंस प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान अर्जित किया। इस प्रतियोगिता में हवलदार प्रेम शंकर शर्मा ने स्वर्ण तथा सिपाही एन. सेठी ने कांस्य पदक जीता।

12 बटालियन सर्वश्रेष्ठ बटालियन

वर्ष 1989 के लिए सर्वश्रेष्ठ बटालियन ट्राफी 12 बटालियन को प्रदान की गई। तथा

सर्वश्रेष्ठ ग्रुप केंद्र का खिताब गांधीनगर ग्रुप केन्द्र को दिया गया है। 12 बटालियन के कमांडेंट जे. बी. एस. बैंस है तथा ग्रुप केन्द्र गांधी नगर के अपर उप महानिरीक्षक श्री पी. के. मेनन हैं।

मुफ्त आवास की अवधि

सरकार ने के०रि०पु० बल के कार्मिकों को अर्जित छुट्टी के दौरान मुफ्त आवास रखने की वर्तमान 30 दिन की सीमा को बढ़ाकर 60 दिन तक करने का अनुमोदन कर दिया है।

विद्यार्थियों के लिए छात्रावास

दिल्ली के कॉलिजों में पढ़ रहे बल के कर्मिकों के बच्चों के लिए छात्रावास की समस्या को देखते हुए दिल्ली स्थित सभी बटालियनों को निर्देश दिया गया है कि दिल्ली में पढ़ रहे बल के कार्मिकों के बच्चों के लिए अपने अपने मेसों में एक एक कमरा रिजर्व करें। इस से दिल्ली के कालिजों में पढ़ रहे बल के कार्मिकों के 200 से 30 बच्चों की छात्रावास की समस्या सुलझ जाएगी।

ज्ञान वर्षा

मृदु अर्थात बहुत कोमल और नम्र बने रहने से सदा अनादर होता है तथा तीक्ष्ण अर्थात उग्र होने से सदा वैर भाव होता है, अतः इन दोनों को छोड़कर मध्यम वृत्ति से रहना चाहिए।

—अनुश्रुतानि

विष और विषयों में बड़ा फर्क है। विष खाया जाने पर मनुष्य को मारता है, मगर विषय वासनाओं के तो चिंतन भर से मनुष्य का विनाश प्रारम्भ हो जाता है।

—अज्ञात

संक्षिप्त और सारयुक्त वचन ही अच्छे वक्ता के लक्षण हैं।

—श्री हर्ष

सफलता में उत्सुकता और असफलता में दीनता नहीं लानी चाहिए।

—अज्ञात

के. रि. पु. बल पब्लिक स्कूल का द्वितीय वार्षिक उत्सव



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए स्कूल के बच्चे ।



बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए बल के महानिदेशक श्री पी. जी. हलर्नकर एवं अन्य अतिथि ।

के. रि. पु. बल पब्लिक स्कूल ने 23 दिसम्बर 1989 को अपना द्वितीय वार्षिक उत्सव मनाया। बल के महानिदेशक श्री पी. जी. हलर्नकर इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे; उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शैलेजा पी. हलर्नकर सहित बल के कई वरिष्ठ अधिकारी भी इस मौके पर उपस्थित थे।

इस मौके पर बच्चों ने पी. टी. का शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी बच्चों ने कई आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

विद्यालय के प्रिंसिपल श्री सूरज प्रकाश ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि इस स्कूल ने एक प्रमुख शिक्षा केन्द्र बनने की राह में बहुत ही उत्कृष्ट शुरूआत की है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगे चल कर यह राजधानी का एक प्रमुख शिक्षा केन्द्र होगा।

मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए महानिदेशक श्री पी. जी. हलर्नकर ने स्कूल के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रिंसिपल, अध्यापकों एवं बच्चों को बधाई दी। महानिदेशक महोदय ने कहा कि बहुत कम समय में इस स्कूल ने अपने आपको दिल्ली के प्रमुख पब्लिक स्कूलों में शामिल कर लिया है। उन्होंने स्कूल की इमारत के विषय में बोलते हुए कहा कि दिल्ली विकास प्राधिकरण के साथ कुछ छोटी मोटी समस्यायें थी, जिन्हें अब निबटा लिया गया है और अब जल्दी ही हम अपनी इमारत बना पायेंगे।

इस अवसर पर श्रीमती शैलेजा पी. हलर्नकर ने बच्चों को पुरुस्कार वितरित किए। कक्षा तीन के विनोद कुमार को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरुस्कार दिया गया। अमित कोसलिया ने दिल्ली स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप की शूटिंग चैंपियनशिप का खिताब प्राप्त किया। एथलेटिक्स के पुरुस्कार संजय सिंह, सोनीपाल सिंह तथा बलजीत कौर को दिए गए।

इस मौके पर उपस्थित अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाई गई सामग्रियों की एक प्रदर्शनी भी देखी।

स्वर्ण जयंती छायाचित्र प्रतियोगिता

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की स्वर्ण जयन्ती छायाचित्र प्रतियोगिता का 5,000 रुपए का प्रथम पुरस्कार हिन्दुस्तान टाइम्स के फोटोग्राफर श्री संजय शर्मा को दिया गया है। उन्हें यह पुरस्कार उनकी प्रविष्टि "प्रत्येक स्थिति से निबटने को तैयार" के लिए दिया गया।


3,000 रुपए का द्वितीय पुरस्कार के०रि०पु० बल के एक सहायक कमांडैंट श्री पी० वी० बेलगामकर को उनकी प्रविष्टि "अबोध प्रशंसक" के लिए दिया गया। चण्डीगढ़ के श्री विजय ओज़ो को उनकी प्रविष्टि "सजग दृष्टि" के लिए 2,000 रुपए का तीसरा पुरस्कार प्रदान किया गया।

रंगीन छायाचित्रों के खंड में संतोषजनक प्रविष्टियाँ प्राप्त न होने के कारण पहले तीन पुरस्कार नहीं दिए गए। मगर 2,000 रुपए का विशेष पुरस्कार मद्रास के श्री सतिया चन्द्रन को उनके चित्र "एक गतिशील बल पी पापसी" के लिए दिया गया।


रंगीन चित्रों के खंड में चित्तौड़गढ़ के श्री जयदीप लोढा, त्रिवेंद्रम के श्री के० एन० अनिल कुमार तथा होशियारपुर के श्री आर० एल० मरवाह को भी एक-एक हजार रुपए के विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में फोटो डिवीजन के भूतपूर्व निदेशक श्री टी० काशीनाथ, इण्डियन एक्सप्रेस अखबार के भूतपूर्व फोटोग्राफर श्री एस० पाल तथा फील्ड पब्लिसिटी निदेशालय के संयुक्त निदेशक श्री एच० एस० सेठी शामिल थे।

विजेताओं को पुरस्कार आगामी वर्ष मार्च माह में आयोजित एक समारोह में प्रदान किए जाएंगे।



प्रथम पुरुस्कार
छायाकार : संजय शर्मा
प्रत्येक स्थिति से निबटने को तैयार



द्वितीय पुरुस्कार
छायाकार : पी. वी. बेलगामकर
अबोध प्रशंसक

स्वर्ण जयंती निबंध प्रतियोगिता

के० रि० पु० बल गौरवमय अतीत और चुनौती भरा भविष्य

स्वर्ण जयन्ती निबंध प्रतियोगिता में ग्रुप केन्द्र नीमच के हिंदी अनुवादक श्री

राधश्याम मकवाना के प्रथम पुरुस्कार से सम्मानित निबंध की दूसरी किस्त।

गतांक से आगे

बल की सफलता का एक कारण यह है कि इस बल के जवानों का बुनियादी प्रशिक्षण ही इस तरह का होता है कि उनके दिलों में देश प्रेम का भाव स्वत: उदय हो जाता है। कर्तव्य-निष्ठा और ईमानदारी से राष्ट्र की सेवा करना ही उनका लक्ष्य बन जाता है। आरम्भ से ही जवानों के संस्कार इस तरह डाले जाते हैं कि यह अपने आप ही देश की एकता, अखण्डता और प्रभुसत्ता के लिए अपने प्राणों की भी परवाह नहीं करते हैं।

भरती होने के बाद 9 महीने के कठिन परिश्रम के बाद देश का एक सिपाही तैयार होता है, तो सबसे पहले वह इस प्रकार कसम लेता है :—

"मैं परमेश्वर को साक्षी मानकर धर्म से प्रण करता हूं कि मैं भारत और भारत सरकार, जो संवैधानिक रूप से बनाई गयी है, का सच्चे मन से हितैषी रहूंगा और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में अपने धर्म और सच्चाई से सेवा करता रहूंगा। पवन, जल और भूमि में से जिस मार्ग से जाने की आज्ञा होगी, जाऊंगा और जिसे मेरा अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, उसकी सारी आज्ञाओं का पालन करूंगा चाहे उसमें मेरे प्राण जाने का भय भी क्यों न हो।"

सी० आर० पी० एफ० की उक्त शपथ कितनी सार्थक और अपने आप में पूर्ण एवं सशक्त है। इसमें उन सभी गुणों का, अवयवों का समावेश हो गया है जो एक सच्चे सिपाही के लिए जरूरी हैं। कड़े अनुशासन का पाठ कसम में अपने आप ही निहत है। देश रक्षक के लिए आज्ञा पालन करना सबसे आवश्यक होता है चाहे उसमें जान जाने का भय क्यों न हो। हमारा जवान जब यह कसम लेकर सेवा के लिए निकलता है तो अपनी अन्तिम सांस तक इस कसम का पालन करता है यही इस बल की सफलता का रहस्य है।

कार्य प्रणाली

के०रि०पु० बल का विशेष उत्तरदायित्व आन्तरिक सुरक्षा की समस्याओं को सुलझाने में सिविल पुलिस को सहायता देना है। 1950-53 में जम्मू तथा कश्मीर में डा० श्यामा प्रसाद मुकर्जी की हत्या के बाद आन्दोलन से निबटने में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की कम्पनियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1956 में महाराष्ट्र राज्य के पुनर्गठन के समय संयुक्त मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे आन्दोलन से हुई अव्यवस्था को सुव्यवस्थित करने में बल की 5 कम्पनियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। मार्च 1964 को रांची (बिहार) में हुए हिन्दू मुस्लिम दंगों को बल ने बड़े सयंम से शांत किया। 1956 से 63 तक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने दिल्ली में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया, साथ ही महत्वपूर्ण विदेशी व्यक्तियों के आगमन पर, तस्कर विरोधी अभियान,

राज्य कर्मचारी आंदोलन में स्थानीय प्रशासन की बहुत मदद की। 1963 में हजरत मोहम्मद के पवित्र बाल खो जाने पर जम्मू कश्मीर में जो अशांति फैली उसको शान्त करने में बल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। असम के मैदानी इलाकों में जब भाषा विवाद ने उग्र रूप धारण किया तब बल की कम्पनियां वहाँ तुरन्त भेजी गईं। वह समस्या शान्त होने को ही थी कि दिसम्बर 1967 में शिलांग के पहाड़ी क्षेत्र के आन्दोलन ने उग्र रूप धारण किया जिसको शांत करने में बल की भूमिका सराहनीय थी। 1966 में पंजाबी सूबा की माँग और अकाली दल आन्दोलन से निपटने में बल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मार्च 1967 में डी.ए.पी. के द्वारा हुई हड़ताल के समय ड्यूटी को बल ने जिस निपुणता से निभाया वह अपने आप में एक अनोखा उदाहरण है। 1969 में आन्ध्र प्रदेश में तेलंगना आन्दोलन को शांत करने में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उच्चतम न्यायालय में 1972 में फैसले के बाद आन्दोलन जोर से भड़का उस समय भी बल ने बड़ी सूझबूझ से इसको शांत किया।

1970-71 में जब पश्चिम बंगाल में नक्सलवादी लोग अपने चर्मोत्कर्ष पर थे दिन रात राजनैतिक हत्याएं और लूटमार हो रही थीं, तब बल की बटालियन ने इस में जिस प्रकार भूमिका निभाई वह अपने आप में एक उदाहरण है। मध्य 71 में पश्चिमी बंगाल में बल की 95 कम्पनियां कार्यरत थीं। 1972 में चुनाव करवाने के बाद राज्य में शांति स्थापित की गई। मई 1973 में एक पुस्तक में हजरत मोहम्मद के चित्र से जम्मू-श्रीनगर में जो हिंसात्मक आन्दोलन हुए उनमें 22 बटालियन के 127 सदस्य जख्मी हुए किन्तु बल के सदस्यों ने दृढ़ता और संयम से आन्दोलन को शांत किया। 1973 में चोग्याल के खिलाफ सिक्किम के आन्दोलन और पुनः 1974 में चुनाव करवाने और चुनी हुई सरकार के खिलाफ चोग्याल समर्थकों के आन्दोलन को बल के सदस्यो ने दृढ़ता से शांत किया। मई 1973 में उत्तर प्रदेश में पी० ए० सी० द्वारा की गई हड़ताल के समय बल के सदस्यों ने पूरे प्रदेश में शांति एवं व्यवस्था बनाने में स्थानीय प्रशासन की बहुत मदद की। 15 मई 1974 को दिल्ली के सदर बाजार में हुए दंगों को बल के सदस्यों ने जिस सूझबूझ और अल्प समय में शांत किया उससे बड़ी हानि होने से बच गई। 8 से 28 मई 74 तक रेलवे कर्मचारियों के द्वारा की गई हड़ताल के समय बल के सदस्यों ने मुख्य प्रतिष्ठानों की सुरक्षा की और रेलों के न चलने से होने वाली बहुत बड़ी हानि को बचाया। 1976 में कलकत्ता में आयोजित टेनिस स्पर्धा में जिस में 22 देशों ने भाग लिया, खिलाड़ियों की सुरक्षा जिस उचित ढंग से हुई वह बेमिसाल है। असम में विदेशी नागरिकों को लेकर जो आन्दोलन अभी जारी है उससे असम में होने वाली बहुत बड़ी हानि को बचाने में बल द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा हर स्तर पर हुई है। अगस्त 1980 में मुरादाबाद से भड़के साम्प्रदायिक दंगे, जिन्होंने पूरे उत्तर प्रदेश बिहार आदि प्रदेशों को अपनी चपेट में ले लिया था, को शांत करने में बल ने सजग भूमिका निभाई। पूर्वी क्षेत्र के प्रदेश नागालैण्ड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, मेघालय में 1968 से आज तक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने विद्रोहियों के खिलाफ होने वाली कार्रवाइयों में स्थानीय प्रशासन एवं सेना की जो सहायता की उसका एक अलग इतिहास है। बल ने इस इलाके में बड़े गौरवपूर्ण कार्य किए। 1981 में पंजाब में कुछ स्वार्थी लोगों के द्वारा चलाए

गए “खालिस्तान आन्दोलन” को लेकर जो हिंसा पंजाब व आसपास के इलाकों में भड़की उसको शांत करने में बल ने हमेशा महत्वपूर्ण योगदान किया। देश में होने वाले चुनावों, मध्यावधि चुनावों से पूर्व, दौरान और बाद में कानून और व्यवस्था बनाने में बल ने हमेशा ही महत्वपूर्ण योगदान किया।

इस फोर्स की विशेष कार्य प्रणाली के कारण ही सन् 1983 से सी० आर० पी० का मुख्य कार्यक्षेत्र पंजाब हो गया है जहाँ आतंकवाद की विकट समस्या सुरसा राक्षसी के समान अपना विकराल मुंह फाड़े देश को अलग अलग टुकड़ों में निगलने के लिए अपनी जुबान लपक रही है। लेकिन इसकी प्रचण्ड ज्वाला से विचलित हुए बिना हमारे जवान अविराम अपने कर्तव्य का पालन अपने प्राणों की आहुति देकर देश की एकता और अखण्डता को बनाए रखने के लिए कर रहे हैं।

आज पंजाब में इस फोर्स की 109 कम्पनियाँ तैनात हैं। पंजाब के खूनी इतिहास को इस अवधि में इस बल की भी भारी क्षति हुई है। यह लेख लिखे जाने तक उपलब्ध आकड़ों के अनुसार अभी तक हमारे 81 जवानों ने अपने प्राण गवाए हैं और विभिन्न मुठभेड़ों में 162 जवान घायल हुए हैं। पंजाब में तैनाती के बाद पिछले छः वर्षों में इस बल ने बहुत नाम कमाया है और इसकी कर्त्तव्य निष्ठा से उत्कृष्ट परिणाम निकले हैं। अब तक इस फोर्स ने प्रथम और दूसरी श्रेणी के कूल 65 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। इस फोर्स ने अब तक 2,764 हथियार जब्त किए हैं जिसमें 320 ए० के० 47 असौल्ट रायफल, 9 एल. एम. जी., 17 राकेट लांचर, 2 एम० एम० जी० और 167 स्टेन गन शामिल हैं।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का कार्यक्षेत्र देश के बाहर तक भी बढ़ा दिया गया है। जबसे इसकी दो बटालियनें और महिला बटालियन की एक कम्पनी को श्रीलंका में भारतीय शांति रक्षा सेनाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने के लिए तैनात किया गया है। इस तरह सी०आर०पी०एफ० देश ही नहीं वरन् विदेशों में भी अपना नाम कमा रही है। लेकिन इस बल ने यह नाम बिना त्याग किए नहीं कमाया है। अपना कर्त्तव्य निभाते हुए हमारे सैकड़ों अधिकारियों और जवानों ने अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। इस प्रक्रिया में इस बल को एक पद्मश्री, एक वीर चक्र, 110 राष्ट्रपति के पुलिस पदक तथा 216 पुलिस पदक मिले हैं। केवल पिछले वर्ष ही हमारे जवानों ने रिकार्ड संख्या में 38 शौर्य पदक प्राप्त किए हैं।

विविध

सी० आर० पी० एफ० केवल आंतरिक सुरक्षा और व्यवस्था अथवा आतंकवाद या उपद्रव से ही नहीं निबटती बरन् खेल जगत में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान रखती है। हमें गर्व है कि इस बल ने देश को रंधावा, हरीचन्द और खजान सिंह जैसे खिलाड़ी उपलब्ध कराए हैं। इससे इस बल का ही नहीं वरन् खेल जगत में देश का भी नाम रोशन हुआ है और सम्मान मिला है। आज भी इस फोर्स में हमारे पास 4 अर्जुन अवार्ड विजेता हैं।

अपने गौरवमय इतिहास के 50 वर्ष पूरे कर इस बल ने 27 जुलाई, 1989 को स्वर्ण जयन्ती मनाई। इस अवसर पर दिल्ली में माननीय गृह मंत्री श्री बूटा सिंह जी ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल पर विशेष डाक टिकट जारी कर इस बल का नाम भारतीय इतिहास के पन्नों में सदा के लिए अंकित कर दिया है। 60 पैसे के इस रंगीन डाक टिकट में नेहरु जी को इस बल के गार्ड का निरीक्षण करते हुए दर्शाया गया है। यह एक अनुकूल और गौरव की बात है कि इस चित्र को भी नीमच में ही उतारा गया था जब 8 अप्रैल 1954 को तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री जवाहरलाल नेहरु नीमच आए थे। इसके चित्रकार और डिजाइनर श्री हैदरअली भी "नीमच" के ही हैं। बड़े गर्व की बात है कि जहा से इस बल का जन्म हुआ, स्वर्ण जयन्ती अवसर पर जारी डाक टिकट में अंकित चित्र भी उसी पावन भूमि पर लिया गया है।

चुनौती पूर्ण भविष्य

आज राष्ट्र के सामने अनेक प्रकार की समस्याएं हैं जैसे बेकारी, शिक्षित बेरोजगारी, महंगाई, वस्तुओं का अभाव, आर्थिक असमानता, भ्रष्टाचार, आरक्षण एवं कमजोर वर्ग का संरक्षण, बाल अपराध, सम्प्रदायवाद, जातिवाद, भाषावाद आदि। इनसे आए दिनों जो उपद्रव, बलवा आदि होते रहते हैं उसमें इस बल की अहम एवं विशिष्ट भूमिका है। समाज में फैली अराजकता और अपराध की स्थिति से निबटना एक चुनौती बन गया है। इन सभी उपद्रवों से इस बल को निबटना है क्योंकि यह आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरनाक है और अव्यवस्था फैलाते हैं। इस बल के पास इन चुनौतियों का सामना करने के लिए असीम योग्यताएं हैं और यह तटस्थ रहकर उनका सामना कर सकती है।

फोर्स के सामने एक चुनौती यह है कि कानून और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में ताल-

मेल स्थापित करना और हिंसा तथा व्यवस्था के बीच संतुलन बनाना है। एक और जहां दमनकारियों को खदेड़ना आवश्यक होता है वहीं दूसरी और यह भी ध्यान रखना होता है कि जन-मानस का अहित न हो।

श्वेतपोश अपराधों से निबटने की एक अन्य चुनौती सामने है। यह इसलिए अधिक दुष्कर कार्य होता है कि यह अपराध प्रतिष्ठा प्राप्त व्यक्तियों द्वारा किए जाते हैं जिसमें ये कानून और व्यवस्थाओं को ताक में रख कर अपने निजी स्वार्थ पर मनमाना व्यवसाय करते हैं। श्वेतपोश अपराध राष्ट्र और समाज के लिए अभिशाप हैं। इसलिए यदि यह कहा जाए कि इनसे निबटने में हमारी भूमिका महत्वपूर्ण होगी तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

सम्प्रदायवाद एक अलग चुनौती है जिसमें इस को द्वन्दमय भूमिका निभानी पड़ती है। सम्प्रदायवाद का विष गुप्त रूप से अपना प्रभाव फैलाता है और दगाबाज इसका सहारा लेकर देश का विभाजन तक करा देते हैं। भारत पाक विभाजन इसका जवलन्त उदाहरण है। ऐसी दोहरी भूमिका निभाने में कई तरह की जोखिम उठानी पड़ती है। एक और जहाँ इसे जनता की अन्तरात्मा बनाना पड़ता है वहीं दूसरी और सरकारी

नीतियों का भी कार्यान्वयन करने के लिए आदेशों का सख्ती से पालन करना पड़ता है।

इस फोर्स में महिला बटालियन अलग से है और आज के बदलते परिवेश में महिला पुलिस की विशिष्ट भूमिका है। पिछली चार दशाब्दियो में भारतीय समाज में भारी परिर्वतन के फलस्वरूप भारतीय समाज में प्राचीन परम्परागत संस्थाओं और मूल्यों में बहुत अधिक दबाव पड़ा है। जनसंख्या में अपार वृद्धि हुई है, विज्ञान और प्रोद्यौगिकी क्षेत्र में विलक्षण प्रगति हुई है। प्राचीन नैतिकता के स्तर में गिरावटें आई हैं। शहरी क्षेत्र में प्रसार के कारण नये-नये अपराध उत्पन्न हो रहे हैं।

समाज में आर्थिक, राजनतिक और सामाजिक संघर्ष चल रहे हैं। भाषायी, प्रांतीय, और जातीय दंगे हो रहे हैं, विद्यार्थियों का असंतोष और आरक्षण की समस्या बढ़ रही है। विभिन्न प्रकार के प्रदर्शन हो रहे हैं। इन सभी में आज की प्रबुद्ध महिलाएं भी आगे आ रही हैं। इन महिलाओं का सामना करने के लिए सरकार को महिला पुलिस की विशेष जरूरत है। इस जरूरत को हमारी सी०आर०पी० की महिला जवान सिविल पुलिस के साथ मिलकर पूरा कर रही है।

स्वभाव से कोमल, सहनशील और सरल महिलाएं कभी-कभी मनोवैज्ञानिक, पारिवारिक अथवा सामाजिक परिस्थि तिवश अपराध भी करने लगती हैं। सौतियाडाह, असफल प्रेम, चारित्रिक लांछन, सामाजिक तिरस्कार, पारिवारिक तनाव, बाँझपन, प्रतिशोध की भावना के कारण महिलाओं ने अनेक अपराध विवश होकर किए हैं, जिसकी कार्रवाई, पूछताछ, जाँच के लिए महिला पुलिस की जरूरत होती है। बाल अपराध को रोकने में भी इसकी जरूरत है।

आतंकवाद से निबटना आज की सबसे बड़ी चुनौती है। आतंकवादियों की क्षणिक इच्छाएं उनकी मानची अन्तर दृष्टि को अंधा बना देती है। आतंकवाद मनोवैज्ञानिक युद्धकला है। अपने निजी प्रलोभन में आकर आघात करना ही उनका कार्य है। लोगों में भय और आतंक फैलाना उनका उद्देश्य है। समाज में सनसनीखेज खबरों को व्याप्त करना उनका काम है, ताकि एक अजीब सा भय लोगों में समा जाए और उन्हें मनमरजी करने का अवसर मिल जाए। इसके लिए आतंकवादी अनेक प्रकार के कृत्य करते हैं। जिसमें विमान अपहरण, निर्दोष लोगों की हत्या, रेल और बसों को लूटना, पुलों और अस्पतालों को उड़ाना, महत्वपूर्ण लोगों की हत्याएं एवं अनेक तरह की अन्य विध्वंसक कार्रवाई करते हैं।

सबसे बड़ी चुनौती तो यह होगी जब आतंकवादी आणविक संसाधनों का प्रयोग करने लगेंगे। इसकी सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता कि असफल होने पर क्रुद्ध और क्रूर आतंकवादी आणविक अस्त्रों का प्रयोग मानवता के विरुद्ध कर सकते हैं और सम्पूर्ण मानवता को विनाश के गर्त में ढकेल सकते हैं। आणविक अस्त्र अधिक विनाशकारी और भय फैलाने वाले होने के कारण उनके लिए आकर्षण के केन्द्र बन गये हैं। भाग्यवश अणु आतंकवाद से भारत अभी तक मुक्त है लेकिन भविष्य में इसकी चिन्ता को नकारा नहीं जा सकता, क्योंकि हमारे सुरक्षा बलों पर वे राकेटो से तो प्रहार

करने हो लगे हैं। आतंकवादी कार्यावाही में अनेक विचित्रताएं देखने को मिली हैं। आतंकवादियों का कोई भी लक्ष्य उनकी पहुंच के बाहर नहीं होता। इसलिए इस चुनौती का सामना करना सबसे बड़ी चुनौती है। आतंकवादी शीघ्र निर्णयी होते हैं और इनका कार्य प्रतीकात्मक तथा प्रतिशोधात्मक होता है।

इस चुनौती से निबटने के लिए प्रशिक्षण में विशिष्ट नवीकरण किया जाए एवं कमांडैंट कोर्स चलाया जाए। आतंकवाद के असाध्य कैंसर रोग से निबटने के लिए आतंकवाद विरोधी प्रशिक्षण दिया जाए। इसमें सुरक्षा बलों के अलावा राष्ट्रीय अन्तर विवेक को जागृत करना होगा और आतंकवादियों को नियंत्रित और निर्मूल करने के लिए राष्ट्र की जनसंख्या में विशाल बहुमत और समर्थन प्राप्त करना होगा।

हमारी फोर्स में आतंकवाद के रणकौशल का अधिक ज्ञान और आधुनिकतम शस्त्रों का ज्ञान करना होगा। इस बीमारी को बढ़ने देने के बजाए इस पर एहतियात बरतना होगा। हमें जनता का विश्वास जीत कर खुफिया तौर पर इसका नाश करना होगा।

इस सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता कि इन चुनौतियों को मद्देनजर रखते हुए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों को आतंकवाद विरोधी विशेष प्रशिक्षण दिया जाए। हो सकता है कि उसे आणविक शस्त्रों का भी ज्ञान कराया जाए क्योंकि उसके प्रयोग की भी सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। इस बल को अधिक विकसित किया जाय। तत्काल पहुंच के लिए इसे हेलीकाप्टर उपलब्ध कराए जाएं लोगों की मन स्थिति और गुप्त सूचना जानने के लिए खुफिया ज्ञान का प्रशिक्षण दिया जाए।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का अनुशासन उच्च कोटि का है। इसकी निष्ठा सन्देह से परे है। इसका आदर्श गरिमामय है। इसके सिद्धान्त सुनहरे हैं। इसकी सेवा निःस्वार्थ और राष्ट्र को समर्पित है। इसकी सफलता में कोई सन्देह नहीं है। हमें गौरवमय बल पर बड़ा गर्व है।